■ वर्ष-23 ■ अंक-224
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ सोमवार ■ 16 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत्-2082
E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत




भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित
एक संदेश-पूरा देश
म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र
ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## केन्द्रीय गृहमंत्री ने गुवाहाटी में स्वास्थ्य क्षेत्र को दीं बड़ी सौगातें

### शिलान्यास के साथ ही कई परियोजनाएं हुईं उद्घाटित



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में की जा रही पहल की सराहना करते हुए कहा कि असम तेजी से बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि करीब दस वर्ष पहले असम की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद जर्जर स्थिति में थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस सरकारों ने आम लोगों के स्वास्थ्य की पर्याप्त चिंता नहीं की।

शाह ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से अब स्थिति तेजी से बदल रही है और राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगन और दूरदर्शिता के साथ काम करते हुए असम की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे विकसित राज्यों के समकक्ष लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि राज्य में अत्याधुनिक प्रोटोन थेरेपी तकनीक स्थापित करने की तैयारी की जा रही है, जिसकी लागत लगभग 400 करोड़ रुपये होगी। यह तकनीक आम तौर पर बहुत महंगी होती है और अभी देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। इसके लागू होने के बाद असम देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा, जहां सरकारी कैंसर अस्पताल में प्रोटोन थेरेपी की सुविधा मिलेगी। शाह ने कहा कि गुवाहाटी में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया गया है। इसके अलावा गोलाघाट और तीनसुखिया में कैंसर केंद्रों की स्थापना की जा रही है। साथ ही दीफू, बरपेटा और जोरहाट में नए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों तथा अभयापुरी जिला अस्पताल के शिलान्यास का कार्य भी किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी इतनी बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत असम को चिकित्सा सुविधाओं के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का लक्ष्य है कि राज्य का कोई भी मरीज इलाज के लिए बाहर न जाए और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों तथा पश्चिम बंगाल के गरीब मरीज भी असम आकर बेहतर इलाज प्राप्त कर सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में असम पूर्वोत्तर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

### 5 वर्षीय कार्ययोजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान

## प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे 'गीता भवन' : मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए गीता भवन परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है। इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे सांस्कृतिक केंद्र

प्रत्येक गीता भवन को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके प्रमुख घटकों में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम वृहद स्तर पर सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के लिये ज्ञान का केंद्र ज्ञानार्जन के लिए समृद्ध लाइब्रेरी एवं हाई-टेक ई-लाइब्रेरी। व्यावसायिक एवं जन-सुविधाएं कैफेटेरिया और विशेष रूप से पुस्तकों एवं आध्यात्मिक सामग्री के लिए समर्पित विक्रय केंद्र शामिल हैं।



### 4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपये), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपये), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है और जिला कलेक्टरों के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रचलन में है।

### घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश



**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है। अत: उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें 7 देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे। एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## भारतीय श्रद्धालुओं की बस गहरी खाई में गिरी, 7 की हुई मौत




**काठमांडू।** नेपाल के पहाड़ी रास्तों पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। शनिवार शाम गोरखा जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम सात भारतीय श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह दुखद घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु प्रसिद्ध मनकामना मंदिर में दर्शन कर वापस लौट रहे थे। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, श्रद्धालुओं को ले जा रही एक इलेक्ट्रिक माइक्रोबस साहिद लखन ग्रामीण नगरपालिका के कंतार क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई और गहरी खाई में जा गिरी। गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक राज कुमार श्रेष्ठ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस हादसे में सात अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बचाव दल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए चितवन जिले के भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, माइक्रोबस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे, जिसके चलते हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई थी। गोरखा के मुख्य जिला अधिकारी तुलसी बहादुर श्रेष्ठ ने बताया कि वाहन मनकामना मंदिर से पश्चिम की ओर तनहूं जिले के अनबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रहा था। हालांकि, यात्रियों के गंतव्य को लेकर अभी पूरी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है।पुलिस अभी हादसे के सटीक कारणों की जांच कर रही है, लेकिन प्राथमिक दृष्टि में पहाड़ी सड़क के तीखे मोड़ पर चालक का नियंत्रण खोना दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। गौरतलब है कि नेपाल के इस क्षेत्र में भारतीय तीर्थयात्रियों के साथ होने वाला यह पहला बड़ा हादसा नहीं है। इससे पहले अगस्त 2024 में भी अनबुखैरेनी के पास एक बस दुर्घटना में 27 भारतीय श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई थी।

## असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग

### बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को मतदान, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोटिंग, 4 मई को रिजल्ट

**नई दिल्ली।** देश के निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलानकर दिया है। इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक चरण में वोटिंग होगी। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोटिंग कराई जायेगी। सभी पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित होंगे। प्रेस कान्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र की नींव पारदर्शी मतदाता सूची होती है. इसी उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो. मैं इस कार्य के सुचारू संचालन और पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए सभी बूथ स्तरीय अधिकारियों, सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों, मतदाता



पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और इस कार्य में शामिल सभी चुनाव अधिकारियों को बधाई देता हूं। आयोग ने एसआईआर के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को भी प्रोत्साहित किया. आयोग ने युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से भी संवाद किया, साथ ही हमारे स्वीप आइकॉन से भी बातचीत की, जो मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं. उन्होंने आगे कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, ये पांच राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भारत के अलग-अलग भौगोलिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं. ये चुनाव केवल एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को भी दर्शाते हैं और हमारे देश की एकता और विविधता को सच्चे रूप में प्रतिबिंबित करते हैं। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए सभी चुनावी राज्यों का दौरा किया. इस दौरान आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से मुलाकात की और उनके सुझाव प्राप्त किए. उन्होंने आगे कहा कि आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों, एसपी, आईजी, डीआईजी और सभी प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों से भी मुलाकात की. इसके अलावा आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ भी बैठकें कीं। उल्लेखनीय है कि 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था. पिछली बार बंगाल विधानसभा का चुनाव आठ चरणों में कराया गया था. 2021 में सबसे पहले पश्चिम बंगाल का 7 मई, तमिलनाडु का 10 मई, असम का 20 मई और केरल विधान सभा का कार्यकाल 23 मई को पूरा हो रहा है. पुडुचेरी विधान सभा का कार्यकाल सबसे बाद यानी 15 जून को समाप्त हो रहा है।

## राहुल गांधी ने कांशीराम जयंती पर किया नमन



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और समाज सुधारक कांशीराम की जयंती के अवसर पर देश के कई राजनीतिक नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांशीराम को नमन करते हुए कहा, कि कांग्रेस बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी खड़ी थी, आज भी है और आगे भी हमेशा खड़ी रहेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कि बहुजन नायक कांशीराम का गरीबों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए किया गया संघर्ष और समर्पण देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि कांशीराम का मानना था कि संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों की असली ताकत है। राहुल गांधी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि आज संविधान खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहेब के संविधान की शपथ लेकर सत्ता में बैठे लोग ही उसे कमजोर करने में लगे हैं।

## कुलदीप को बाबा बागेश्वर ने दिया आध्यात्मिक उपहार

**मसूरी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर कुलदीप यादव और उनकी बचपन की मित्र वंशिका के विवाह समारोह में अध्यात्म और खेल का अनूठा संगम देखने को मिला। मसूरी के प्रतिष्ठित सेवॉय होटल में आयोजित इस हाई-प्रोफाइल शादी में सबकी नजरें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर टिकी रहीं। बाबा बागेश्वर ने इस खास मौके पर दूल्हे कुलदीप यादव को दो अत्यंत विशेष और आध्यात्मिक उपहार भेंट कर उन्हें जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विवाह की रस्मों के बीच पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कुलदीप यादव को सबसे पहले बालाजी की पटकी पहनाई, जो सौभाग्य और दैवीय रक्षा का प्रतीक मानी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने नवदंपति को बालाजी का भव्य चित्र भेंट किया। उपहार देने के बाद उन्होंने वैदिक रीति-रिवाजों के बीच वर-वधू पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

उपहारों का यह चयन कुलदीप की आस्था और बाबा बागेश्वर के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है। इस भव्य समारोह में क्रिकेट जगत के कई दिग्गज सितारे भी मौजूद रहे। युजवेंद्र चहल, रिंकू सिंह, सुरेश रैना, तिलक वर्मा, मोहम्मद कैफ और भारतीय टीम के




फील्डिंग कोच टी. दिलीप ने शिरकत की। शनिवार शाम करीब पांच बजे धूमधाम से बारात निकाली गई, जिसमें मेहमानों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर डांस किया। रात आठ बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे संपन्न हुए, जिसमें कुलदीप और वंशिका पारंपरिक परिधानों में बेहद खुश नजर आए। शादी के मेन्यू में उत्तराखंड की संस्कृति की झलक साफ दिखाई दी। मेहमानों को मंडुवे की रोटी, लाल चावल, गहत की दाल, फाणु, चैंसू, कंडाली का साग और कुमाउंनी रायता जैसे शुद्ध पहाड़ी व्यंजन परोसे गए। साथ ही भांग की चटनी और झंगोरे की खीर ने अतिथियों का स्वाद दोगुना कर दिया।

व्यवस्था | पैनिक होने की जरुरत नहीं, स्टॉक है भरपूर

## आधा दर्जन जहाज कुकिंग गैस लेकर पहुंचे भारत




**नई दिल्ली।** शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, दुनियाभर के कई देशों से करीब आधा दर्जन जहाज गैस लेकर भारत पहुंचे है। कहीं कोई कमी नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि फारस की खाड़ी में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। बीते 24 घंटे में इनसे जुड़ी किसी नकारात्मक घटना की कोई सूचना नहीं मिली है। 14 मार्च को मैंने बताया था कि होर्मुज के पश्चिम में फारस की खाड़ी में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज थे। जिनमें से 2 एलपीजी लिए हुए जहाज शिवालिक और नंदादेवी हैं। इन्होंने आज तड़के होर्मुज की खाड़ी पार कर ली है और अब ये भारत की तरफ बढ़ रहे हैं। दोनों जहाजों में कुल करीब 92 हजार 700 मीट्रिक टन एलपीजी है। इनका आगमन बंदरगाह मुंद्रा और कांडला होगा। 16 और 17 मार्च को ये दोनों देश पहुंचेंगे। जिसके बाद अब फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या 22 रह जाती है, जिनमें 611 नाविक सवार हैं। मंत्रालय व शिपिंग महानिदेशक इन सभी जहाजों और नाविकों की स्थिति की बेहद करीब से निगरानी कर रहे हैं। जहाज के मालिकों, अन्य एजेंसियों और भारतीय मिशन के साथ मिलकर हम काम कर रहे हैं। डीजी शिपिंग के कंट्रोल रूम (डीजी कॉम) में बीते 24 घंटे में 312 कॉल, 407 ईमेल प्राप्त हुई हैं। जो कि नाविकों और उनके परिवारों के द्वारा या समुद्री क्षेत्र के भागीदारों द्वारा की गई हैं। इन सभी के जवाब दिए गए हैं। इस प्रकार से बीते 15 दिनों में करीब ढाई हजार से ज्यादा फोन कॉल और करीब 5 हजार ईमेल प्राप्त हुए हैं। इनका जवाब दिया गया है। सिन्हा ने कहा, बीते 24 घंटे में 30 भारतीय नाविकों को खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, हवाई अड्डों से सफलतापूर्वक देश वापस लाया गया है। जिसके बाद अब तक भारत आए लोगों की संख्या 253 हो गई है। समुद्री व्यापार पर कम से कम प्रभाव पड़ने के मामले पर सरकार बंदरगाहों, शिपिंग लाइंस और लॉजिस्टिक स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम कर रही है। बंदरगाहों को ये निर्देश दिया गया है कि शिपिंग लाइंस और कार्गो मालिकों को राहत दी जाए। जिसमें बर्थ हायर, लंगर डालने और स्टोरेज के चार्जेज में रियायत शामिल है। कुछ मामलों में लीज का एक्सटेंशन भी दिया गया है। ताकि अगर कोई एक्सपोर्ट कार्गो रिटर्न या कैंसिल होता है तो उनको भी समायोजित किया जा सके। जैसे कामराजार पोर्ट लिमिटेड, वहां पर 25 हजार मीट्रिक टन कार्गो में ये व्यवस्था लागू हुई है। बाकी पोर्ट पर भी ऐसी व्यवस्था चल रही है। एलपीजी कैरियर्स को प्राथमिकता के आधार पर सभी बंदरगाहों पर लंगर डालने का निर्देश दिया गया है। जिससे निर्बाध गति से ऊर्जा की सप्लाई बरकरार रखी जा सके।

### जहाजों की सुरक्षा को लेकर एडवायजरी जारी

बंदरगाहों पर माल से लदे हुए जहाजों को भी सुरक्षित लंगर डालने दिया जा रहा है। ये वो जहाज हैं, जो खाड़ी संकट की वजह से फिलहाल आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और अपने तमाम मिशन के साथ निकट संपर्क और समन्वय के जरिए उभरते हुए हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिसमें शिपिंग कंपनियां और बाकी समुद्री भागीदार भी शामिल हैं। ताकि इससे सभी भागीदारों को सुरक्षा, कल्याण और समयबद्ध रूप से सहायता प्रदान की जा सके।

## तमिलनाडु में टीवीके से गठबंधन करना चाहती है भाजपा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी और टीवीके के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत आखिरी दौर में है। बीजेपी की कोशिश है कि अभिनेता विजय की पार्टी को एनडीए के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए पार्टी कई रास्तों से विजय से संपर्क कर रही है, जिसमें दूसरे राज्य के एक उपमुख्यमंत्री को बिचौलिया बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट में बीजेपी सूत्रों के हवाले से बताया कि विजय को एक बड़ा ऑफर दिया गया है। अगर गठबंधन चुनाव जीतता है, तो विजय को उपमुख्यमंत्री का पद मिल सकता है। साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी ने उनकी पार्टी को करीब 80 सीटें देने का प्रस्ताव रखा है। पेंच अभी इस बात पर फंसा है कि विजय खुद सीएम बनना चाहते हैं और इसी मुद्दे पर बातचीत अटकी है। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी को लगता है कि विजय के प्रशंसकों की भारी संख्या




तमिलनाडु चुनाव में खेल कर सकती है। रणनीतिकारों का मानना है कि राज्य के कड़े मुकाबले में अगर सिर्फ 2 फीसदी वोट भी इधर-उधर होते हैं, तो जीत-हार का फैसला बदल सकता है। विजय के आने से बीजेपी को राज्य के चुनावी समीकरण अपने पक्ष में मुड़ने की उम्मीद है। दूसरी ओर विजय के करीबी सलाहकारों में इस गठबंधन को लेकर थोड़ी बेचैनी है। उन्हें डर है कि इतनी जल्दी किसी बड़े राष्ट्रीय गठबंधन का हिस्सा बनने से उनकी पार्टी की साख पर बुरा असर पड़ सकता है। विजय ने राजनीति में अपनी पहचान एक नए और स्वतंत्र विकल्प के रूप में बनाई है।

# घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश

**आकाश दुबे- समय जगत, ग्वालियर।** अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है।

अतःउपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें । देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुंच जायेंगे। एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।



पीएनजी गैस का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि वह अनावश्यक रूप से एलपीजी गैस बुकिंग नहीं करें।

पेट्रोल, डीजल, घरेलू पीएनजी तथा सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है और इनकी आपूर्ति भी निरंतर एवं बिना कटौती के जारी रहेगी।

गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की जा रही है। समस्त जिला कलेक्टर को निर्देश दिए गए है कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए।

जिला प्रशासन गलत सूचनाओं का प्रसार और अफवाहों को सख्ती से रोकें और उपभोक्ताओं तक मीडिया के माध्यम से सही सूचना पहुंचाएं। नागरिकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाए और सूचना-तंत्र मजबूत कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर श्री अजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है तथा प्रदेश के 11 बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में पर्याप्त सिलेण्डर उपलब्ध हैं। घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि विगत अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुनः बुकिंग करायें। प्रशासन द्वारा वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध स्टॉक का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं वैकल्पिक ईंधन स्त्रोतों को अपनाने की सलाह भी दी गयी है।

जहां पीएनजी लाइन उपलब्ध है वहां पीएनजी के कनेक्शन लेने और जिन कामो में गैस ज्यादा खर्च होती है उनको नियंत्रित करने एवं विकल्प तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रदेश में घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति जारी है, उपभोक्ता अनावश्यक रूप से अफवाहों से भ्रमित न हों। देश की रिफायनरी उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं तथा पश्चिम एशिया के अतिरिक्त अन्य स्थानों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

# विदिशा अक्षांश-देशांतर पर आधारित शिव पंचांग का किया गया वितरण

## ब्राह्मणों के साथ हुआ शास्त्रीय संवाद

**समय जगत, गंजबासौदा।** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में रविवार को विदिशा जिले के अक्षांश-देशांतर पर आधारित श्रीशिव पंचागम का विमोचन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आचार्य, शास्त्री और बटुक ब्राह्मण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों को पंचांग का वितरण किया गया। मालूम हो कि हिंदू पंचांग के अनुसार हिंदी तिथि के अनुसार गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि नव संवत्सर नए वर्ष का आरंभ हो जाता है। पंचांग का निर्माण और प्रकाशन विदिशा (कागपुर) निवासी विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज व्यास शास्त्री द्वारा किया गया है। वे पिछले लगभग पांच वर्षों से जिले भर में ब्राह्मणों और आचार्यों को निःशुल्क पंचांग का वितरण कर रहे हैं। उनके इस प्रयास का उद्देश्य सनातन परंपरा के अनुसार तिथि, व्रत, पर्व और धार्मिक संस्कारों की सही जानकारी समाज तक पहुंचाना है।



पंडित मनोज व्यास शास्त्री ने इस अवसर पर बताया कि यह पंचांग विदिशा जिले के अक्षांश और देशांतर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे स्थानीय क्षेत्र के अनुसार तिथियों और मुहूर्तों की अधिक सटीक जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पंचांग केवल तिथियों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति और ज्योतिषीय परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि नव संवत्सर के साथ गुड़ी पड़वा से हिंदू नववर्ष का प्रारंभ होगा। ऐसे में पंचांग के माध्यम से व्रत, पर्व, शुभ मुहूर्त और धार्मिक संस्कारों का सही निर्धारण किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मणों और विद्वानों के बीच विभिन्न धार्मिक विषयों पर विस्तृत संवाद भी हुआ। विशेष रूप से व्रत-त्योहारों और तिथियों को लेकर आम जनमानस में उत्पन्न होने वाले भ्रम के विषय पर चर्चा की गई। पंडित मनोज व्यास शास्त्री ने शास्त्र सम्मत आधार पर अपने विचार रखते हुए बताया कि पंचांग के सही अध्ययन और शास्त्रों के अनुरूप निर्णय से ऐसे भ्रमों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्वानों के बीच आपसी संवाद और शंका समाधान की परंपरा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि धर्म से जुड़ी सही जानकारी समाज तक पहुंच सके। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जहां ब्राह्मण अपनी शंका समाधान के लिए संवाद कर सकते हैं। इस अवसर पर पंडित रामचरण चतुर्वेदी, पंडित पुरुषोत्तम भार्गव, पंडित मुन्नालाल शास्त्री, पंडित संजय भार्गव, पंडित चिरोंजीलाल दुबे, पंडित रामचंद्र जिजोरिकर, पंडित निर्मल कुमार भृगु सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक ब्राह्मण, आचार्य और बटुक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह से धार्मिक और आध्यात्मिक भाव से ओतप्रोत रहा।

उपस्थित विद्वानों ने पंचांग वितरण की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सनातन संस्कृति, ज्योतिष परंपरा और धार्मिक ज्ञान के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## जिला 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त हुआ घोषित

**सिवनी।** संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने संपूर्ण सिवनी जिले को 15 मार्च 2026 से 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। यह आदेश म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधित 2002) की धारा 3 के अंतर्गत जारी किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित हैंडपंपों का जल स्तर लगातार कम हो रहा है।

भू-जल के अत्यधिक दोहन तथा निजी नलकूपों की अधिक गहराई तक खुदाई के कारण शासकीय पेयजल स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट की संभावना है। जारी आदेशानुसार सक्षम अनुमति के बिना किसी भी सार्वजनिक जल स्त्रोत जैसे नदी, नाले, बंधान, स्टॉपडेम, जलाशय, सार्वजनिक कुओं आदि से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसी प्रकार कलेक्टर अथवा प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या संस्था नया नलकूप खनन नहीं करा सकेगी। इसी तरह नलजल योजनाओं से जल प्रदाय के दौरान घरों में मोटर पंप लगाकर प्रेशर से पानी खींचने पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसी स्थिति पाए जाने पर ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय मोटर पंप जब्त करने की कार्रवाई कर सकेंगे। जल संरक्षण और पेयजल के समुचित उपयोग के लिए ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर द्वारा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को विशेष परिस्थितियों में नलकूप खनन, गहरीकरण अथवा साफ-सफाई की अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी घोषित किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 9 के तहत दो वर्ष तक के कारावास अथवा दो हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जा सकेगा। यह आदेश 15 मार्च 2026 से 31 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

## सार संक्षिप्त

### 56 समितियों से कराई ताखलाकलां समिति के गबन की भरपाई

**सिवनी।** समिति में जन उपार्जन के दौरान सामने आए भवन के मामले में किसानों के बकाया भुगतान के लिए करीब 145 करोड़ स्था जिले की 56 सहकारी समितियों से कराया। यह मामला अब प्रदेश की विद्यानसभा तक पहुंच गया है, जहां बालाघाट विद्यायक ने मामले को उठाया। जानकारी के अनुसार मार्च 2024 में जिले की डिफाल्टर ताखलाकला सहकारी समिति को धान उपार्जन का कार्य सौंपा गया था। उस समय जिला उपार्जन समिति में शामिल अधिकारियों-जिला सहकारी बैंक प्रबंधक केके सोनी, उपयुक्त सहकारिता पुष्पेंद्र कुशवाह और खाद्य विभाग के अधिकारी शैलेश मिश्रा-द्वारा खरीदी की जिम्मेदारी समिति को थी। बताया जाता है कि शेष राशि का भुगतान जिला उपार्जन समिति के स्तर पर जिले की 56 सहकारी समितियों के धान कमीशन मद से कराया गया। इन समितियों से कराए गए भुगतान की वापसी कब और किस प्रक्रिया से होगी, इसे लेकर गई स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस मामले को लेकर बालाघाट विधायक मधु भगत ने विधानसभा में के प्रश्न उठाया है। वहीं सिवनी विधायक दिनेश के राय मुनमुन ने कहा कि वे मामले को इन मुख्यमंत्री मोहन यादव के संज्ञान में लाकर सी कार्रवाई की मांग करेंगे 6661.90 क्विंटल धान में पाई गई थी गड़बड़ी धान खरीदी के दौरान समिति प्रबंधक सत्यनारायण बघेल द्वारा लगभग 90 किसानों की 6661.90 क्विंटल धान में गड़बड़ी सामने आई। इस धान की कीमत करीब पौने दो करोड़ रुपए बताई गई। मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने अरी थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धान से भरे दो ट्रक जब्त किए। बाद में धान की नीलामी कराई गई, जिससे प्राप्त 8 लाख 75 हजार 363 रुपए किसानों को भुगतान किए गए। इसके बाद भी लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की राशि किसानों को देय थी।

### अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिये हुआ कलेक्टर श्री श्रोत्रिय का चयन

**टीकमगढ़।** जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का चयन दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाले विशेष अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत के विभिन्न राज्यों से चुनिंदा प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल किया गया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दक्षिण कोरिया जा रहे हैं। उनके साथ मध्यप्रदेश के कुल चार अधिकारी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय अधिकारियों का दल दक्षिण कोरिया की चुनावी प्रणाली, मतदान प्रबंधन, तकनीकी उपयोग और पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था का गहन अध्ययन करेगा। इस दौरान दोनों देशों के निर्वाचन तंत्र से जुड़े अधिकारी अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे और चुनावी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए विचार-विमर्श भी करेंगे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि यह चार सदस्यीय दल भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर दक्षिण कोरिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां की राजनीतिक व्यवस्था के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया और चुनाव प्रबंधन की गतिविधियों को बारीकी से समझा जाएगा। साथ ही भारतीय निर्वाचन प्रणाली के बारे में भी वहां व्याख्यान और प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिससे दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को लेकर बेहतर समझ विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन, डिजिटल वोटिंग सिस्टम, चुनावी पारदर्शिता और तकनीक आधारित मतदान व्यवस्था को समझना है। दक्षिण कोरिया की उन्नत और तकनीक-संचालित चुनाव प्रणाली विश्वभर में उदाहरण मानी जाती है, इसलिए वहां की व्यवस्थाओं का अध्ययन भारतीय अधिकारियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

### पैसे मांगने पर होटल संचालक व उसके साथियों ने की मारपीट

**समय जगत, श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पालीरोड स्थित एक होटल पर बकाया पैसे मांगने पहुंचे डेयरी संचालक के साथ होटल संचालक और उसके साथियों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। श्रीराम कॉलोनी वार्ड नंबर 16 निवासी रामभरत मीणा ने बताया कि वह अपने घर पर दूध डेयरी और किराने की दुकान चलाते हैं। करीब सात माह पहले उन्होंने पाली रोड स्थित राज होटल के सामने संचालित महाकाल होटल के संचालक दिनेश बाथम को पनीर बेचा था, जिसके पैसे अब तक नहीं दिए गए। रामभरत मीणा के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 1 बजे वह अपने भांजे विकास मीणा के साथ बकाया राशि मांगने के लिए महाकाल होटल पहुंचे थे। इस दौरान दिनेश बाथम ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दिनेश बाथम, उसके बड़े बेटे और होटल पर काम करने वाले एक अन्य युवक ने मिलकर दोनों के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। मारपीट में रामभरत मीणा को दाहिनी आंख के नीचे और कंधे पर चोट आई, जबकि विकास मीणा के चेहरे पर खरोंच के निशान आए।

# समाजवादी पार्टी ने मनाई कांशीराम की जयंती, उनके संघर्षों को किया याद

**समय जगत, श्योपुर।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई श्योपुर द्वारा बहुजन समाज के महान नेता कांशीराम की जयंती ग्रामीण अंचल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सरदार मुख्तयार सिंह ने कहा कि कांशीराम जी शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवी शंकर गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांशीराम जी की सोच और उनके सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारे का संदेश दिया, जिसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी देश के हर नागरिक की है। कार्यक्रम में पार्टी के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने कांशीराम के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।



# शेखों के मोहल्ले की कुमैदान मस्जिद में सदर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने रोज़ेदारों के साथ किया रोज़ा इफ़्तार

**टीकमगढ़।** पवित्र रमज़ान के अवसर पर सदर विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला शेखों के मोहल्ले की कुमैदान मज्जिद पहुंचे, जहां उन्होंने नमाज़ अदा करने आए रोज़ेदारों से मुलाक़ात की और सभी को रमज़ान की मुबारकबाद दी। इस मौके पर विधायक बुन्देला ने रोज़ेदारों के साथ बैठकर रोज़ा इफ़्तार किया। इफ़्तार के दौरान उन्होंने आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश देते हुए कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, सब्र और सेवा का पैग़ाम देता है। मज्जिद में बड़ी संख्या में मौजूद रोज़ेदारों ने भी विधायक का स्वागत किया। इफ़्तार से पहले सभी ने देश और प्रदेश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक़्क़ी लिए दुआ की। विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने कहा कि सभी धर्म हमें आपसी प्रेम और सद्‌भाव का संदेश देते हैं और समाज में मिल-जुलकर रहने की भावना को मजबूत करते हैं। रमज़ान का यह पवित्र महीना हमें जरूरतमंदों की मदद करने और इंसानियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और मज्जिद कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, वार्ड नंबर 15 की पार्सल अनीस अहमद अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष खलील खान वरिष्ठ पत्रकार लतीफ अली, , हबीब सूर्य प्रकाश दद्दी, पिंटू जैन, शाहिद खान, गौरव शर्मा पत्रकार सत्तार बाबा पत्रकार मोहसिन अहमद पत्रकार नसीम अली कुमैदान मस्जिद सदर हाजी शेख जफ़र हाजी गोस बाबू जी अब्दुल रज्जाक सदर मोहम्मद रसिल खान एवं कई शेखों के मोहल्ले के लोग शामिल रहे।



# उपभोक्ता अपने अधिकार जानें, तभी रुकेगा बाजार में शोषण

**टीकमगढ़।** बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता सेवाओं के विस्तार के बीच जागरूकता की कमी कई बार उपभोक्ताओं को शोषण और ठगी का शिकार बना देती है। इसी संदेश के साथ विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपभोक्ता जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की सदस्य डॉ. प्रीति सिंह परमार रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी कुलदीप मौर्य ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और संरक्षण के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग स्थापित हैं, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर न्याय प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति सिंह परमार ने कहा कि अधिकांश मामलों में उपभोक्ता जागरुकता के अभाव में ठगी और शोषण का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तो कई प्रकार की आर्थिक हानि और धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से हर खरीदारी पर बिल या रसीद लेने की आदत अपनाने की अपील भी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष जैन ने शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और विभिन्न स्तरों के उपभोक्ता आयोगों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के शोषण या गड़बड़ी की स्थिति में उपभोक्ता कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को सावधानी बरतने और खरीदारी के समय गुणवत्ता, माप और कीमत की जांच करने की सलाह दी।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सार्थक तिवारी ने कहा कि उपभोक्ता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना है। जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त उपभोक्ता बनता है और बाजार व्यवस्था को भी पारदर्शी बनाने में भूमिका निभाता है।

नापतौल विभाग के खुशीलाल रैकवार ने उपभोक्ताओं को नापतौल के समय ध्यान रखने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी और बताया कि सही माप और तौल उपभोक्ता का मूल अधिकार है।

कार्यक्रम के दौरान नापतौल विभाग और खाद्य औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को विभिन्न जानकारियां और नियमों से अवगत कराया गया।

## युवती ने जंगल में पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समय जगत, श्योपुर।** कराहल थाना क्षेत्र के उदमपुर गांव में एक 20 साल की नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवती का शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का कब्जे के लेने के बाद पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी यास्मीन खान के मुताबिक, मृतक रामदुलारी शनिवार शाम को बिना बताए घर से निकली थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो घरवाले उसकी तलाश करने लगे। रविवार को गांव के कुछ लोगों ने जंगल में उसका शव पेड़ से लटका देखा और पुलिस को खबर दी। पुलिस का कहना है कि अभी तक आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है।

पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके और ससुराल पक्ष के बयानों का इंतजार कर रही है, ताकि मौत का असली कारण पता चल सके। फिलहाल पुलिस हर नजरिए से मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि रामदुलारी की शादी तीन साल पहले हुई थी, लेकिन गोना (विदाई) करीब एक साल पहले ही हुआ था। वह होली का त्योहार मनाने अपने मायके गई थी और कुछ दिन पहले ही ससुराल लौटी थी।

# जिला पंचायत फूलमाली समाज राजगढ़ चाचौड़ा की एक अहम बैठक संपन्न

**समय जगत, सारंगपुर।** रविवार को जिला पंचायत फूलमाली समाज राजगढ़ चाचौड़ा की एक अहम बैठक नगर के श्री राम मंदिर मुकेरवाडी पंचायत मे फूलमाली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद के नेतत्व रखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज जन पूर्व सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष रामचरण पुष्पद, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद राजगढ़ , बाग कुआं टंकी अध्यक्ष के एल वर्मा, भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, कैलाश सुमन नरसिंहगढ़, महेश पुष्पद अध्यक्ष राजगढ़, कमल मंत्री हरण खेड़ा, रामबाबू पुष्पद करेड़ी, शिव रामपुरिया, सीताराम मालाकार जीरापुर मनोज मालाकार अध्यक्ष खिलचीपुर, नीरज मालाकार, आनंद मालाकार, श्री मालाकार खिलचीपुर, जगदीश पुष्पद ब्यावरा, राधेश्याम बागवान तारागंज, विष्णु पुष्पद तारागज, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद तलेंनी, जगदीश पुष्पद, जगदीश पुष्पद पचोर, सुनील पुष्पद पचोर राधेश्याम पुष्पद, खारिया पंचायत अध्यक्ष रवि पुष्पद, शिवनारायण काका हीरालाल पुष्पद, गोपाल पुष्पद, सुरेश पुष्पद महेंद्र पुष्पदं राजगढ़ कैलाश पुष्पद, भगत विनोद पुष्पद तारागंज भोलाराम पुष्पद बड़ोदिया जागीर, शिवजी रामपुरिया, मान सिंह पुष्पद पढ़ाना सहित आदि समाज जन अपने विचार रखें और समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने दिलाने का संकल्प लिया साथ ही समाज में कुर्तीयों को समाप्त करने की बात कही बैठक के पूर्व समाज अध्यक्ष शिवनारायण काका द्वारा सभी समाज जनो का भगवा दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया इस दौरान पूर्व सकल पंच फुलमाली समाज सचिव रमेश सिसोदिया, अनोखीलाल पुष्पद संतोष टेलर, विनोद पुष्पद, लोकेश पुष्पद, पंकज बालदिया, सुनील पुष्पद, अनुज पुष्पद, तेज सिंह पुष्पद, धर्मराज पुष्पद, विनोद पुष्पद, जीतेन्द्र पुष्पद सहित बड़ी सख्या मे समाज जन उपस्थिति थे, बैठक में उपस्थित सभी समाज जनों का आभार वरिष्ठ समाज सेवी हीरालाल पुष्पद ने व्यक्त किया।



# हिनौती गौधाम में मास्टर प्लान के अनुसार ही कराये जायें निर्माण काय : डिप्टी सीएम

## निर्माणाधीन गौशेड व गेस्ट हाउस का कार्य 30 तक करें पूर्ण : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**समय जगत, रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में आयोजित बैठक में कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार ही सभी निर्माण कार्य कराये जांय। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि गौधाम में प्रस्तावित गौशेड, भूसा शेड सहित अन्य कार्य व्यवस्थित ढंग से लेआउट देकर प्रारंभ करायें। उन्होंने गौधाम के निर्माणाधीन गौशेड एवं गेस्ट हाउस का कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराकर लोकार्पण कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने विधायक मनगवां द्वारा प्रदत्त की गयी 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से गोपाल, सुरभि एवं नंदिनी गौशेड निर्माण कार्य की प्रगति जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्य 30 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। कामधेनु गौशेड के साथ भूसा शेड का कार्य भी नियत समय तक पूर्ण किये जाने का निर्देश उप मुख्यमंत्री ने दिया। श्री शुक्ल ने उनके स्वयं की विधायक निधि से स्वीकृत 3 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से मास्टर प्लान के अनुसार व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि गौधाम से लगी किसानों की निजी भूमि में गौवंश न जांय यह व्यवस्था सुनिश्चित की जांय। उन्होंने गौशाला संचालन समिति में क्रियाशील सदस्यों को शामिल करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौधाम से लगे नाले में मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी




घोषणा के अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करायें। उन्होंने गौधाम में जल निगम एवं पीएचई द्वारा निर्मित की गयी जन भागीदारी से टंकी व नेटवर्क पाइप लाइन कार्य के लिए विभागीय अधिकारियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर बताया गया कि सभी गौशेड में पानी का कनेक्शन कर दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने गौधाम के लिए शासकीय भूमि का शेष सीमांकन कराने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने गौधाम के लिए सड़क निर्माण व अन्य प्रयोजन के लिए निजी भूमि दाताओं का द्वारा प्रदत्त भूमिदान के लिये सम्मान किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमार्ग से गौधाम तक प्रस्तावित सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने गौपूजन कर गाय को गुड खिलाया। बैठक में उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय ने हिनौती गौधाम में निर्माण कार्यो सहित गायों के पंजीयन तथा अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, सीईओ जनपद प्राची चतुर्वेदी, उप संचालक पशुपालन डॉ. पंकज सिंह, कार्यपालन यंत्री पीएचई चित्रांशु सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## डॉक्टर को इलाज कराने वाले मरीज को भगवान की तरह मानना चाहिए - उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि डॉक्टर को इलाज कराने वाले मरीज को भगवान की तरह मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि धरती में डॉक्टर भगवान के सामान हैं डॉक्टर भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सेवाभाव से करें। श्री शुक्ल ने पत्रिका समूह द्वारा आयोजित चिकित्सकों के सम्मान समारोह में शहर के डॉक्टर्स का सम्मान किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी मीडिया समूह द्वारा चिकित्सकों का रीवा में पहली बार इस तरह का सम्मान किया गया है। यह आयोजन सिद्ध करता है कि रीवा में डॉक्टर्स बेहतर कार्य कर रहे हैं। रीवा को मेडिकल हब बनाने का सपना सही दिशा में जा रहा है। श्री शुक्ल ने कहा कि जब जीवन संकट में आता है तो केवल डॉक्टर के पास ही लोग जाते हैं।

## सार-समाचार

### एक दिवसीय जिला स्तयरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**समय जगत, रीवा।** जिला अभियोजन संचालनालय रीवा के सभागार में एक दिवसीय जिला स्तुरीय कार्यशाला का आयोजन माननीय संचालकलोक अभियोजन संचालनालय म.प्र. भोपाल, श्रीमान् बी.एल. प्रजापति, के मार्गदर्शन में किया गया ।उक्त2 कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में श्री विद्याभूषण मिश्रा, वनमंडलाधिकारी रीवा द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी सहायक निदेशक, श्री सुशील कुमार शुक्ला द्वारा दी गई। कार्यशाला जिला अभियोजन संचालनालय, रीवा के सभागार में दिनांक 15.03.2026को प्रात: 10.30 बजे आयोजित की गई जिसमें जिला रीवाके मुख्याालय, तहसील-सिरमौर, मनगवां, त्योंरथर एवं मऊगंज, हनुमनाके लगभग 25 अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अभियोजन अधिकारी अजाक रेंज रीवा, श्रीमान हनुमंत किशोर शर्मा द्वारा वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण से संबंधित आने वाली चुनौतियों एवं समाधान के विधिक प्रावधानों के बारे में बताया गया। वरिष्ठ एडीपीओ रीवा, श्रीमान् सूर्य प्रसाद पाण्डेय द्वारा वन अपराध से संबंधित म.प्र. के विभिन्न स्थानीय अधिनियमों एवं नियमों से संबंधित अपराध एवं अनुसंधान प्रक्रिया के बारे में बताया गया। एक दिवसीय जिला स्तोरीय कार्यशाला के मुख्य आयोजक सहायक निदेशक रीवा, श्रीमान् सुशील कुमार शुक्ला द्वारा कार्यशाला में सम्मिलित सभी अभियोजन अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया एवं सभी को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

### जल महोत्सव का किया गया आयोजन

**समय जगत, रीवा।** मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत अजगरहा में कंदैला समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत जल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने हर घर नल से जल पहुँचाने के सफल प्रयास की सराहना की। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामों में जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन का स्वरूप देना और जल सुरक्षा के प्रति व्यापक जन जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान जल संचयन के महत्व को समझाते हुए सभी ग्रामीणों को पानी के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती पूनम पाण्डेय, जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच, जल निगम के महाप्रबंधक चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जनसहभागिता डॉ. नंद किशोर पचौरी एवं जलनिगम के सभी अधिकारी एवं एस. क्यू. सी के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आबकारी के फुटकर ठेकेदारों के एकल समूहों के ई-टेंडर आज से ऑनलाइन होंगे जमा

**समय जगत, रीवा।** रीवा जिले में वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक अवधि के लिए आबकारी के फुटकर ठेकेदारों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के निष्पादन से शेष रहे चतुर्थ चरण में एकल समूहों के ई-टेंडर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर कार्यालय रीवा में निष्पादित किये जायेंगे। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि आनलाइन ई-टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं आफर सबमिट 16 मार्च को सुबह 10 बजे से 17 मार्च को शाम 4 बजे तक किये जा सकेंगे। ई-टेंडर 17 मार्च को शाम 4.05 बजे खोले जायेंगे। ई-टेंडर का आक्शन प्रारंभ एवं आरंभ होने की तिथि 17 मार्च को शाम 5.30 बजे से शाम 6.50 बजे तक निर्धारित है। संबंधित समूह का आक्शन समाप्त होने अथवा 17 मार्च को शाम 6 बजे जो भी बाद में होगा ई-टेंडर खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिए बेवसाइट एक्साइज डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन से प्राप्त की जा सकती है।

### वृहद रक्तदान शिविर आज कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में होगा आयोजित

**समय जगत, रीवा।** आज 16 मार्च को जिला चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर आयोजन में विभिन्न विभागों को सहभागिता के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बनें। कलेक्टर ने अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाओं के संबंध में दायित्व सौंपे तथा निर्देश दिये कि शिविर के व्यवस्थित आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण करायें। उन्होंने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से शिविर में अधिक से अधिक रक्तदान कराने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि इससे पूर्व भी रीवा में जो रक्तदान शिविर आयोजित हुए हैं उनके अच्छे परिणाम आयें हैं। लोगों ने बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सेदार की ओर अधिक मात्रा में रक्त का संग्रहण हुआ। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर में अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की।

### दो दिवसीय निर्गुण समारोह आज से

**समय जगत, रीवा।** संस्कृति विभाग द्वारा भोजपुरी साहित्य संस्कृति और कलाओं के संरक्षण, विकास एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय निर्गुण समारोह का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को किया गया है। समारोह में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक द्वारा व्याख्यान, गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। भोजपुरी साहित्य अकादमी के स्थानीय संयोजक विवेक द्विवेदी ने जानकारी दी की 16 मार्च को समारोह में डॉ. मन्नू यादव (कृष्ण) बनारस एवं श्रीमती मणिमाला सिंह रीवा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। इसी क्रम में 17 मार्च को अंजू भारती लखनऊ एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुतियाँ दी जायेगीं। संचालक एनपी नामदेव एवं निदेशक अमित कुमार यादव ने पारंपरिक निर्गुण गायन समारोह में सभी से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**समय जगत, रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 16 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी विभागवार समीक्षा की जायेगी। बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों, ई-आफिस व्यवस्था तथा एचपीबी टीकाकरण की समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## नृपेन्द्र तिवारी बने आप यूथ विंग रीवा के जिला अध्यक्ष

**रीवा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसके तहत युवा व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता नृपेन्द्र तिवारी नीलकंठ को आम आदमी पार्टी के यूथ विंग रीवा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नृपेन्द्र की नियुक्ति को युवा नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम समझा जा रहा है। युवा व्यवसायी श्री तिवारी सामाजिक और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। युवाओं के बीच लोकप्रियता, संगठनात्मक क्षमता और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि नृपेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में रीवा जिले में यूथ विंग नई ऊंचाइयों को छुएगा और सक्रिय युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करेगा। साथ ही युवाओं के अधिकार,रोजगार,शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। नियुक्ति की खबर मिलते ही जिले के कई सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक संगठनों के



प्रतिनिधियों,पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने नृपेन्द्र को बधाई दी है। आप ने उम्मीद जताई है कि नृपेन्द्र के नेतृत्व में युवा विंग और अधिक सशक्त होगी। युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। अपनी नियुक्ति पर नृपेन्द्र तिवारी नीलकंठ ने आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र चौरसिया,जिलाध्यक्ष राजीव सिंह परिहार शेरा एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है,उसे पूरी निष्ठा,ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करूँगा। श्री तिवारी ने कहा कि मेरा लक्ष्य जिले के युवाओं को संगठित कर समाज और क्षेत्र के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस नियुक्ति को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है और लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं।

## आने वाली पीढ़ी भी करेगी संस्कृति और परंपराओं का अनुसरण: उप मुख्यमंत्री

### मां कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुए राजेन्द्र शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को जितना उल्लास के साथ मनायेंगे आने वाली पीढ़ी उसके महत्व को समझेगी और वह भी इस परंपरा को आजीवन काल तक चिर स्थाई बनाकर रख सकेगी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल माँ कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल हुए। राज कपूर आडिटोरियम में साहू युवा संगठन के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने माँ कर्मा की विधि विधान से आरती की। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा कृष्ण भक्त थीं और भगवान श्री कृष्ण उनकों साक्षात दर्शन देते थे और उनकी मनोकामनाओं की पूर्ति करते थे। माँ कर्मा भक्ति की प्रतीक थी। माँ कर्मा जयंती का आयोजन महान आत्माओं को याद दिलाने का आयोजन है। इस आयोजन के लिए आयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कल भी माँ कर्मा शोभा यात्रा का साक्षी बना था और आज इस आयोजन में भी उपस्थिति हुआ हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि इन आयोजनों में शामिल हुआ। माँ कर्मा जयंती महोत्सव में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, पूर्व मंत्री रविकरण साहू, करण साहू, नरेन्द्र साहू, दिलीप शाह, पूर्व महापौर श्रीमती रेनू शाह, श्रीमती आभा शाह एवं नगर परिषद अध्यक्ष रामपुर नैकिन रामकुमार साहू व जगन्नाथ साहू ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रायपुर छत्तीसगढ़ की भजन गायिका हीना सिंह ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, वंशीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं आयोजक उपस्थित रहे।



### उप मुख्यमंत्री ने की घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि नियमित घरेलू गैस सिलेण्डर आपूर्ति की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराई जाय। बुकिंग के आधार पर गैस लेने वाले उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस सिलेण्डर मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के अधिकारियों से फोन से रीवा जिले में नियमित गैस सिलेण्डर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बात के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं कि जिले में नियमित गैस सिलेण्डर की आपूर्ति होती रही और बुकिंग का बैकलाग समाप्त हो जाय और लोगों को बिना किसी परेशानी के गैस सिलेण्डर मिलता रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सर्वर के ठीक ढंग से कार्य करने से गैस की आनलाइन बुकिंग हो रही है। रीवा शहर में गैस की उपलब्धता के अनुसार वितरण किया जा रहा है। नियमित आपूर्ति के सभी प्रयास जारी हैं ताकि बैकलाग को पूरा करते हुए लोगों को सुगमता से गैस सिलेण्डर का वितरण हो सके।

## सिरमौर चौराहा से गुढ़ तक नए शराब दिग्गजों का राज, 5 समूहों पर अब भी सस्पेंस

**रीवा।** जिले के आबकारी विभाग द्वारा संचालित शराब दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अपने दूसरे और निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। विंध्य की इस सबसे बड़ी व्यावसायिक हलचल में जिले की सबसे महंगी आरक्षित मूल्य वाली दुकान सिरमौर चौराहा समूह ,सामान नाका समुह को आखिरकार खरीदार मिल गया है। इस समूह के साथ-साथ जिले का एक और महत्वपूर्ण क्लस्टर गुढ़ शराब दुकान समूह भी बिक चुका है। इन तीन बड़े समूहों के बिकने से प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज है, क्योंकि ये दोनों क्षेत्र राजस्व के दृष्टिकोण से जिले के सबसे कमाऊ इलाकों में शुमार किए जाते हैं।

**समान समूह का अटूट कीर्तिमान और आबकारी का गणित:** भले ही सिरमौर चौराहा समूह का आरक्षित मूल्य जिले में सबसे अधिक 59.58 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, लेकिन यह बाजार के पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करने में नाकाम रहा। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि समान समूह का रिकॉर्ड अब भी अटूट है। समान समूह का आरक्षित मूल्य 55.44 करोड़ था, लेकिन ठेकेदार ने उस पर 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बोली लगाकर उसे 65.18 करोड़ में खरीदा था। इसके विपरीत, सिरमौर चौराहा के लिए ठेकेदारों ने केवल आरक्षित मूल्य के बराबर ही बोली लगाई। आबकारी विभाग को उम्मीद थी कि सिरमौर चौराहा समान समूह के रिकॉर्ड को पार करेगा, लेकिन ठेकेदारों ने संतुलित दांव खेलकर विभाग की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**जय महाकाल और सुप्रभ अनंत ग्रुप बाजार के नए धुरंधर :** रीवा के शराब सिंडिकेट में इस बार शक्ति का केंद्र बदलता नजर आ रहा है। जय महाकाल ग्रुप जिले के सबसे बड़े ठेकेदार के रूप में उभरा है। इस ग्रुप ने पहले ही इटौरा और पीटीएस (ट्रांसपोर्ट नगर) जैसे मलाईदार समूह अपने नाम किए थे, और अब सिरमौर चौराहा समूह को भी करीब 60 करोड़ की बोली के साथ अपने पाले में कर लिया है। दूसरी ओर, एक और बड़ा नाम सुप्रभ अनंत ग्रुप का सामने आया है। इस ग्रुप ने रणनीतिक बढ़त बनाते हुए गुढ़ शराब दुकान समूह का ठेका हासिल कर लिया है। गुढ़ इलाका औद्योगिक और ग्रामीण बेल्ट का मिश्रण होने के कारण ठेकेदारों की पहली पसंद बना हुआ था। इसके अलावा, मां भगवती ग्रुप ने मनगवां पर कब्जा बरकरार रखा है, जबकि सेमरिया और देवतालाब समूह क्रमशः प्रकाश सिंह और मैडस्टोन ग्रुप के खाते में गए हैं।

**सरकारी खजाने को क्यों नहीं मिला अतिरिक्त मुनाफा?:** इस नीलामी प्रक्रिया का सबसे चौकाने वाला पहलू यह रहा कि सरकार को तय आरक्षित मूल्य से ऊपर एक धेला भी अतिरिक्त प्राप्त नहीं हुआ। दूसरे चरण की नीलामी में ठेकेदारों ने बहुत ही सुरक्षित तरीके से ई-टेंडर डाले। अधिकांश दुकानें बिना किसी बड़ी प्रतिस्पर्धा के उसी कीमत पर उठ गई, जो विभाग ने न्यूनतम तय की थी। जानकारों का मानना है कि ठेकेदार अब जोखिम उठाने के मूड में नहीं हैं और केवल उसी मूल्य पर दुकानें ले रहे हैं जहां से उन्हें निश्चित मुनाफा नजर आ रहा है। इससे आबकारी विभाग का वह लक्ष्य अधूरा रह गया, जिसमें नीलामी के जरिए करोड़ों का अतिरिक्त प्रीमियम कमाने की योजना थी।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा ने किया 101 महिलाओं का सम्मान




**समय जगत, भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की 101 नारी शक्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भेल क्षेत्र के अवधपुरी स्थित रीगल होम्स में किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज की उन महिलाओं को पहचान देना है जो विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं और अपने प्रयासों से समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, समाज सेवा, प्रशासन, व्यवसाय और संस्कृति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को प्रोत्साहन मिलता है और नई पीढ़ी को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिनमें महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम में नारी शक्ति के सम्मान और उनके योगदान को सराहने का वातावरण बना रहा। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना को मजबूत करते हैं तथा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

### महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी रीवा द्वारा किया गया आयोजन

## इटौरा ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवस शिविर का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएलसीटी) रीवा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत इटौरा ग्राम पंचायत में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 15 मार्च को उत्साह और सामाजिक सहभागिता के साथ किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता का संदेश देना तथा युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना है।शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत इटौरा के सरपंच भास्कर दत्त साहू तथा महाविद्यालय के संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत के साथ हुई, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, स्वयंसेवक और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के पहले दिन स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत पंचायत भवन के पीछे स्थित शिव मंदिर परिसर में विशेष साफ-सफाई की गई। NSS के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मंदिर परिसर, आसपास के रास्तों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने झाड़ू लगाकर, कचरा एकत्रित कर तथा परिसर को व्यवस्थित कर स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल शिविर आयोजित करना ही नहीं बल्कि युवाओं में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और




आसपास के वातावरण को साफ रखने का संकल्प ले, तो समाज और देश दोनों स्वच्छ बन सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त होते हैं। इससे उनमें सामाजिक समझ और संवेदनशीलता का विकास होता है।कार्यक्रम में उपस्थित ऋषि मिश्रा ने भी स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति समाज के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवा समाज के लिए कार्य करते हैं, तो सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि हस्स जैसे कार्यक्रम युवाओं को अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व की भावना सिखाते हैं।कार्यक्रम प्रभारी सतेंद्र सिंह ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान गांव में विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण, शिक्षा जागरूकता, जल संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण जैसे विषय शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के साथ मिलकर समाज के विकास में योगदान देना है। इस दौरान स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे।कार्यक्रम में अनिशा शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

## संपादकीय

# राज्यसभा चुनाव के लिये जारी है जोर आजमाइश

राज्यसभा की कुछ सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के पश्चात शोष बची सीटों के लिये आज 16 मार्च को चुनाव संपन्न होगा। राज्यसभा चुनाव के दृष्टिगत राजनीतिक दलों द्वारा अपनी चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के साथ ही सतर्कता भी बरती जा रही है। चूंकि राज्यसभा सदस्यों का चुनाव संबंधित राज्यों के विधायकों की वोटिंग से होता है इसलिये राजनीतिक दलों द्वारा अपने विधायकों को एकजुट रखने व पार्टी अथवा अपने गठबंधन के अपेक्षित राज्यसभा उम्मीदवारों के पक्ष में ही वोटिंग करने का व्हिप भी जारी किया है। ओडिशा में आज 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने 82 विधायकों को पारादीप भेज दिया है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, सांसद सुजीत कुमार और निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के समर्थन में रणनीति बनाने के लिए यह कदम उठाया है। इससे पहले कांग्रेस ने भी अपने आठ विधायकों को बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट भेजा था। ओडिशा की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है, जिसमें भाजपा को दो और बीजेडी को एक सीट मिलने की संभावना है। चौथी सीट के भाजपा और बीजेडी प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव 16 मार्च को होगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना होगी। भाजपा ने डिप्टी चीफ व्हिप पीके देब को मतदान के लिए अधिकृत एजेंट बनाया है। वहीं ओडिशा विधानसभा में शनिवार को मॉक ड्रिल भी हुई, क्योंकि 147 सदस्यीय सदन में 84 विधायक पहली बार चुने गए हैं, इसलिए प्रशिक्षण जरूरी माना गया। उड़ीसा में बीजू जनता दल ने गुरुवार को पार्टी के सभी विधायकों के लिए थ्री-लाइन व्हिप जारी किया। बीजेडी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई। राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस भी एक्टिव है तथा माना जा रहा है कि इस राज्यसभा चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का फायदा होगा। हरियाणा में 2 राज्यसभा सीटें खाली हो रही हैं। चंडीगढ़ में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों को लंच पर बुलाया। इसके बाद शाम को उन्हें हिमाचल प्रदेश के शिमला भेज दिया गया। राजनीतिक दलों की राज्यसभा चुनावों को लेकर यह सक्रियता एवं सतर्कता यह साबित करती है कि संसंद के उच्च सदन के प्रति राजनीतिक दलों की प्रतिबद्धता गहरी है। साथ में यह ध्यान रखा जाना भी जरूरी है कि इस सदन के निये निर्वाचित होने वाले सदस्य दक्ष, योग्य, राजनीतिक तौर पर व्यापक समझदार एवं संसदीय प्रतिबद्धता के प्रति निपुण हों।

# तेल-गैस संकट के समय आत्मनिर्भर क्यों नहीं बने?

**सौरभ वार्ष्णेय**

दुनिया में जब भी मध्य-पूर्व में तनाव या युद्ध की स्थिति बनती है, तब सबसे पहले तेल-गैस की कीमतों पर असर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करते हैं, ऐसे समय में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी भारत तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया? सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत के पास सीमित प्राकृतिक तेल-गैस भंडार हैं। देश में कुछ क्षेत्रों–जैसे समुद्री तटों और पूर्वोत्तर राज्यों–में तेल-गैस मिलती है, लेकिन यह हमारी बढ़ती जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। आज भी भारत अपनी लगभग 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से आयात करता है। दूसरा कारण यह है कि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण तेल-गैस की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू उत्पादन इस गति से नहीं बढ़ पाया।तीसरा कारण नीतिगत और तकनीकी चुनौतियां भी रही हैं। कई बार तेल-गैस की खोज और उत्पादन के लिए पर्याप्त निवेश, आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र की भागीदारी समय पर नहीं बढ़ पाई। इसके कारण संभावित भंडारों का पूरा उपयोग नहीं हो सका। हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैव-ईंधन (एथेनॉल) का उपयोग बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना और नए तेल-गैस क्षेत्रों की खोज करना इसी दिशा के प्रयास हैं।स्पष्ट है कि तेल-गैस में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना आसान नहीं है, लेकिन ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर भारत अपनी निर्भरता जरूर कम कर सकता है। यही भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता भी है। देश में बार-बार उभरने वाला तेल-गैस संकट यह संकेत देता है कि केवल आयातित ऊर्जा पर निर्भर रहना लंबे समय तक सुरक्षित रणनीति नहीं हो सकती। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढने या भू-राजनीतिक तनाव होने पर देश की अर्थव्यवस्था तुरंत प्रभावित हो जाती है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।सबसे पहले, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। भारत भौगोलिक रूप से सौर ऊर्जा के लिए बेहद अनुकूल देश है। अगर गांव-गांव में रूफटॉप सोलर प्लांट और बड़े सौर पार्क स्थापित किए जाएँ तो बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा स्वदेशी और स्वच्छ स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएँ हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने का है। इसके लिए नई खोज, आधुनिक तकनीक और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। समुद्री क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए सरकार को स्पष्ट नीतियाँ और आसान नियम बनाने होंगे, ताकि घरेलू उत्पादन में तेजी आ सके।इसके साथ-साथ जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी ऊर्जा नीति का अहम हिस्सा बनाना होगा। एथेनॉल मिश्रण, बायोगैस प्लांट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे प्रयास न केवल ऊर्जा संकट को कम करेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं।अंततः ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ तकनीक के उपयोग में आम नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर प्रयास करें तो भारत न केवल ऊर्जा संकट से उबर सकता है, बल्कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी बढ़ा सकता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, तेल-गैस संकट और आपूर्ति श्रृंखला में बार-बार आने वाली बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का आधार उसका मजबूत घरेलू उत्पादन होता है। यदि भारत को दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत करना आवश्यक है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार पैदा करता है और स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाता है। सरकार को इन उद्योगों को सस्ती पूंजी, तकनीकी सहायता और आसान नियम उपलब्ध कराने चाहिए।दूसरा महत्वपूर्ण कदम कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। यदि कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण देश में ही बड़े पैमाने पर होगा, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी। तीसरा, तकनीक और नवाचार को उत्पादन से जोड़ना जरूरी है। आधुनिक मशीनों, डिजिटल तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।इसके अलावा सरकार को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। लोकल फॉर वोकल जैसी पहल तभी सफल होगी जब उपभोक्ता भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।घरेलू उत्पादन बढ़ाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उद्योग, किसान और उपभोक्ता–सभी की साझा भागीदारी से ही यह संभव है।

# ईरान पर हमले से साम्राज्यवाद की दिखी झलक

## नजरिया

**ईरान पर इजराइल और संयुक्त राज्य अमरीका का हमला अत्यंत विनाशकारी साबित हुआ है। अधिकांश युद्धों की तरह, यह युद्ध भी अत्यंत बर्बर है। जंग शुरू करने का बहाना यह बनाया गया कि ईरान में अयातुल्ला अली खामेनेई का शासन अत्यंत क्रूर है, वहां महिलाओं के अधिकारों को कुचला जा रहा है और वह देश परमाणु हथियार बनाने में जुटा हुआ है। दूसरी ओर, ईरान बातचीत करने और उसके दौरान उभरे मुद्दों पर पीछे हटने को तैयार था। बातचीत के दौरान ही इजराइल-अमेरिका गठबन्धन ने लड़ाई शुरू करने का फैसला कर लिया। युद्ध के शुरूआती दौर में उन्होंने ईरान को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। खामेनेई की उनके परिवार के कुछ सदस्यों के साथ हत्या कर दी गई और एक स्कूल पर बमबारी में 165 नन्हीं बच्चियां मारी गईं। गठबंधन ने कई बेकसूर नागरिकों को भी निशाना बनाया।**

**राम पुनियानी**

ईरानी नौसेना का एक जहाज, जो भारत के निमंत्रण पर नौसेनिक अभ्यास के लिए भारत आया था, पर अमरीकी नौसेना की एक पनडुब्बी ने टारपीडो से हमला किया जिसमें जहाज पर मौजूद कई नौसेनिक मारे गए और जहाज डूब गया। ईरान ने साहस के साथ जवाबी कार्यवाही करते हुए अमरीका-इजराइल गठबंधन को काफी नुकसान पहुंचाया। इस सारे घटनाक्रम के दौरान भारत की भूमिका देश की नई विदेश नीति के बारे में आंखें खोलने वाली है। भारत गुटनिरपेक्ष हुआ करता था और उसके ईरान से अत्यंत सौहार्दपूर्ण संबंध थे। दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान होता था। अब हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युद्ध शुरू होने के ठीक पहले इजराइल पहुंचे। हमें नहीं पता कि उनकी यात्रा का उद्धेश्य क्या था। उन्हें इजराइल के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया गया और मोदी ने कहा कि भारत इजराइल के अच्छे-बुरे समय में उसका साथ देगा। इसके अगले दिन गठबंधन ने ईरान पर हमला कर दिया। मोदी ने ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत पर ट्वीट नहीं किया और एक खोखला-सा वक्तव्य जारी किया जिसमें हमलावर और हमले के शिकार दोनों में कोई अंतर नहीं बताया गया था। प्रधानमंत्री के रवैये से यह एकदम साफ हो गया कि भारत तटस्थ नहीं है बल्कि वह अमरीका-इजराइल गठबंधन के साथ है। अब अमेरिका पर वापिस लौटें। हम 1950 के दशक से अमेरिका की कारगुजारियां देख रहे हैं। उसकी भूमिका अपने राजनैतिक और आर्थिक लक्ष्यों की खातिर दूसरे देशों के आतंरिक मामलों में दखलअंदाजी करने की रही है। पहले उसका प्रमुख नारा हुआ करता था कम्युनिज्म से दुनिया को बचाओ जिसके बहाने वह युद्ध छेड़ता रहता था। इस सिलसिले की शुरूआत वियतनाम के साथ हुई थी। वियतनाम फ्रांस का उपनिवेश हुआ करता था। हो ची मिन्ह के नेतृत्व में कम्युनिस्ट सेना ने फ्रांस की सत्ता को उखाड़ फेंका और एक लंबी और जटिल राजनैतिक प्रक्रिया के नतीजे में वियतनाम 17वीं अक्षांश रेखा को सीमा मानकर दो देशों - कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम और पूंजीवादी दक्षिण वियतनाम - में बंट गया। अमेरिका ने वियतनाम के खिलाफ भीषण युद्ध छेड़ दिया जिसमें करोड़ों डालर खर्च हुए। अमेरिका ने रासायनिक हथियारों, नेपाम (गाढ़ा पेट्रोल) और एजेंट ऑरेंज (शक्तिशाली खरपतवार नाशक) का भी इस्तेमाल किया। एजेंट ऑरेंज के उपयोग का उद्धेश्य था जंगलों में पेड़-पौधों की पत्तियों और घास को नष्ट करना ताकि वियतकांग (वियतनामी जनता द्वारा स्थापित की गई सेना) के लिए छिपने की जगह न बचे। नेपाम से ब?ी संख्या में लोगों को जलने के गंभीर घाव हो गए। एजेंट आरेंज से भी कई लोगों के खेत और फसलें बर्बाद हो गई और पशुओं को भी जान गंवानी पड़ी।



वियतनाम की जनता हो ची मिन्ह के साथ थी। वियतकांग ने गोरिल्ला युद्ध करते हुए जीत हासिल की और अमेरिका ही हार हुई। उसके पांच लाख से भी अधिक सैनिकों को पीछे हटना पड़ा। एक नए और युवा राष्ट्र से हारने के कारण अमरीका का मनोबल मिट्टी में मिल गया। वियतनाम युद्ध ने यह एकदम स्पष्ट कर दिया कि जो भी अमेरिका की 'स्वतंत्र विश्व' के नाम से पेश की जा रही उसके हितों तो स्सधने वाली विचारधारा के खिलाफ होगा, वह उसे परास्त करने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस बात की पुष्टि आने वाले समय में कई बार हुई जब अमरीका ने एक के बाद एक कई देशों पर इस या उस बहाने से हमला किया। ईरान इसका उदाहरण है। ईरान की भौगोलिक स्थिति उसे महत्वपूर्ण बनाती है। साथ ही उसके पास तेल का अकूत भंडार है। यही कारण है कि पश्चिमी देशों की नजरें उस पर टिकी रही हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अमरीका और ब्रिटेन दोनों की ईरान में बड़ी मौजूदगी थी। युद्ध के बाद भी इंग्लैंड ने एंग्लो-ईरानियन आयल कंपनी के जरिये ईरान के तेल पर अपना कब्जा बनाये रखा। वह अपने हितों के लिए ईरान के तेल का इस्तेमाल करता रहा। फिर 1951 में मोसादेग की राष्ट्रवादी और चुनी हुई सरकार मे संसद में प्रस्ताव पारित कर देश के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसके बाद ब्रिटिश सरकार, मोसादेग की सरकार के खिलाफ हो गई और उसके विरोधियों को भड़काने लगी। ब्रिटेन और अमरीका ने मिल कर चुनी हुई मोसादेग सरकार के खिलाफ विद्रोह करवाकर अपने पिट्ठू रजा शाह पहलवी की सरकार स्थापित करवा दी। इससे तेल के भंडारों और तेल के व्यापार पर पश्चिमी ताकतों का नियंत्रण बना रहा। इसी तरह चिली में सल्वाडोर अलेंदे की हत्या कर दी गई और उनकी प्रजातान्त्रिक सरकार का तख्तापलट कर दिया गया। अलेंदे मार्क्सवादी थे और सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य थे। वे 3 नवम्बर 1970 को चिली के राष्ट्रपति बने। उन्होंने अमरीकी कंपनियों के कब्जे वाले देश के तांबा उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। अमरीका ने 1970 से लेकर 1973 में अलेंदे के तख्तापलट तक उनके खिलाफ गुप्त अभियानों पर 80 लाख डॉलर खर्च किए। सन 1975 में जारी सीनेट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमरीका ने चिली को आर्थिक संकट में फंसाने के लिए कई कदम उठाए। सीआईए के समर्थन और सहयोग से हुए सैन्य विद्रोह के जरिये वहां पिनोचे की सरकार सत्ता में आई। पिनोचे अत्यंत क्रूर तानाशाह था और उसने चिली में प्रजातंत्र खत्म कर दिया। उसकी नीतियों के कारण चिली के समृद्ध देश बनने की संभावनाएं भी खत्म हो गई।

अमरीकी साम्राज्यवाद ने पश्चिम एशिया में भी कहर बरपाया। सोवियत संघ के अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद, अमरीका ने पाकिस्तान के मदरसों में मुजाहिद तैयार करने की व्यवस्था की। उनसे तालिबान और अलकायदा बने। अमरीका ने इन संगठनों को 800 करोड़ डॉलर और 7000 टन हथियार उपलब्ध करवाए (महमूद ममदानी की पुस्तक गुड मुस्लिम, बैड मुस्लिम)। 9/11 ने अमरीका को अफगानिस्तान पर हमला करना का मौका दे दिया। इस हमले में 60,000 लोग मारे गए। पूरे इलाके पर अपना दबदबा कायम करने के लिए अमरीका ने इराक पर हमले के लिए भी एक बहाना खोज लिया। कहा गया कि इराक के पास बड़े पैमाने पर नुकसान करने वाले हथियार हैं। अमरीकी सैनिकों को बताया गया कि इराक के लोग सद्दाम हुसैन के दमन का शिकार हैं और इसलिए इराक में उनका स्वागत मुक्तिदाताओं के रूप में किया जाएगा। अमरीकी सैनिकों को लोग गुलदस्ते और चॉकलेट देंगे। मगर हुआ और कुछ। इस्लामिक स्टेट उठ खड़ा हुआ, कोई महासंहारक अस्त्र नहीं मिला और ना ही सैनिकों का जनता ने स्वागत किया। उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद ने उसके शिकार देशों और पूरी दुनिया को गहरे घाव दिए हैं। भारत में अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति ने सांप्रदायिक ताकतों को मजबूत किया जिसके नतीजे हम आज भी भुगत रहे हैं। अमरीका के मीडिया ने इस्लामिक आतंकवाद शब्द को गढ़ा और उसे लोकप्रियता दी। नतीजे में पूरी दुनिया में मुसलमानों का दानवीकरण हुआ। उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के कारण पूरी दुनिया आज अनेक समस्यओं से जूझ रही है। हम केवल यह उम्मीद कर सकते हैं कि दुनिया साम्राज्यवाद से असली चरित्र को समझेगी और शांति को बढ़ावा देगी।

# दलगत राजनीति से मुक्त हो राष्ट्रपति पद

**विश्वनाथ सचदेव**

जब कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति जैसे पद पर पहुंच जाता है तो उसकी अगड़ी या पिछड़ी, पुरुष या महिला आदिवासी या वनवासी वाली कोई पहचान नहीं बचती। इस सब का लाभ उठाने की किसी भी कोशिश को जनतांत्रिक मूल्य और आदर्शों के अनुरूप नहीं माना जाना चाहिए। देश का राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक ही नहीं होता, देश के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्ति होता है। राष्ट्रपति को कैसे संबोधित किया जाये से लेकर राष्ट्रपति के साथ कैसा व्यवहार किया जाये जैसी बातें एक प्रोटोकॉल के अंतर्गत आती हैं, और अपेक्षा की जाती है कि कोई इसका उल्लंघन नहीं करेगा। हमारे राष्ट्रपति का सम्मान किसी व्यक्ति या पद का सम्मान मात्र नहीं है, वस्तुतः यह देश का सम्मान है, उस संविधान का सम्मान है, जिसके आधार पर हमारी समूची जनतांत्रिक व्यवस्था चलती है। इस पद की मर्यादा को देखते हुए कुछ ऐसी ही अपेक्षा उस व्यक्ति से भी की जाती है, जिसे देश इस पद पर बिठाता है। दलगत राजनीति से कहीं ऊपर होता है इस पद पर बैठा व्यक्ति-पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है और पूरे राष्ट्र को संरक्षण भी देता है। आमतौर पर यह माना जाता है कि हमारा राष्ट्रपति विवादों से परे होगा। पिछले सात दशक से भी अधिक समय का इतिहास इस बात का साक्षी है कि इस पद पर बैठे व्यक्तियों ने कुल मिलाकर पद की गरिमा की रक्षा ही की है। ऐसे में जब किसी राष्ट्रपति के संदर्भ में विवादास्पद स्थितियां बनती हैं तो खेद भी होता है और आशंका भी होती है कि देश का यह सर्वोच्च पद विवादों के चलते अपनी गरिमा न खो दे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की हाल की बंगाल-यात्रा को लेकर जिस तरह का वातावरण बन रहा है, वह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। हम इस घटना को लेकर कोई टिप्पणी करें उससे पहले इस बात को रेखांकित किया जाना जरूरी है कि एक आदिवासी महिला का इस पद पर पहुंचना हम सबके लिए गौरव की बात है। वे पहली महिला नहीं हैं जो इस पद के लिए चुनी गयी हैं, पर एक आदिवासी महिला यदि अपनी योग्यता-क्षमता से देश की राष्ट्रपति बनती है तो महिलाओं अथवा आदिवासियों के एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचने का ही उदाहरण नहीं है, यह हमारे जनतंत्र की परिपक्वता का भी एक गौरवशाली क्षण है। देश को इस पर गर्व होना चाहिए। हमें है इस बात का गर्व। इसलिए राष्ट्रपति, पद के अपमान को लेकर देश इतना संवेदनशील भी है। इस पद की गरिमा को कम करने की कोई भी घटना अथवा कोई भी कोशिश देश के जागरूक नागरिक को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। अब बंगाल वाली घटना की बात। संथाल आदिवासियों की एक




संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राष्टपति बंगाल गयी थीं। राष्ट्रपति जब भी किसी राज्य में जाते हैं, भले ही वह यात्रा सामाजिक हो अथवा सरकारी, तो उनके स्वागत का एक निश्चित तरीका होता है, जिसका पालन राज्य सरकार को करना होता है। इस प्रोटोकॉल में मुख्य रूप से यह बात शामिल है कि राज्य का राज्यपाल, मुख्यमंत्री अथवा कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत करने पहुंचता है। यह संभव है कभी किन्हीं कारणों से इस व्यवस्था का पूरा पालन न हो पाता हो, पर ऐसा होने का कोई उचित कारण होना-दिखना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू की इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वागत के लिए नहीं पहुंची थीं। उन्होंने 'पूर्व निर्धारित अन्य कार्यक्रम' और राष्टपति की यात्रा की पूर्व सूचना न मिलने का हवाला देकर अपनी अनुपस्थिति का औचित्य ठहराया है। उनकी बात सही भी हो सकती है, पर ऐसे में वे अपने मंत्रिमंडल के किसी वरिष्ठ सहयोगी को वहां भेज कर अपना कर्तव्य निभा सकती थीं। मुख्यमंत्री की यह चूक हल्के से नहीं ली जानी चाहिए। वे चाहतीं तो चूक को स्वीकार करके विवाद की तल्खी कम कर सकती थीं। पता नहीं क्यों उन्होंने ऐसा करना जरूरी नहीं समझा। राष्ट्रपति के सम्मान को लेकर किसी भी प्रकार की चूक को स्वीकार करना उचित नहीं है। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को समुचित सम्मान मिलना ही चाहिए। बहरहाल, इस विवाद का एक और पहलू भी है, जो राष्ट्र की चिंता का कारण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी चूक का बचाव करने की कोशिश करते हुए राष्ट्रपति की इस यात्रा को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया है और यह भी कहा है कि राष्ट्रपति केंद्र में सत्तारूढ़ दल के हितों की दृष्टि से आदिवासियों के इस कार्यक्रम में पहुंची थीं। ममता बनर्जी को यह शिकायत भी है कि राष्ट्रपति बार-बार बंगाल क्यों आती हैं। निश्चित रूप से राष्ट्रपति से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वह किसी राजनीतिक दल के हित को दृष्टि में रखकर कुछ काम करेंगी। पर इस आशय के आरोप भी हल्के में नहीं लगने चाहिए। राष्ट्रपति का सम्मान सर्वोपरि है, इसलिए राष्ट्रपति से भी यह अपेक्षा की जाती है कि वह भी इस सम्मान की रक्षा के प्रति जागरूक रहेंगी। जिस तरह न्याय होना ही नहीं, होते हुए दिखना भी चाहिए, उसी तरह राष्ट्रपति को भी निष्पक्ष होकर काम करते हुए दिखना चाहिए। ऐसे में जब हम यह देखते हैं कि राष्ट्रपति सार्वजनिक मंच से राज्य के मुख्यमंत्री के व्यवहार की आलोचना कर रही हैं, तो थोड़ा अटपटा लगता है। उचित तो यह होता कि वह टेलीफोन से, या पत्र लिखकर ही सही, अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करतीं। राष्ट्रपति द्वारा खुले मंच से किसी राज्य सरकार या किसी मुख्यमंत्री की आलोचना करना कोई अच्छी परंपरा का उदाहरण नहीं है। इस सारे विवाद का तीसरा पहलू भी है। देश के प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की तीखी आलोचना करते हुए इसे राष्ट्रपति का ही नहीं, एक दलित महिला का, विशेष रूप से एक आदिवासी महिला का अपमान बताना ज़रूरी समझा है। यह सही है कि हमारी राष्टपति दलित महिला हैं, और आदिवासी भी हैं, पर अब वह देश की सर्वोच्च नागरिक हैं, राष्ट्रपति हैं, उनकी और कोई भी पहचान इस पद से बड़ी नहीं हो सकती। एक परिपाटी सी चल पड़ी है हमारे यहां सहानुभूति बटोरने की परंपरा। पिछड़े वर्ग से जुड़ा राजनेता अपने साथ हुए 'ग़लत बर्ताव' को पिछड़े वर्ग के अपमान के रूप में बताना ज़रूरी समझता है। स्वयं हमारे प्रधानमंत्री कई बार पिछड़े वर्ग के अपमान की दुहाई दे चुके हैं। चालीस सीटें ऐसी हैं जहां आदिवासियों का वोट चुनाव-परिणाम को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यदि पश्चिम बंगाल के आदिवासी-आयोजन में राष्टपति की उपस्थिति और प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति के अपमान को आदिवासियों का अपमान बताया जाता है तो चुनावी राजनीति पर इसके निहितार्थ समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए। जब कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री अथवा राष्ट्रपति जैसे पद पर पहुंच जाता है तो उसकी अगड़ी या पिछड़ी, पुरुष या महिला आदिवासी या वनवासी वाली कोई पहचान नहीं बचती। इस सब का लाभ उठाने की किसी भी कोशिश को जनतांत्रिक मूल्य और आदर्शों के अनुरूप नहीं माना जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल की इस हाल की घटना में देश के राष्ट्रपति के साथ कथित अनुचित व्यवहार हुआ है, आदिवासी महिला के साथ नहीं। हर बात को राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर बनाने की प्रवृत्ति घटिया राजनीति का उदाहरण है। आवश्यकता इस घटियापन को उजागर करने, इससे उबरने की है।

# शहादत -ए - खाामनेईः मर के जीना सीखा दिया तूने

**तनवीर जाफरी**

पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आखिरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे जन संहारक देशों का ही एकाधिकार है। अमेरिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे सर्वशक्तिमान स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोजाना भारी जनहानि की खबरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की शहादत जैसी बड़ी कुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज़्बे के साथ अपने शरीर पर कफन लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गये। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गयी। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिये ईरान सबसे बड़ा खतरा है,केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थायी और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहाँ अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। कतर,बहरीन,कुवैत,संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब,जॉर्डन,इराक,मिस्र,सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररिज़्म बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहाँ पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खाड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्जी से जबरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीके से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे। परन्तु गत 28 फरवरी को पवित्र रमजान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किये गये आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आँखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमेरिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनायेगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाजा सामरिक दृष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

# भोपाल में ब्राह्मण संसद का आयोजन, विविध मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, भोपाल।** राजधानी भोपाल के नेहरू नगर स्थित लाल ग्राउंड खुशीलाल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल परिसर में सर्व ब्राह्मण युवा समिति द्वारा ब्राह्मण संसद एवं संवर्ण क्रांति आंदोलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक मुद्दों को लेकर भारत की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में देश के कई नागरिकों, विशेषकर सवर्ण और ब्राह्मण समाज के कुछ वर्गों में यह भावना बढ़ रही है कि शिक्षा, रोजगार और सामाजिक नीतियों से संबंधित कुछ व्यवस्थाओं के कारण उनके बच्चों के भविष्य और अवसरों को लेकर चिंताएं उत्पन्न हो रही हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से उच्च शिक्षा से जुड़ी नीतियों और यूजीसी की कुछ व्यवस्थाओं को लेकर असंतोष और आशंका व्यक्त की गई है। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षा और अवसरों से जुड़ी नीतियों में ऐसा संतुलन बनाया जाए जिससे देश के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सकें और समाज में विश्वास तथा न्याय की भावना मजबूत हो। इस दौरान कई प्रमुख मांगें भी रखी गई, जिनमें यूजीसी की वर्तमान व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार, आरक्षण व्यवस्था को आर्थिक आधार पर लागू करने, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में समानता के अधिकार को पूरी तरह लागू करने तथा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में लागू 40 प्रतिशत नीति को वापस लेने की बात शामिल है। इसके अलावा एससी/एसटी एट्रोसिटी एक्ट को 2018 में सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया द्वारा दिए गए निर्णय के अनुरूप लागू करने, फर्जी मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान करने, राष्ट्रीय सवर्ण आयोग के गठन, सनातन धर्म और धार्मिक प्रतीकों के अपमान पर सख्त कार्रवाई, मठ-मंदिरों की जमीनों को कब्जा मुक्त कराने और पुजारियों को अन्य धर्म गुरुओं की तरह सम्मानजनक वेतन देने की मांग भी रखी गई। साथ ही गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पक्षियों की भूख -प्यास मिटाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : डॉ. नरोत्तम मिश्र



**समय जगत, दतिया।** समाज सेवी डॉ. राजू त्यागी द्वारा चलाए जा रहे पक्षियों की भूख प्यास मिटाने के लिए सकोरो में दाना पानी अभियान का शुभारंभ रविवार को पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने अपने निवास पर सकोरों में दाना-पानी डाल कर किया। यह अभियान समाज सेवी डॉ. राजू त्यागी द्वारा विगत कई वर्षों से चलाया जा रहा हैं। सकोरों में पक्षियों के लिए दाना और प्यास बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था की गई। डॉ. राजू त्यागी ने बताया हर दिन अलग अलग स्थान पर पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की जाएगी। समाज सेवी डॉ. त्यागी ने लोगों से अपील की है कि पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था अवश्य करें ताकि तेज गर्मी में पक्षी दाना पानी के लिए परेशान न हो।

### पटवारी संघ की प्रांतीय कार्य समिति की बैठक आयोजित
### विधायक श्री अग्रवाल ने किया बैठक को संबोधित




**समय जगत, दतिया।** रविवार को मध्य प्रदेश पटवारी संघ की पटवारी गार्डन दतिया पर आयोजित प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुये। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल ने पटवारियों को संबोधित करते हुए कहा पटवारी सरकार का एक अंग होते हैं, उनके ऊपर भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। आज जिस माहौल में पटवारी ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर कार्य करते हैं उसमें उन्हें भी की तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन वे अपनी सूझबूझ से सरकारी नियमों का पालन करते हुए जनसमूह के कार्य करते हैं। विधायक श्री अग्रवाल ने पटवारियों को आश्वस्त किया कि हमारी आपको जहां जरुरत पड़े, हम आपके साथ खडे होगें। इस अवसर पर प्रभात श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, राम लखन श्रीवास्तव के अलावा दतिया जिले के साथ साथ संपूर्ण प्रदेश के पदाधिकारी एवं पटवारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा उनाव मंडल का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित



**समय जगत, दतिया।** भारतीय जनता पार्टी मंडल उनाव में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन कार्यकर्ताओं के रजिस्ट्रेशन एवं बहनों द्वारा तिलक लगाकर शुरू हुआ। प्रथम दिन छह सत्र हुए वर्ग को पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, वर्ग अधिकारी रामरतन यादव, वर्ग के मंडल प्रभारी मुकेश पाठक व डोली यादव ने पार्टी के पितृ पुरुषों के चित्रों पर मलयार्पण कर वर्ग का शुभारंभ किया। सत्र प्रारंभ करने से पूर्व अनूप तिवारी ने राष्ट्रीय गीत एवं वर्ग गीत का गायन किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता शिवलाल पाल ने की। प्रथम सत्र के वक्ता श्री पिरोनिया ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला वहीं दूसरे सत्र में अध्यक्षता ज्ञान सिंह यादव ने की। वक्ता के रूप में प्रवीण पाठक ने संगठन एप, सरल एप, नमो एप की बारीकियों को तकनीकी तरीके से समझाने का प्रयास किया। तीसरे सत्र की अध्यक्षता जगदीश शर्मा ने की। वक्ता के रूप में मानवेंद्र परिहार ने कार्यकर्ताओं को कार्य पद्धति के बारे में समझाया।

चौथे सत्र की अध्यक्षता लालाराम पाल ने की। पांचवें सत्र में अध्यक्षता राजीव पटेल ने की वक्ता के रूप में डॉ. रामजी खरे ने बूथ मैनेजमेंट के बारे में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया वहीं आखिरी सत्र में अध्यक्षता कुशल पाल गुर्जर ने की वक्ता के रूप में मोहन पटवा ने भाजपा के इतिहास और विकास के बारे में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में सुनील पंडा, जीतू पंडा, जयपाल गुर्जर, चरणदास परिहार, गोविंद डांगी, करण पटवा, रघुनंदन यादव, मैथिली शरण गुप्ता, अमित निरंजन, सुनील समाधिया, उधम परिहार, रामेश्वर डांगी, सोनू शर्मा, विवेक पटेल, रामजीवन डांगी, बब्बू यादव, रामपाल अहिरवार, दमयंती खेरकिया, करतार गुर्जर, योगेंद्र सोलंकी, उदयभान गुर्जर, कौशल बापू, नीलू शर्मा, अंशु भार्गव, महेंद्र पटेल, मेवालाल पाल, हेमंत यादव, सूरज दुबे, पूरन सिंह जादौन, शीलू जादौन, मोहर सिंह दांगी सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दतिया जिले की डॉ. रमा आर्य को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सप्तमातृका सम्मान

**दतिया।** विश्वमांगल्य सभा द्वारा रविन्द्र भवन भोपाल में मध्यभारत प्रांत के दो दिवसीय अधिवेशन में शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सात महिलाओं को सप्तमातृका सम्मान से विभूषित किया गया। इससे पहले पंच परिवर्तन एवं समग्र भारतीय जीवन चर्या पर सत्रों का आयोजन हुआ। सप्तमातृका के सम्मान समारोह के मंच पर विश्वमांगल्य सभा के संस्थापक एवं श्रीनाथ पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी जितेंद्रनाथ महाराज एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चन्द्र वर्मा द्वारा डॉ. रमा आर्य सहित सात महिलाओं को अंगवस्त्र, प्रसस्तिपत्र, स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिन सात महिलाओं को सम्मानित किया गया उनमें दतिया जिले की डॉ. रमा आर्य को ज्ञान के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। बैतूल की श्रीमती साधना मिश्रा को कला क्षेत्र में, ग्वालियर की डॉ. महिमा तारे को समाजसेवा के क्षेत्र में, भोपाल की सुश्री रिषिका आहूजा को उद्यम के क्षेत्र में, श्रीमती कोकिला सेठ को मातृत्व के क्षेत्र में, भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर को शक्ति क्षेत्र में तथा नर्मदापुरम की सुश्री प्रज्ञा भारती को धर्म क्षेत्र में सम्मान प्राप्त हुआ।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
**जोन क्र. 15 यांत्रिक विभाग**
**निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र**

क्र. 32/यां.वि./2026 भोपाल दिनांक 12/3/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_-489862-1 | PROVIDING AND FIXING OF C.I. BENCHES AT PRABHATAM HEIGHTS PARK, I.B.D RAISENA PARK, ISHAAN COLONY PARK AND ESSARJII CAMPUS W-62 Z-15 | 1,63,800/- | 3,276/- | 1000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Month/- |
| 02 | 2026_UAD_-489877-1 | CONSTRUCTION OF SHED AT DURGESH NAGAR PARK W-62 Z-15 | 84,664/- | 1,693/- | 1000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Month/- |
| 03 | 2026_UAD_-489889-1 | PROVIDING AND FIXING OF CI BENCHES AT DURGESH NAGAR PARK, DURGA CHOWK PARK, CHHATRSAL NAGAR PARK AND PARK AT INDRAPURI B SECTOR W-66 Z-15 | 1,04,832/- | 2,097/- | 1000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Month/- |

1- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

2- किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**नगर पालिक निगम भोपाल**

**नि.क्रं. 3320/025/026**


# रिश्तों को जोड़ने में कारगर होगी स्मारिका 'परिणय सेतु'

## दो हजार से अधिक स्वजन हुए शामिल




**समय जगत, बिस्टान।** स्मारिका परिणय सेतु विवाह योग्य युवक-युवतियों के रिश्तों को जोड़ने में कारगर साबित होगी। समाज को संगठित करने का यह अच्छा मंच है। मध्य प्रदेश में किसी भी स्थान पर अगर समाज अपनी भूमि पर भगवान सहस्त्रार्जुन भगवान का मंदिर बनवाना चाहते हैं तो मैं मंदिर निर्माण में एक लाख रुपए की मदद करूंगा। यह बात डॉ. एलएन मालवीया कलचुरी कलाल समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने राधाकुंज सभागार में आयोजित चतुर्थ परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कही। सम्मेलन में दो हजार से अधिक स्वजातीय बंधुओं ने भाग लिया। समाज के वरिष्ठ संरक्षक एलएन मालवीया खरगोन ने इस अवसर पर कहा कि सुदूर अंचलों में बसे स्वजनों के लिए स्मारिका परिणय सेतु वरदान से कम नहीं है। समाज के अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीया ने इस अवसर पर कहा कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से वैवाहिक रिश्ते तय होने में मदद मिलेगी साथ ही समय एवं पैसे की बचत होगी। उन्होंने समाज के प्रस्तावित मांगलिक भवन के लिए सभी बंधुओं से सहयोग की अपील की। समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष परसराम चौहान ने कहा कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवक युवतियों को मन वांछित जीवन साथी खोजने में मदद मिलेगी ऐसा विश्वास है। उन्होंने इस अवसर पर परिणय सेतु के संपादक मंडल को बधाई दी। मांगलिक भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष इंजी.नितिन मालवीय ने कहा कि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज की नींव होता है। जब हर परिवार संस्कारों से जुड़ा होगा तभी समाज और अधिक संगठित जागरूक और प्रगतिशील बनेगा। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति परिवार से प्रारंभ होती है।

परिणय सेतु के संपादक एवं समाज के मीडिया प्रभारी प्रभुराम मालवीया ने कहा कि परिणय सेतु संस्कृति के तटबंध पर संस्कार के संबंध का नया अध्याय रचेगा। समाज के सचिव रघुनंदन मालवीया एवं कन्हैया मालवीया ने इस अवसर पर कहा कि समाज ही जीवन की आधारशिला है। परिणय सेतु रिश्तों को जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। पूर्व संभागीय अध्यक्ष परसराम गढ़वाल ने इस अवसर कहा कि हम संकल्प ले की प्रचलित पैरावनी प्रथा, मृत्यु उपरांत लाण जैसी प्रथाओं पर रोक लगे। इस अवसर पर मंचासिन सुनील चौथमल धारणी,डॉ गजानन मालवीया, राधेश्याम मालवीया, तहसील अध्यक्ष चमन मालवीया,जितेश धारवाल, राजेश जायसवाल, कैलाश मालवीया, रामदयाल लाखेणा, नंदकिशोर मालवीया,विकास मालवीया ,प्रकाश जायसवाल,गिरधारी चौहान, बिहारीलाल चौहान,जय नारायण मालवीया,कैलाश जायसवाल,दिनेश चौकसे, जगदीश जायसवाल, भारती मालवीया ,अनीता मालवीया,चंद्रकांता चौहान ने समाज के स्वजातीय बंधुओं को एक मंच पर रहकर एकजुट रहने की बात कही साथ ही स्मारिका परिणय सेतु के माध्यम से विवाह के नए संबंध जोड़ने का विश्वास दिलाया एवं स्मारिका के संपादक मंडल को बधाई दी। अतिथियों ने इस स्मारिका परिणय सेतु का विमोचन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान सहस्त्रार्जुन एवं भारत माता की पूजा अर्चना कर आरती की।

### भाजपा कार्यालय पर मनाया गया रंग पंचमी होली मिलन समारोह

**समय जगत, दतिया।** रविवार को पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में भाजपा जिला कार्यालय पर रंग पंचमी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिला महा मंत्री अतुल भूरे चौधरी ने डॉ. मिश्रा की आवगानी कर पुष्पमाला और पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात बड़े हर्ष उल्लास के साथ रंग रंचमी का त्यौहार बरसाने की तर्ज पर फूलों से होली खेलकर एक दूसरे पर मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा ने कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा कर खेली फूलों की होली। इस अवसर पर डॉ. राजू त्यागी, पुनीत टिलवानी, कुलदीप यादव, पीताराम लोधी, हरिराम पाल, पवन पहारिया सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं व्यापारी बंधु मौजूद रहे।


### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति पचोर जिला राजगढ (म0प्र0)

कमांक/मण्डी / निर्माण / के0सह - भो0 / 25-26/1061 पचोर दिनांक :- 14/3/2026

**// निविदा आमंत्रण - विज्ञप्ति //**

समस्त इच्छुक संस्थाओं / केन्टीन / भोजनालय संचालन करने वाले व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण पचोर मे स्थित केन्टीन सह भोजनालय एवं कृषक भोजनालय का संचालन ठेका एक वर्ष की अवधि हेतु दिया जाना है। केन्टीन हेतु निर्धारित ऑपसेट प्राईज राशि रुपये 1,20,000/- से अधिकतम वार्षिक किराये की राशि एवं कृषक भोजनालय हेतु अधिकतम 20 /- रुपये प्रतिथाली से न्यूनतम दर कें प्रस्ताव की मुहरबंद निविदायें दिनांक 31.03.2026 तक रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड पोस्ट से मण्डी कार्यालय पचोर मे आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 01.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे उपस्थित निविदाकार / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा के साथ पृथक लिफाफे मे केन्टीन सह भोजनालय एवं भोजनालय के संचालन हेतु प्रतिभूति राशि रुपये 10,0000/- एफ.डी.आर. के रुप मे जमा करनी होगी एफ.डी.आर, सचिव कृषि उपज मण्डी समिति पचोर के नाम से प्लेज्ड होगी। निर्धारित निविदा प्रपत्र / शर्ते राशि रुपये 500 /- नगद जमा कर मण्डी कार्यालय पचोर से दिनांक 26.03.2026 तक प्राप्त किये जा सकते है केन्टीन सह भोजनालय एवं कृषक भोजनालय हेतु शर्ते एवं सामग्री की दरों का अवलोकन मण्डी कार्यालय मे किया जा सकता है। नियत सामग्री के मान एंव दर तथा शर्तो पर ही भोजन एवं सामग्री का विक्रय किया जावेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार मण्डी समिति को होगा जो कारण बताने को बाध्य नही होगी।

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति पचोर**
**जिला - राजगढ (म0प्र0)**

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति पचोर**
**जिला - राजगढ़ (म0प्र0)**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा विकसित आवासीय कॉलोनी श्री नारायण गुरू विहार कॉलोनी, ग्राम हताईखेड़ा, तहसील हुजूर, भोपाल में स्थित है इसमें ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग हेतु आरक्षित प्रकोष्ठों की बुकिंग चल रही है। 1. म.प्र. के निवासी, 2. जिनकी म.प्र. में कोई मकान/भूखण्ड न हो, 3. जिनकी आय 03 लाख से कम हो वे बुकिंग हेतु निम्न पते पर सम्पर्क किया जा सकता है आवेदक निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में प्रस्तुत करें मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम 1998 के सधोधित नियम 10 के उपनियम 14 की कण्डिंका के पालन में हितग्राहियों को आवंटित इकाई में उसके निर्धारित मूल्य से 10 की छूट प्रदान की जाएगी।

**कॉलोनाईजर का नाम-श्री नारायण गुरू गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित**
**पता- एस-13, चेतक टावर, बी-67, कस्तूरबा नगर, चेतक पुल के पास, भोपाल-462023**

### ग्राम पंचायत बैजनाथ ज. पं. आष्टा जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 733 दिनांक 12/02/2026

Estimate For Solar High Mast Pole installation in Gram panchayat Baijnath Ashta Janpad Ashta

| S. No. | Sor No | Unit | Item Description | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rates taken from GEM PORTAL | 1 job | SOLAR HIGH MAST LIGHTING SYSTEM, SOLAR FLOOD LIGHT 60 W, INBUILT BATTERY LIFEPO 451 AH 12.8.V, SOLAR PANEL 165W 10 MTR 3 mm THICKNESS 150 TOP BOTTOM 300, BASE PLATE 16 mm, Wind Withstand Capacity more than 35 m/s FOUNDATION NUT IP 65 insulation FOR LED Lamps, LED lamps 4/6 nos BOLD ALL ACCESSORIES COMPLETE SET WITH INSTALLATION AND COMMISSIONING Preferable make Bajaj, philips, orient And MPPWD/MPUVN approved make | 1 | 270000 | 270000 |
| | | | | | Total | 270000 |
| | | | Add 12%GST | | | 32400 |
| | | | Grand Total | | | 302400 |

Say Rs 3.00 lacs

**निविदा प्रकाशन होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुदिप्त पवार पुत्र बुद्धलाल पवार, मेरी माता श्रीमती विमला पवार (Smt Vimla Pawar) का नाम मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में व अन्य दस्तावेजों में त्रुटिवश श्रीमती सरला पवार दर्ज हो गया है, जो कि प्रकाशन उपरान्त मेरी माता को श्रीमती विमला पवार के नाम से समस्त शासकीय, अशासकीय तथा अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जाना पहचाना, पढ़ा लिखा जावे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अमरूत पिता श्री हरबू , निवासी- देवपिपरिया पोस्ट - रते?ा कला , तहसील - आमला जिला - बैतूल म. प्र.। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अमरू त्रुटिवंश दर्ज हो गया है ,जो कि गलत है, मेरा सही नाम स्थायी निवास प्रमाण पत्र ,परिचय पत्र ,जाति प्रमाण पत्र में अमरूत पिता श्री हरबू दर्ज हैं, जो कि वास्तविक व सत्य है,

अमरू और अमरूत दोनों मेरे ही नाम हैं, अत: प्रकाशन उपरांत मेरे सभी शासकीय/अशासकीय व व्यक्तिगत दस्तावेजों में सही नाम अमरूत (AMRUT) पिता श्री हरबू (HARBU) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढा, दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम**
**अमरू पिता श्री हरबू**
**AMRU S/o HARBU**
**नया नाम**
**अमरूत पिता श्री हरबू**
**AMRUT S/o HARBU**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मिलेश व?खिया पिता स्व.श्री छगन व?खिया , निवासी- डोकरवानी तहसील-रामा, जिला- झाबुआ म.प्र. , मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मिला वडाकिया पिता श्री च्छगन वडाकिया त्रुटिवंश दर्ज हो गया है ,जो कि गलत है, मेरा सही नाम , स्थायी निवास प्रमाण, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेजों मे मिलेश व?खिया पिता स्व.श्री छगन व?खिया दर्ज है, जो कि वास्तविक व सत्य है , अत : प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड व सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम मिलेश वखिया (Milesh Wadakiya) पिता स्व. श्री छगन वखिया(Chhagan Wadakiya ) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा पढ़ा , दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम**
**मिला वडाकिया पिता स्व. श्री च्छगन वडाकिया**
**Mila Wadakiya s/o Chhagan Wadakiya**
**नया नाम**
**मिलेश वखिया पिता स्व. श्री छगन वखिया**
**Milesh Wadakiya s/o Chhagan Wadakiya**

### ग्राम पंचायत लसूडिया धाकड ज.पं. सीहोर जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 39 दिनांक 12/02/2026

Estimate For Solar High Mast Pole installation in Gram panchayat Baijnath Ashta Janpad Ashta

| S. No. | Sor No | Unit | Item Description | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rates taken from GEM PORTAL | 1 job | SOLAR HIGH MAST LIGHTING SYSTEM, SOLAR FLOOD LIGHT 60 W, INBUILT BATTERY LIFEPO 451 AH 12.8.V, SOLAR PANEL 165W 10 MTR 3 mm THICKNESS 150 TOP BOTTOM 300, BASE PLATE 16 mm, Wind Withstand Capacity more than 35 m/s FOUNDATION NUT IP 65 insulation FOR LED Lamps, LED lamps 4/6 nos BOLD ALL ACCESSORIES COMPLETE SET WITH INSTALLATION AND COMMISSIONING Preferable make Bajaj, philips, orient And MPPWD/MPUVN approved make | 1 | 270000 | 270000 |
| | | | | | Total | 270000 |
| | | | Add 12%GST | | | 32400 |
| | | | Grand Total | | | 302400 |

Say Rs 3.00 lacs

**निविदा प्रकाशन होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।**

### ग्राम पंचायत टिटोरिया ज. पं. आष्टा जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 29 दिनांक 13/02/2026

Estimate For Solar High Mast Pole installation in Gram panchayat Baijnath Ashta Janpad Ashta

| S. No. | Sor No | Unit | Item Description | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rates taken from GEM PORTAL | 1 job | SOLAR HIGH MAST LIGHTING SYSTEM, SOLAR FLOOD LIGHT 60 W, INBUILT BATTERY LIFEPO 451 AH 12.8.V, SOLAR PANEL 165W 10 MTR 3 mm THICKNESS 150 TOP BOTTOM 300, BASE PLATE 16 mm, Wind Withstand Capacity more than 35 m/s FOUNDATION NUT IP 65 insulation FOR LED Lamps, LED lamps 4/6 nos BOLD ALL ACCESSORIES COMPLETE SET WITH INSTALLATION AND COMMISSIONING Preferable make Bajaj, philips, orient And MPPWD/MPUVN approved make | 1 | 270000 | 270000 |
| | | | | | Total | 270000 |
| | | | Add 12%GST | | | 32400 |
| | | | Grand Total | | | 302400 |

Say Rs 3.00 lacs

**निविदा प्रकाशन होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।**

### ग्राम पंचायत बोरखेडा ज. पं. आष्टा जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 052 दिनांक 13/02/2026

Estimate For Solar High Mast Pole installation in Gram panchayat Baijnath Ashta Janpad Ashta

| S. No. | Sor No | Unit | Item Description | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rates taken from GEM PORTAL | 1 job | SOLAR HIGH MAST LIGHTING SYSTEM, SOLAR FLOOD LIGHT 60 W, INBUILT BATTERY LIFEPO 451 AH 12.8.V, SOLAR PANEL 165W 10 MTR 3 mm THICKNESS 150 TOP BOTTOM 300, BASE PLATE 16 mm, Wind Withstand Capacity more than 35 m/s FOUNDATION NUT IP 65 insulation FOR LED Lamps, LED lamps 4/6 nos BOLD ALL ACCESSORIES COMPLETE SET WITH INSTALLATION AND COMMISSIONING Preferable make Bajaj, philips, orient And MPPWD/MPUVN approved make | 1 | 270000 | 270000 |
| | | | | | Total | 270000 |
| | | | Add 12%GST | | | 32400 |
| | | | Grand Total | | | 302400 |

Say Rs 3.00 lacs

**निविदा प्रकाशन होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।**

### ग्राम पंचायत बरखेडी ज. पं. सीहोर जिला सीहोर

प्रकरण क्रमांक 20 दिनांक 13/02/2026

Estimate For Solar High Mast Pole installation in Gram panchayat Baijnath Ashta Janpad Ashta

| S. No. | Sor No | Unit | Item Description | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rates taken from GEM PORTAL | 1 job | SOLAR HIGH MAST LIGHTING SYSTEM, SOLAR FLOOD LIGHT 60 W, INBUILT BATTERY LIFEPO 451 AH 12.8.V, SOLAR PANEL 165W 10 MTR 3 mm THICKNESS 150 TOP BOTTOM 300, BASE PLATE 16 mm, Wind Withstand Capacity more than 35 m/s FOUNDATION NUT IP 65 insulation FOR LED Lamps, LED lamps 4/6 nos BOLD ALL ACCESSORIES COMPLETE SET WITH INSTALLATION AND COMMISSIONING Preferable make Bajaj, philips, orient And MPPWD/MPUVN approved make | 1 | 270000 | 270000 |
| | | | | | Total | 270000 |
| | | | Add 12%GST | | | 32400 |
| | | | Grand Total | | | 302400 |

Say Rs 3.00 lacs

**निविदा प्रकाशन होने के पश्चात एक सप्ताह के भीतर इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन



**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर सुश्री अवनधती प्रधान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जनपद पंचायत मेघनगर एवं थांदला क्षेत्र के कुल 193 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे, जबकि 1 जोड़े ने शहर काजी की उपस्थिति में निकाह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया एवं पूर्व विधायक कलसिंह भाबर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत मेघनगर की अध्यक्ष श्रीमती ललिता मुनिया ने की। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला गौरसिंह वसुनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया ने सभी नवदंपतियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और सभी पात्र हितग्राहियों को इसका शत-प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने कार्यक्रम को सफ ल बनाने में सहयोग देने वाले सभी कर्मचारियों की सराहना की। वहीं जनपद अध्यक्ष श्रीमती ललिता मुनिया ने सभी जोड़ों के सुखी एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अवनधती प्रधान ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज सावले ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह के पश्चात प्रत्येक जोड़े को 49,000 रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी, जो नवविवाहित दंपत्तियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान के साथ अग्नि के समक्ष सभी जोड़ों का वैवाहिक संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नवदंपत्तियों को सुखी, समृद्ध और मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया गया। साथ ही उप संचालक श्री सावले द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी नवदंपतियों को किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

# अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह ने सिलेंडर की किल्लत के विरोध में किया प्रदर्शन



**समय जगत, बुरहानपुर।** देशभर में सिलेंडर के भाव में हुई वृद्धि एवं किल्लत को लेकर युवक कांग्रेस बुरहानपुर के अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह के नेतृत्व मैं शनवारा चौराहे पर सिलेंडर को पुष्पमाला पहनाकर उसकी अर्थी निकाली गई तथा शहर के विभिन्न होटल पर सिलेंडर की अर्थी ले जाकर संचालकों से गैस की किल्लत एवं मूल्य में वृद्धि को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह, जिला अध्यक्ष अर्जुन जंगले , पूर्व पार्षद के.डी.पटेल, कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरिता भगत, NSUI जिला अध्यक्ष सोहराब कुरैशी, अश्विन पाटील ,अजय ठाकुर, कुणाल पवार, असलम पार्षद , इमरान भाई, दानिश , आकाश कनौसिया आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा की जिला महामंत्री बनने पर किया सम्मान



**समयजगत, माचलपुर।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की राजगढ़ जिला महामंत्री मनोनीत होने पर अंकिता नागेश जोशी को परिवार एवं समाज द्वारा सम्मानित किया गया। ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन रश्मि जोशी जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया, जिसमें राजगढ़ जिले की महिला प्रकोष्ठ की जिला महामंत्री अंकिता जोशी को बनाया गया। जिस पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। अंकिता का कहना है कि वे समाज के लिए तत्परता से कार्य करेंगी एवं समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूती प्रदान करेंगी। इस अवसर पर परिवार एवं समाज के लोग एकत्रित थे।

### नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन



**समय जगत, आष्टा।** न्यायालय परिसर, आष्टा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार दिनांक 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा की अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश विजय डांगी एवं न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश श्रीमती ऋचा शर्मा, श्रीमती ऋचा जैन, भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच बिन्देश्वर कामथ के जावर प्रबंधक शम्भूनाथ चौधरी कन्नौद मिर्जी , रजत जैन कन्नौद रोड प्रबंधक श्रीमती रिंकू मुजलदा ,कोठरी प्रबंधक मनोज कुमार वायकर, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक रमेश सिंह, भानू तिवारी अधीक्षक यंत्री, विजय पाटीदार बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक, एम.के. कारपेंटर म.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक, अधिवक्ता संघ सचिव सीताराम परमार ,अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ किया गया। लंबित प्रकरणों में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान के द्वारा कुल विद्युत प्री लिटिगेशन के 607 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए थे। जिसमें से राजीनामा अनुसार कुल 607 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 1214 पक्षकारगण को 55,31,000 रुपये का लाभ हुआ। न्यायालय के कुल 58 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 58 प्रकरणों निराकरण हुआ, जिसमें 146 पक्षकारों को 40,94,500 रुपये का लाभ हुआ। न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में 124 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे, जिसमें से 13 प्रकरण निराकृत हुए तथा 41 पक्षकारगण को 20,28,187 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रकार न्यायाधीश नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्री लिटिगेशन के कुल 7 प्रकरण जिसमें से 7 का निराकरण हुआ और 7 पक्षकारगण को 447400 रुपये राशि राजीनामा अनुसार जमा कराई गई एवं न्यायालय के कुल 101 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें ने 101 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 158 पक्षकार 12,19,900 रुपये से लाभान्वित हुए। न्यायाधीश श्रीमती ऋचा शर्मा के न्यायालय में 97 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे, जिसमें से 90 प्रकरण निराकृत हुए तथा 128 पक्षकारगण को 11,33,000 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश श्रीमती ऋचा जैन के न्यायालय में प्री लिटिगेशन के संपत्तिकर/जलकर के कुल 99 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 99 पक्षकारगण 8,93,597 रुपये जमा कराये गये एवं न्यायालय के कुल 324 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 52 प्रकरण निराकृत हुए तथा 139 पक्षकारगण को 20,39,319 रुपये का लाभ प्राप्त हुआ।

# सिलवानी न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का किया आयोजन, 298 मामलों का हुआ निराकरण



**समय जगत, सिलवानी।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में शनिवार, 14 मार्च को सिलवानी न्यायालय परिसर में सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के अवसर पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीता पचौरिया ने उपस्थित अधिवक्ताओं और पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत में न्याय की प्रक्रिया त्वरित होती है और पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ता है तथा कटुता समाप्त होती है। साथ ही समय, धन और श्रम की भी बचत होती है। लोक अदालत में निराकृत मामलों में न्याय शुल्क भी वापस प्राप्त हो जाता है। लोक अदालत के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीता पचौरिया की खंडपीठ का गठन किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद तथा बैंक रिकवरी से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। इस दौरान न्यायालय में लंबित 30 मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नगर परिषद सिलवानी एवं विभिन्न बैंकों से संबंधित कुल 268 मामलों का निराकरण किया गया, जिनमें 1 करोड़ 17 लाख 10 हजार 300 रुपये की वसूली हुई। लोक अदालत के दिन बड़ी संख्या में पक्षकार अपने मामलों के निराकरण के लिए न्यायालय पहुंचे और समाधान के बाद संतोष व मुस्कान के साथ अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। इस अवसर पर न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने बैंक एवं नगर परिषद सिलवानी द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा पक्षकारों की समस्याएं सुनीं।

# मंडी में तरबूज की बंपर आवक शुरू गर्मी बढ़ते ही मांग में हुआ इजाफा



**पचोर।** गर्मी का असर बढ़ते ही शहर की फल मंडी तरबूज से सजने लगी है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से बड़ी मात्रा में तरबूज की आवक हो रही है, जिससे बाजार में इसकी भरपूर आपूर्ति बनी हुई है। व्यापारियों के अनुसार रोजाना 5 से 7 गाड़ियां मंडी में पहुंच रही हैं, जिनमें करीब 200 टन तरबूज आ रहा है। लगभग उतनी ही मात्रा में इसकी खपत भी हो रही है। गर्मी के मौसम में तरबूज की मांग तेजी से बढ़ने लगी है और लोग इसे पसंद से खरीद रहे हैं। मंडी में तरबूज का भाव 8 से 10 रुपए प्रति किलो के बीच बना हुआ है, जिससे यह आम उपभोक्ताओं के लिए भी सुलभ है। सड़क किनारे ठेलों और दुकानों पर भी तरबूज की बिक्री जोरों पर है। व्यापारी कमल राजोरे और राजेश राजोरे ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में इसकी मांग और बढ़ सकती है, जिससे मंडी में आवक भी बढ़ने की संभावना है।

**स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद:** तरबूज में पानी की मात्रा अधिक होती है, जिससे यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और गर्मी में लू से बचाव करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। डॉक्टर भी गर्मियों में इसके सेवन की सलाह देते हैं।

# साहू समाज द्वारा मां कर्मादेवी जयंती पर निकाला गया भव्य चल समारोह

## चल समारोह में बड़ी संख्या में महिला- पुरुषों के साथ बच्चे भी हुए शामिल



**समय जगत, नरसिंहगढ़।** साहू समाज द्वारा प्रतिवर्ष मां कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है, इस पर्व के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम साहू धर्मशाला में किए गए जिसमें फाग उत्सव, रंगोली,चित्रकला के साथ नृत्य गायन- वादन के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस के साथ कलात्मक प्रस्तुतियां दीं। रविवार दोपहर 3 बजे बड़ा बाजार राम जानकी साहू मंदिर से मां कर्मा देवी का चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह नगर के पांडव चौराहा छतरी चौराहा फूल बाग चौराहा सूरजपोल होते हुए सरस्वती स्कूल पहुंचा , चल समारोह का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में समाज बंधुओं द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया जो सरस्वती स्कूल पहुंचा जहां महाआरती के साथ चल समारोह का समापन किया गया। ढोल-धमाकों के साथ निकले चल समारोह में शामिल युवा मॉ कर्मा के जयकारे एवं महिलाएं मंगल गीत गाते चल रही थी। इस दौरान मॉ कर्मा की आकर्षक झांकी भी सजाई गई, जो नगरवासियों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह का नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सरस्वती स्कूल में शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं व सम्मान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। साथ ही इस दौरान तीन दिवसीय आयोजन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। चल समारोह में प्रमुख रूप से साहू समाज अध्यक्ष भगवान दास मुन्ना साहू , उपाध्यक्ष दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष पूनम चंद साहू, सचिव एडवोकेट संजय साहू, हरिनारायण साहू, गोकल साहू, रमेश चंद्र साहू, नवयुवक युवा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, प्रकाश साहू, अंकित साहू, पंकज साहू, दिलीप साहू, मुकेश साहू, अशोक साहू, अरविंद साहू, रवि साहू, प्रदीप साहू, महेंद्र साहू, राजेन्द्र साहू, सुनील साहू, चंद्र प्रकाश साहू , रूबल साहू महिला मंडल अध्यक्ष लता साहू, समाजसेवी कृष्णा साहू , उषा साहू सहित सैकड़ों समाजबंधु और महिलाएं शामिल थी।

# ग्राम लाल पठार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**गंज बासौदा।** सिनर्जी संस्थान और SBI फाउंडेशन के अंतर्गत संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स के माध्यम से गंजबासौदा ब्लॉक के गांव लाल पठार में सभी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम लाल पठार में 304 मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। जिसमें बच्चों की जांच, हड्डी, आंखों में मोतियाबिंद रेडियस, चश्मा, सामान्य OPD और BP, शुगर, हीमोग्लोबिन, बुखार, सर्दी, खांसी, कान, एलर्जी, बॉडी पेन, ANC, PNC की जांच कि गई। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेश तनवानी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हरि प्रसाद सेवा सदन बैरागढ़, जरनल फिजिशियन डॉ सचिन अग्रवाल, भौतिक चिकित्सक डॉ विवेक लाडिया एवं विदिशा कैंप सेंटर इंचार्ज रविंद्र रघुवंशी सहित सभी डॉक्टरों के द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। साथ ही अवेयरनेस सेशन के दौरान HPV के बारे में सभी को बताया गया। साफ सफाई से रहने स्वच्छता का ध्यान रखने की सलाह दी गई। इस मौके पर सिनर्जी संस्थान से डॉक्टर सचिन अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक बुलबुल मौर्य, प्रिया वंशकार, सलोनी चौकसे, सोना पंथी, रोहित विश्वकर्मा , राहुल नामदेव एवं विभिन्न ग्रामों से आशा कार्यकर्ता दया अहिरवार, विमला अहिरवार, प्रियंका उपाध्याय, हेमलता कुशवाह, ललिता अहिरवार, आंगनवाड़ी सहायिका सरोज कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में सभी ग्रामवासियों ने सहयोग किया।

# सशक्त एवं जागरुक उपभोक्ता ही हैं मजबूत अर्थ व्यवस्था की नींव: खाद्य मंत्री श्री राजपूत



**समय जगत, भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है। श्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है।

# तिलोरा में नवांकुर संस्था द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**समय जगत, मैहर।** विकासखंड मैहर के सेक्टर नादन अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन तिलोरा में नवांकुर संस्था वात्सल्य द राइजिंग यूथ फाउंडेशन, मैहर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला सतना के जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी एवं विकासखंड समन्वयक प्रदीप तिवारी के निर्देशानुसार त्रैमासिक कार्ययोजना के तहत प्रस्फुटन शक्ति संचयन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियों की क्षमता संवर्धन करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक अंबुज द्विवेदी उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षण के लिए परामर्शदाता अरविंद गर्ग तथा नवांकुर संस्था के सचिव अजय गुप्ता ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नादन सेक्टर की पांच प्रस्फुटन समितियां अमिलियाकला, तिलोरा, बुदेरुआ, कंचनपुर और देवरा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शारदा माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अंबुज द्विवेदी ने ग्राम प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों से संवाद करते हुए समाज सेवा और गांव में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। इसके बाद प्रशिक्षक अरविंद गर्ग ने प्रस्फुटन समितियों के कार्य, संरचना और उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रसोई गैस की किल्लत के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**समय जगत, इटारसी।** पुरानी इटारसी में युवा कांग्रेस द्वारा देश में व्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया, इस दौरान नाले में पाइप डालकर गैस निकालने का प्रयास किया गया। पीएम मोदी ने एक समय वक्तव्य दिया था कि नाली के पानी से भी गैस निकाली जा सकती है, इसलिये ऐसा प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने कहा कि देश में सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है , लोगों को लाइन में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है परंतु देश की भाजपा सरकार लोगों को राहत पहुंचाने में पूर्णतः असफल है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि आज देश में एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत है। जहां एक ओर देश के पीएम नाली से गैस निकालने जैसी फिजूल बातें करते हैं वहीं आज जब देश संकट में है तो उनकी ओर से किसी भी प्रकार की कोई बात जनता के सामने नहीं रखी गई। इससे स्पष्ट होता है देश की भाजपा सरकार जनता के मुद्दे पर खरी उतरने में असफल है। सौम्य दुबे ने कहा कि दो देशों की लड़ाई का नुकसान आज हमारे देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। जहां नंबर लगाने के बाद भी लोगों को गैस के सिलेंडर नहीं उपलब्ध हो रहे हैं वहीं व्यवसाय करने वाले होटल और रेस्टोरेंटों को बंद करने की नौबत आ गई है, इसकी पूर्णतः जिम्मेदार देश में संचालित भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सरकार केवल यह भ्रम फैला रही है कि किसी भी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है परंतु स्थिति कुछ और है। इसी मतरह अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें कहा गया कि भाजपा सरकार अब तक के इतिहास की सबसे कमजोर सरकार है पूरे विश्व में कहीं भी जरा सा कुछ होता है उसका असर हमारे देश पर पड़ता है आमजन को लाइनों में लगना पड़ता है। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती है यही स्थिति आज सिलेंडर को लेकर है। जहां आमजन को लंबे-लंबे लाइनों के लाइनों में लगने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिम्मेदार जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सिवनी मालवा विकास राजपूत ने कहा देश की जनता जब किसी मुसीबत में हो तो सरकार की जिम्मेदारी बनती है की मुसीबत का हल तुरंत निकाले परंतु हमारे देश की सरकार केवल भ्रम फैलाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रतीक मालवीय , nsui जिला अध्यक्ष मयंक चौरे , विक्रमादित्य तिवारी , आदिवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष समीर परते , पार्षद - दिलीप गौस्वामी , अंजलि कलोसिया , सीमा भदौरिया , पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी , मोनी चंद्रवंशी , पप्पी कलोसिया , युवक कांग्रेस के साथी आशीष परदेशी , मो. आमिर , उत्कर्ष गालर , प्रणय मिश्रा , रजत महलहा, सचिन तिवारी , आकाश चौधरी , अंशुल गोस्वामी , ऐश्वर्य चौरे , शरद बड़कुर , करण चौधरी , लक्ष्य जैसवाल , पंकज राजपूत , यश चौरे , करण चौधरी , सजल महतो , ओमी देबानी, आदित्य चौधरी, राज गुप्ता , मोहित बघेले, हेमंत सिह , अभिषेक चौरे , छूटलू बड़कुर ,शाहिल , अमन प्रजापति, तनिष्क केवट , वंस गुर्जर , कृष्णा परते, फेज हसन , अमन ख़ान , नितिन जनोरिया , दुर्गेश राजपूत , समीर सिगनारे , ओम महतो , चित्रांश नामदेव , अनिमेष यादव , अनुज चौधरी , अर्पित महतो , हर्ष प्रजापति , अमर ठाकुर , रोहित राजपुत , अनिमेष मलैया , यश प्रजापति , नीरज पटेल , कृष्णा सुनानिया , नितिन साहू , पीयूष रघुवंशी , राहुल गौस्वामी आदि साथी और कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान हुआ आयोजित

**समय जगत, विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र शमशाबाद, जिला विदिशा के अंतर्गत भाजपा मंडल, देवखजुरी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 मार्च को किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा सरकार की योजनाओं एवं नवाचार की जानकारी देकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम का प्रथम सत्र राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ प्रारंभ हुआ। इस सत्र का विषय उद्घाटन, इतिहास एवं विकास रहा, जिसमें विषय वक्ता गोविंद सिंह पटेल ने भारतीय जनता पार्टी के गठन, उसके संघर्षपूर्ण इतिहास तथा संगठन की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी के मूल उद्देश्यों एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं और उनके समर्पण एवं परिश्रम से ही संगठन निरंतर आगे बढ़ता है। द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अरविंद श्रीवास्तव ने अपने विचार रखते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। तृतीय सत्र में कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर तोरण सिंह दांगी ने संगठन विस्तार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करना



चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क बढ़ाने और नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का आव्हान किया। चतुर्थ सत्र में कार्य पद्धति एवं कार्यकर्ता संभाल विषय पर वरिष्ठ स्तंभ आनंद जैन ने संगठनात्मक कार्यशैली, अनुशासन तथा टीम भावना के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और समन्वय के साथ कार्य करने से ही संगठन मजबूत बनता है। पंचम सत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन योजनाओं के अपेक्षित लाभ तथा विद्यार्थियों को योजनाओं से जोड़ना विषय पर विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने लाभार्थियों को भी विविध योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। षष्ठम सत्र में सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप एवं संगठन ऐप विषय पर जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज संगठन की बातों को जनता तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। सप्तम सत्र में बूथ प्रबंधन, टिफिन बैठक, आगामी कार्यक्रम, बूथ स्तरीय स्थायी कार्यक्रम एवं मन की बात विषय पर डॉ. राकेश जादौन जी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बूथ संगठन की सबसे छोटी लेकिन सबसे मजबूत इकाई होती है और बूथ को मजबूत बनाकर ही चुनावी सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अतुल यादव (रामगढ़) मंडल उपाध्यक्ष भवानी सिंह रघुवंशी, गोविंद सिंह दांगी, रामचरण किरार, रामलाल शर्मा, सुरेंद्र सिंह बघेल, महेश किरार, मंडल महामंत्री मनोज चतुर्वेदी, रामगोपाल जाटव मंडल मंत्री श्रीमती जगदीश जाटव, श्रीमती सोनम यशपाल रघुवंशी, श्रीमती गुड्डीबाई लालाराम अहिरवार, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, श्रीमती नेहा परीक्षित यादव, दिनेश रघुवंशी, श्रीमती ममता विजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक रघुवंशी, मंडल कार्यालय मंत्री सुनील साहू, मंडल मीडिया प्रभारी चंद्रप्रकाश कुशवाहा, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी यशवंत सिंह मीणा, मंडल सह सोशल मीडिया प्रभारी मनोज धाकड़, आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, सह मंडल प्रचार मंत्री रूपेश यादव, सह प्रचार मंत्री राजकुमार मीणा, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी रणवीर सिंह बघेल, यशवंत सिंह दांगी, मंडल वर्ग नियंत्रक तरवर सिंह रघुवंशी, कार्य समिति सदस्य रामस्वरूप राय, सुनील खटीक, सोनू लोधी, भूपेंद्र रघुवंशी, राजकुमार रघुवंशी, निरंकार सिंह बघेल, यशवंत सिंह, अजय यादव, वीरेंद्र धाकड़ सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण वर्ग से संगठनात्मक कार्यों के लिए नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्राप्त की।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति के लिये हुआ चयन



**मनावर समय जगत।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के परीक्षा परिणाम घोषित हुए, जिसमें उमरबन विकासखंड के 14 बच्चों का चयन हुआ है। जिसमें से तीन बच्चे संकुल केंद्र कन्या उमावि बाकानेर के विद्यालयों के हैं। चयनित बच्चे कन्या उमावि बाकानेर, कु अंजली राठौड़, मा वि धनखेड़ी, से कु अंकिता बेनल, राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना में चयनित बच्चों को कक्षा 9 से 12वीं तक अध्ययन के लिए शासन के द्वारा 12000 की छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष प्रदाय की जाती है, यह परीक्षा कठिन होती है, इसमें चयन होना बहुत बड़ी बात होती है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विकासखंड मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पचौरी, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी दो दीपशिखा बडोले, विकासखान शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण सूर्यवंशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश रावल, विकासखंड अकादमिक समन्वयक देवेंद्र सोलंकी, अजय खोड़े, राकेश कनेल संकुल एवं पी एम श्री प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल, शासकीय मॉडल स्कूल प्राचार्य मुकेश पिपलाद, जनशिक्षक तेजीलाल पंवार, प्रकाश बोर्डिया सहित संकुल के समस्त शिक्षकों ने बच्चों एवं चयनित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए शुभकामनाएं बाधाएं दी।

### पत्रकारिता जगत के शिव हुए कैलाशवासी, पत्रकार जगत में छाई शोक की लहर



**समय जगत, भीकनगांव।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी शिव बाबा शर्मा का गत देर शाम हृदय गति रुकने से दु:खद निधन हो गया। नगर ही नहीं क्षेत्र सहित इष्ट, मित्रजनों में बाबा नाम से प्रसिद्ध स्व. शिव शर्मा 66 वर्ष के थे। स्व. शिव बाबा लगभग 40 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत थे, वहीं क्षेत्र के धार्मिक, सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहे। स्व. शिव बाबा के निधन से पत्रकारिता जगत के साथ नगर सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. शिव बाबा की अंतिम यात्रा में नगर के पत्रकार गणों, गणमान्य नागरिक गण, व्यापारीगण, सहित बड़ी संख्या में लोगो ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके ज्येष्ठ पुत्र चंदन शर्मा (गुरु) ने मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया।

### दो माह की खाद्य सामग्री का होगा अग्रिम आवंटन

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार मार्च एवं अप्रैल तथा मई एवं जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण किया जाना है। इसके लिए समयावधि का निर्धारण किया गया है। मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री का उठाव आगामी 31 मार्च तक करना आवश्यक है तथा दो माह के एकमुश्त राशन वितरण की समय सीमा 10 मार्च से 15 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसी तरह मई एवं जून माह की सामग्री का उठाव 15 अप्रैल से 15 मई तक किया जा सकेगा। राशन वितरण की समय सीमा एक से 31 मई तक निर्धारित है। इस संबंध में जारी निर्देशों में कहा गया है कि एक बार में दो माह की पात्रतानुसार अंत्योदय कार्ड पर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न, नमक एवं शक्कर तथा प्राथमिकता श्रेणी के आधार पर खाद्यान्न एवं नमक का प्रदाय किया जाएगा। हितग्राही को पीओएस मशीन पर दो बार बायोमैट्रिक सत्यापन कराना होगा। वितरण पंजी से राशन सामग्री के वितरण को मान्य नहीं किया जाएगा।

### रतलाम जिले में 721 बालिकाओं को एचपीवी का वैक्सीनेशन किया गया, 90 दिन तक चलेगा अभियान

**समय जगत, रतलाम।** सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है, महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए रतलाम जिले में नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 90 दिन तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि जिले में अब तक 721 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। सिविल अस्पताल आलोट में 118, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल में 79, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में 63, सिविल अस्पताल जावरा में 154, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलोदा में 153, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली में 28, बाल चिकित्सालय रतलाम में 69, मेडिकल कॉलेज रतलाम में 10, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में 47 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया गया है। वैक्सीनेशन के लिए ऐसी सभी बालिका जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है एवं 15 जन्मदिन नहीं मनाया है, निशुल्क वैक्सीनेशन करवा सकती है। वैक्सीनेशन कराने के लिए यू विन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है या सीधे केंद्र पर आकर भी वैक्सीनेशन कराया जा सकता है।

वैक्सीनेशन के लिए आयु संबंधी कोई भी प्रमाण पत्र अथवा स्वयं के घोषणा पत्र के आधार पर भी सहजता से वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। सीएमएचओ ने शंका समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि एच पी वी वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित है। यदि किसी के घर में कैंसर संबंधी कोई मरीज नहीं है, तब भी एच पी वी का वैक्सीनेशन कराया जाना आवश्यक है, ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। एचपीवी का टीका प्रजनन क्षमता को बिल्कुल प्रभावित नहीं करता है, एचपीवी का टीका मासिक धर्म पर कोई प्रभाव नहीं डालता है बल्कि मासिक धर्म होने के दौरान भी एच पी वी का टीका लगवाया जा सकता है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का गार्डशील का एक बार वैक्सीनेशन करना पर्याप्त है। एच पी वी का टीका सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावशीलता प्रदान करता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपनी 14 वर्षीय बालिका का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर निशुल्क एच पी वी वैक्सीनेशन करने की अपील की है।

# नेशनल लोक अदालत: दोनों जीते, कोई न हारा, लोक अदालत बढ़ाये भाईचारा



**समय जगत, खुरई।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के निर्देशन पर दिनांक 14 मार्च को सिविल न्यायालय खुरई जिला सागर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय प्रांगण में शोएब खान द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खुरई एवं उपस्थित समस्त न्यायाधीशण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। न्यायालय परिसर में समस्त न्यायाधीशगण अधिवक्तागण एवं गठित खण्डपीठों के सुलहकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर शोएब खान द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश श्रीमती संध्या मनोज श्रीवास्तव तृतीय जिला न्यायाधीश व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमती चेतनादीक्षित, श्रीमती प्रथा श्रीवास्तव, प्रतीक सिंह तोमर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सुश्री श्रैया गक्खर तथा भरत जैन अध्यक्ष अधिवक्ता संघ खुरई के एवं संघ के पदाधिकारीगण तथा गठित खण्डपीठों के सुलहकर्तागण, अधिवक्तागण एवं विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। द्वितीय जिला न्यायाधीश शोएब खान के न्यायालय में लंबित 41 प्रकरण तथा विद्युत विभाग के प्री-लिटिगेंशन 55 कुल 96 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 1,09,73,919 रूपये के समझौते करवाये गये। श्रीमती संध्या मनोज श्रीवास्तव तृतीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय में लंबित आर.सी.एस.एच.एम 74/25 अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम जिसमें पक्षकार मौसम अहिरवार विरूद्ध श्रीमती नीतू चैधरी आपसी मतभेद के कारण अलग-अलग रह रहे थे, न्यायालय Ddd तथा अधिवक्ता की समझाइश के पश्चात दोनों एक साथ रहने को राजी हुए। न्यायालय में 16 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 8,30,000 रूपये के समझौते करवाये गये। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमती चेतना दीक्षित के न्यायालय में न्यायालय में लंबित 13 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल1,00,000 रूपये के समझौते करवाये गये।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में NCA निवास को मिली जीत, विधायक कप क्रिकेट का भव्य समापन



**समय जगत, मंडला।** क्रिकेट स्पर्धा भारत के प्रमुख खेलों में शुमार है और ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम भी है। इसी उद्देश्य को लेकर निवास नगर के राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता स्वर्गीय विष्णु प्रसाद सोनी की स्मृति में आयोजित की गई थी। समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में भुआ बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम तथा निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडला के व्यवसायी एवं क्रिकेट प्रेमी राजेश पटेल, युवा राहुल सोनी, TVS शोरूम संचालक श्री पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि इलियास खान, नगर अध्यक्ष कैलाश साहू, सुशांत तिवारी, विनीत साहू, अभिलाष चौकसे, मीडिया प्रभारी देवेंद्र रजक 'गोलू', वरिष्ठ व्यवसायी श्रेयांस जैन, संजय जायसवाल 'संजू भैया', फदाली सिंगरोरे एवं प्रताप उइके सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। NCA निवास एवं विधायक कप के आयोजक हितेंद्र गोस्वामी ने अपने पूर्व अनुभव के आधार पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। खिलाड़ियों के प्रति सम्मान और खेल भावना ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

### नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**समय जगत-पोहरी।** नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्रीमती राधा शर्मा के मुख्य मार्गदर्शन में यह स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ. थानेदार के नेतृत्व में सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान कर्मचारियों का सामान्य स्वास्थ्य चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष रश्मि नेपाल वर्मा ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। इसलिए समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है, ताकि कर्मचारी स्वस्थ रहकर बेहतर तरीके से अपनी सेवाएं दे सकें। वहीं सीएमओ श्रीमती राधा शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यह स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है और आगे भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों को स्वच्छता, खान-पान और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

# जिले में भाजपा के मंडल प्रशिक्षण वर्ग का जावरा विधानसभा से हुआ शुभारंभ




**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का रतलाम जिले में जावरा विधानसभा से शुभारंभ कर दिया है। पहले दिन डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल एवं मिंडेश्वर महादेव मंडल मे मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुए, जिनका समापन 15 मार्च को होगा। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रशिक्षण देती है। पार्टी का जब भी नवगठन होता है तो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग में जानकारी दी जाती है। भाजपा आज इतनी बड़ी पार्टी ऐसे प्रकल्पों के कारण ही बनी है। इसकी शुरुआत 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से हो गई थी और बाद में 1980 में वह भाजपा के रूप में सामने आयी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे आमजन से सतत संपर्क में रहें और पार्टी की नीति अनुसार कार्य करते रहें। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जावरा के डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल में विधायक डा राजेन्द्र पाण्डेय, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी, सत्र प्रमुख शैलेंद्र डागा, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल और मिंडेश्वर मंडल मे जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सत्र प्रमुख शैलेंद्र डागा, जिला महामंत्री महेश सोनी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह देवड़ा, वर्ग संयोजक डॉ. मुकेश गुर्जर उपस्थित रहे।



# गैस सिलेंडरों की है पर्याप्त उपलब्धता: तहसीलदार

**राहुल जैन-समय जगत-पोहरी।** पोहरी क्षेत्र में रसोई गैस की कालाबाजारी संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में तहसीलदार लज्जाराम राजौरिया ने भटनावर स्थित इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने एजेंसी में उपलब्ध गैस सिलेंडरों के स्टॉक की जांच की। जांच में एजेंसी पर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध पाए गए। इसके साथ ही उन्होंने वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। तहसीलदार लज्जाराम राजौरिया ने एजेंसी संचालक को निर्देशित किया कि सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि गैस की कालाबाजारी, अनियमितता या उपभोक्ताओं को परेशान करने जैसी कोई शिकायत सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से गैस सिलेंडर बुक कर सकते हैं। बुकिंग के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

# न्यायाधीश ने हत्या के आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**समय जगत, पन्ना।** कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के सहायक मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है। मृतिका के भाई रोहित ने बताया कि, तनु उर्फ तनिशा ने प्रीतम को घर बुलाया। मम्मी -पापा और हम सभी ने प्रीतम को देखकर पसन्द कर लिया था। इसके बाद प्रीतम के पिता जी व उसके बड़े भाई आकर तनिशा को पसन्द कर लिये। प्रीतम अक्सर पन्ना हमारे घर बेनीसागर मोहल्ला में आता जाता रहता था। आने जाने के दौरान तनु उर्फ तनिशा की मम्मी से प्रीतम ने बताया था कि तनु किसी लड़के से बात करती है मेरी बात नहीं मान रही है। दिनांक 16 मार्च को तनिशा का भाई रोहित सुबह करीब 9 बजे होण्डा एजेन्सी के बगल से निकला तो प्रीतम उसे देखकर मुंह छुपाते हुए केन्द्रीय विद्यालय तरफ चला गया। इसके बाद रोहित दोपहर करीब 1.30 बजे वापस घर आया और बाहर का दरवाजा खोलकर बहन तनिशा को आवाज दिया, तनिशा के न बोलने पर रोहित ने दादी के कमरे मे जाकर दादी से पूंछा कि तनिशा कहां है तब दादी ने बताया कि करीब 12 बजे मैं आंगन में बैठी थी तभी प्रीतम आया और तनू को बुलाया, तनु छत से नीचे आयी, फिर तनु और प्रीतम दोनो कमरे के अंदर चले गये, मैं जाकर अपने कमरे में लेट गयी। करीब एक घंटा के बाद तनू एवं प्रीतम के लडने झगड़ने की आवाज आयी थी। इसके बाद रोहित ने फिर से तनू के कमरे के दरवाजा मे जाकर तनू को आवाज दिया कोई आवाज नही आयी, तब उसने दरवाजे पर जोर से लात मारी तो दरवाजा में लगी अंदर की सिटकनी टूट जाने से दरवाजा खुल गया। फिर वह कमरे के अंदर गया तो देखा कि बहन तनू पलंग पर चित्त हालत में लेटी थी, बोल नहीं रही




थी, प्रीतम घबराया हुआ एक तरफ कोने मे खड़ा था, उसे इस हाल में देखकर रोहित को शंका हुई तब वह कमरे से निकलकर बाहर का दरवाजा बंद करने लगा। तभी प्रीतम तनू के कमरे से निकलकर जीना से छत में चढ़ गया और छत से कूदकर भाग गया। फिर मैने तनिशा को देखा तब तनिशा की सांस नहीं चल रही थी, गले में लाल घेरा का निशान बना था, तब रोहित ने अपनी मम्मी को फोन से घटना की जानकारी दिया। मम्मी ने कहा कि पहले तनू को इलाज के लिये अस्पताल लेकर जाओ। जहॉ पर डॉक्टर के द्वारा तनु को मृत घोषित कर दिया गया था। थाना कोतवाली पन्ना में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया व उक्त प्रकरण में गहन तरीके से अन्वेषण किया गया एवं आरोपी प्रीतम रैकवार के मेमोरेण्डम लेखबद्ध किया गया जिसमें उसने बताया कि मैन तनिशा का दुपट्टा उसकी गर्दन में लपेटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद संपूर्ण विवेचना पश्चात धारा 302 भादसं0 के अन्तर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण को शासन द्वारा सनसनीखेज एवं चिन्हित की श्रेणी में रखा गया। न्यायालय सुरेन्द्र मेश्राम, प्रथम अति. सत्र न्यायाधीश पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय में प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीराम यादव के द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- प्रीतम पिता रेखनलाल रैकवार (कश्यप), उम्र 21 वर्ष निवासी बम्हौरी थाना सिमरिया जिला पन्ना के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आये साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- प्रीतम पिता रेखनलाल रैकवार (कश्यप), को भादसं. की धारा 302 में आजीवन कारा बास की सजा से दंडित किया गया।

# राज्य मंत्री ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**उचेहरा।** जनपद के ग्राम पंचायत अटरा में बीते दिन सादे और गरिमामय कार्यक्रम में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने की जबकी विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ( ज्ञानू ) ,कृषि विभाग के एडिशनल डायरेक्टर आर. एस. चर्मकार सरपंच श्रीमती सुषमा सिंह रही। बाबा साहब सामाजिक संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार रैदास , शैलेन्द्र सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ( पप्पू भईया) सतीश रजक (मीडिया प्रभारी ) प्रशांत प्रिंस सिंह, जागेंद्र सिंह सुखेन्द्र कुशवाहा , शिवलाल सिंह रामविश्वास कुशवाहा, मनोज प्रजापति, रामकुमार चौधरी ,राजेंद्र चौधरी,शंखू दाहिया, मंच संचालक राजकिशोर सिंह , निशांत गुप्ता,राकेश केवट ,अभिषेक उपाध्याय, लालमन सिंह, धीरू चौधरी उपसरपंच श्रीमती आराधना सिंह, श्रीमती सविता रजक (आजीविका मिशन समूह अध्यक्ष) श्रीमती विद्या सिंह,राजा बाई , श्रीमती सीमा गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे। आयोजन में उपस्थित जन प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर आयोजन समिति द्वारा सम्मान किया गया।



मेन मार्केट अटरा में हुये चौक के निर्माण उपरांत प्रतिमा का अनावरण बी एस एस कमेटी द्वारा किया गया।

# केंद्रीय मंत्री ने म्याना में सुनीं जन समस्याएं, मौके पर किए निराकरण

**समय जगत, गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को गुना जिले के म्याना में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को प्रोत्साहित किया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के संरक्षण के लिए पौधे और सकोरे भी वितरित किए।



**जनसमस्या निवारण शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं:** म्याना के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में आवास, चिकित्सा सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, खसरा नामांतरण, सीमांकन, पेंशन, विद्युत तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने स्वयं उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया तथा निराकृत मामलों में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। साथ ही उन्हें पक्षियों के लिए सकोरे और पौधे भी प्रदान किए गए।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, बच्ची को समझाकर लगवाई वैक्सीन:** केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने म्याना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने टीईटी आदेश को बताया सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के विपरीत

## 25 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी थोपने का विरोध, तीन लाख कर्मचारियों में आक्रोश



**समय जगत, बैतूल।** टीईटी परीक्षा को लेकर जारी आदेश के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, विधि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को ज्ञापन भेजकर आदेश वापस लेने की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया है कि आदेश जारी करते समय शासन की प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिससे प्रदेश के लगभग तीन लाख शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में भय और रोष का वातावरण बन गया है। ज्ञापन में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सचिन राय ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक यूसीआर/ सी/85/ प्रा.मा.शि./2025-26 दिनांक 3 मार्च 2023/26 में टीईटी परीक्षा के संबंध में आदेश जारी किया गया है, लेकिन इसकी भाषा और उल्लेख से स्पष्ट होता है कि इस विषय में राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, सचिवालय स्तर या स्कूल शिक्षा सचिवालय से कोई सलाह, अभिमत या लिखित अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि शासन नीति के अनुसार ऐसे निर्णयों में राज्य स्तर पर अनुमोदन आवश्यक होता है, जो आदेश में कहीं भी उल्लेखित नहीं है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील क्रमांक 1385/2025 में याचिकाकर्ता एक अशासकीय शिक्षण संस्था है तथा उत्तरदाता राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद नई दिल्ली है। संघ ने सवाल उठाया कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा क्या मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल को जुलाई माह में टीईटी परीक्षा कराने के लिए कोई स्पष्ट आदेश या निर्देश दिए गए हैं, इसका उल्लेख आदेश में नहीं है।

संघ ने बताया कि मध्यप्रदेश के अध्यापक, माध्यमिक शिक्षक और प्राथमिक शिक्षक अपनी पहली नियुक्ति शिक्षाकर्मी और संविदा शिक्षक के रूप में प्राप्त कर सेवा में निरंतर कार्यरत हैं। यह नियुक्तियां सर्वोच्च न्यायालय के आदेश सिविल अपील क्रमांक 4032/1995 मध्य प्रदेश शासन अन्य विरुद्ध दिनेश कुमार अन्य, दिनांक 21 अक्टूबर 1997 तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी शिक्षाकर्मी भर्ती अधिनियम 1997 के आधार पर की गई थीं। इसके बाद शिक्षाकर्मी भर्ती अधिनियम 1998, अध्यापक भर्ती अधिनियम 2008 और राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग भर्ती एवं सेवा की शर्तें नियम 2018 लागू किए गए, जिनमें कहीं भी टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना सेवा शर्त के रूप में उल्लेखित नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील क्रमांक 2634/2013 में स्पष्ट किया है कि किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति के बाद उसकी भर्ती से संबंधित सेवा शर्तों में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। ऐसे में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश शासन की कार्यालयीन प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के विपरीत प्रतीत होता है।

# प्रस्तावित रेल्वे ओवब्रिज की लंबाई चौड़ाई एवं स्थान को लेकर शहर में बैठक हुई आयोजित

**समय जगत, खिरकिया।** नगर मे बनने वाले रेल्वे ओवरब्रिज को लेकर नगर संघर्ष समिति की माहेश्वरी धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। शहर के व्यापारियों, नागरिकों एवं प्रतिष्ठित लोगों ने रेलवे द्वारा प्रस्तावित ओवर ब्रिज की लम्बाई - चौड़ाई पर रोष व्यक्त किया तथा ऐसे विशालकाय ओवरब्रिज को अनावश्यक बताया। खिरकिया में प्रस्तावित रेल्वे ओवरब्रिज के निर्माण की अधिसूचना (धारा 4) जारी होने के बाद आपत्ति दर्ज करना हेतु विचार विमर्श करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया । उपस्थित लोगों ने विचार विमर्श कर निर्णय लिया, जिसमें सचिव मनीष (मोनू) तिवारी ने कहा कि पहले तो सभी यह समझ लें कि हम ब्रिज बनने का विरोध नहीं कर रहे हैं, अपितु ब्रिज के स्थान एवं अतिरिक्त लंबाई-चौड़ाई को लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं, जिससे शहर का स्वरूप भी नहीं प्रभावित हो। इस संदर्भ में शीघ्र ही प्रारंभिक रूप से आमसभा, बाजार बंद एवं अन्य जैसे आंदोलनों का सहारा लिया जा सकता है जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी । बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन, चम्पालाल भंडारी, प्रवीण अग्रवाल,आनंद सोनी, महेंद्र सिंह खनूजा,विक्रम नागड़ा, दिनेश अग्रवाल, अनिल दरबार, गिरिराज माहेश्वरी, गुड्डू अग्रवाल, हेमराज प्रजापत, राकेश पाराशर, शैलेन्द्र बोरसे, नीरज चंद्रवंशी, शिवनारायण रज्जी चंद्रवंशी,प्रजापत, लालू चन्द्वशी, राजेश मेहता,विराज नागड़ा, रितेश कोचर, विजय कोचर, विजय सेठी, निलेश जैन, निलेश तापड़िया, श्याम मालू, सत्यम श्रीवास, राजू गुप्ता, देवेंद्र दरबार, रितेश मूंदड़ा सहित बड़ी व्यापारी एवं प्रभावित लोग उपस्थित थे।

# श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**समय जगत, हरदा।** नवदुर्गा के पावन पर्व के दौरान श्री रामनवमी पर्व को श्री हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा धर्म,संस्कृति और भक्ति के अनूठे भाव को दृष्टिगत रख प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च दिन शुक्रवार को सायंकाल चार बजे से संत रविदास चौक से प्रारंभ होने वाली प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा घंटाघर,चांडक चौराहा, नारायण टाकीज,रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड , जे पी माल, अस्पताल चौराहा,से खेत वाली माता मंदिर ,सिंधी कालोनी,डूडी निवास से परशुराम चौक पर एक धर्म सभा के रुप में समाप्त होगी। इस वर्ष की शोभा यात्रा में श्रीराम,लक्ष्मण जानकी जी,हनुमान जी,केवट तथा शबरी माता की भव्य झांकियां धर्मप्रेमियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही भजन कीर्तन,ढोल,नगाड़े,एवं महापुरुषों की दिव्य झांकियां अखाड़ों का शौर्य प्रदर्शन, सुसज्जित वाहन आकर्षक रथ, मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे। इसके लिए श्री हिन्दू उत्सव समिति एवं विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल के माध्यम से व्यापक रुप से समिति गठित कर प्रभु श्री राम के प्राकट्योत्सव को गरिमामय मनाने हेतु गठित की गई है।इस आयोजन हेतु गठित समिति के लिए डॉ.प्रभु शंकर शुक्ल, नरेन्द्र भांबू के द्वारा मार्गदर्शन प्रदत्त किया गया तथा इस आयोजन के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुन्नालाल धनगर को मनोनीत किया गया। समिति के अन्य मुख्य दायित्व हेतु उपाध्यक्ष 12 सचिव पद के लिए रविलाल पटेल सहित 10 सह सचिव , कोषाध्यक्ष नरेंद्र राठी सह कोषाध्यक्ष 6, युवा आयाम अध्यक्ष राहुल पुनिया सहित 25 सह संयोजक, प्रचार प्रमुख एल एन जी पाराशर सहित नगर एवं ग्रामीण गणमान्य नागरिकों को सम्मिलित किया गया। आयोजित बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा इसे भव्य तथा गरिमा पूर्ण बनाने हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव दिये गये। नगर को नव वर्ष प्रतिपदा को अपनी भारतीय संस्कृति के अनुरूप सजाने,नागरिकों को हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनाएं देने, पोस्टर बैनर एवं बैनर के माध्यम से प्रभु श्री राम में आस्था रखने वाले जन समुदाय को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाने हेतु तथा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया जाने का निर्णय लिया गया।

दर्शन सिंह गेहलोत उपाध्यक्ष जिला पंचायत ओमप्रकाश राठौर एवं अन्य नागरिकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में इसे उत्साह तथा उमंग से मनाने हेतु प्रेरित करने हेतु बहुमूल्य सुझाव दिए।

## सार-समाचार

### समाज में आपसी भाईचारे की स्थापना करना है लोक अदालत का उद्देश्य: तबस्सुम खान



**समय जगत, सिवनी मालवा ।** लोक अदालत की स्थापना करने के लिए सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाई चारा और सामंजस्य की स्थापना करना है । लोक अदालत सरकार की मंशा पर खरी उतर कर कार्य कर रही हैं । उक्त बात साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत के शुभारंभ पर जिला न्यायाधीश तबस्सुम खान ने कही । न्यायाधीश ने कहा कि यह सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण है । इसी सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित हुआ हैं और अब यह साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हो रही हैं । हम सब मिलकर पिछले साल से अधिक मामलों में राजीनामा कराकर इसे सफल बनाने का प्रयास करें । न्यायालय में चल रहे 5 साल से पुराने मामलों में उच्च न्यायालय की सूचीनुसार निराकरण किया जा रहा हैं । जिसका बहुत अच्छा आशानुरूप प्रतिशत प्राप्त हुआ हैं । लोक अदालत की सफलता के लिए अधिवक्ताओं का विशेष सहयोग रहता हैं । न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने कहा कि लोक अदालत लोकहित के लिए आयोजित की जाती हैं । जिसमें पक्षकारो को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास अधिवक्ताओं और न्यायालय द्वारा पहुंचाया जाता हैं । न्यायालय में राजीनामा कर अपने प्रकरण समाप्त करने वाले पक्षकारों को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए न्यायाधीशो ने पौधों का वितरण किया । लोक अदालत में नगर पालिका सीएमओ अमरसिंह उइके, नपाकर्मी और बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे । न्यायालय में आयोजित साल की पहली लोक अदालत में पति-पत्नी के मध्य चल रहे 12 साल पुराने मामले तबस्सुम शाह विरुद्ध अब्दुल वहीद में पति-पत्नी अलग रह रहे थे । जिसमें अधिवक्ता अजीत सिंह राजपूत और विवेक शर्मा की समझाइश पर दोनों एक हो गए । दोनों ने आपसी राजीनामा लोक अदालत में करके साथ रहने का निर्णय लिया । न्यायाधीश तबस्सुम खान व न्यायाधीश अंजली अग्रवाल ने दोनों पति-पत्नी को पौधा भेंट कर सुख और सामंजस्य से रहने की कामना की । जिला न्यायाधीश तबस्सुम खान के न्यायालय में पति-पत्नी के बीच चल रहे तलाक के मामले पूजा विरुद्ध प्रताप सिंह के मामले में अधिवक्ता राजेंद्र पचोरी, चंचल शास्त्री और विनोद शर्मा की समझाइश पर दोनों साथ रहने पर राजी हुए । समझौता उपरांत न्यायाधीश श्रीमती खान ने प्रकरण समाप्त कर उन्हें पौधा भेट कर सुखपूर्वक दोनों के साथ रहने की कामना की ।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए पहले दिन ही दिखा व्यापक उत्साह

**समय जगत, भोपाल ।** शिक्षा का अधिकार ( आरटीई ) अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि :शुल्क प्रवेश के लिए शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला । शुक्रवार को शाम 6 :30 बजे तक 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके थे । राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने आरटीई पोर्टल का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना अभिभावकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है । आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 मार्च से 30 मार्च 2026 के बीच आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र वाले स्कूल में अधिकृत अधिकारी द्वारा किया जाएगा । पात्र आवेदकों का चयन 2 अप्रैल को पारदर्शी ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा ।

# अग्रवाल महिला महासभा ने गणगौर उत्सव मनाया, पशु-पक्षी संरक्षण का दिया संदेश



**समय जगत, हरदा।** अग्रवाल महिला महासभा से बनाये ग्रुप में प्यारा न्यारा ग्रुप के द्वारा गणगौर उत्सव बडे घूम धाम से मनाया। ईसर जी गोरा जी की पूजन अर्चन कर सभी की सुख समृद्धि और अखंड सुहाग की मंगल कामना की । श्रीमति गोयल ने बताया कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा -हमारी धरोहर है और इस धरोहर की नींव हमारे वरिष्ठ जन हैं। इस बात को ध्यान में रखकर कार्यक्रम में पधारी सभी वरिष्ठ महिलाओं का पुष्प गुच्छ माला से सम्मान किया गया। समृद्धशाली समाज से ही समृद्धशाली देश का निर्माण होना सम्भव है। वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंहल, संभागीय अध्यक्ष आभा अग्रवाल ने समाज की एकता समानता पर बल दिया। इस बीच सभी पदाधिकारी गण मौजूद थे। प्यारा न्यारा ग्रुप ने पर्यावरण सरंक्षण पर भी काम किया। प्रकृति के संतुलन बनाये रखने में पशु पक्षियों का बहुत बड़ा योगदान देते हैं उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है और गर्मियों में उन्हें दाना पानी देना परमधर्म है। इस उदेश्य को ध्यान में रखकर सभी सदस्यों ने अपने अपने छत पर दाना पानी रखने का संकल्प लिया। प्यारा न्यारा ग्रुप में ईसर गोरा बनी जोड़ी ने आर्कषण नृत्य प्रस्तुत किया एवं ग्रुप की सभी महिलाओं ने भी सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी,साथ ही मनोरंजक गेम खिलाकर सभी का मन मोह लिया। सरप्राइज गेम में सदाबहार ग्रुप ने इनाम जीता,रुचिता अग्रवाल एवं सोनिया अग्रवाल ने मंच संचालन किया।आयोजक ग्रुप में सुनीता अग्रवाल ,दीपा संध्या, वनिता ,नीतिका, जया ,मोनिका, सरिता कविता ,सपना, अल्पना, जयंती ने कार्यक्रम की बागडोर संभाली। अधिकाधिक मात्रा में महिलाओं ने आकर कार्यक्रम को सफल बनाया अंत में स्वलपाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# धार में एक दिन में 2129 प्रकरणों का निराकरण

**समय जगत, धार।** जिला न्यायालय धार सहित जिले की सभी तहसील न्यायालयों में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों सहित कुल 2129 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिससे हजारों लोगों को राहत मिली। इन मामलों में कुल मिलाकर 24.99 करोड़ रुपये की राशि के अवार्ड पारित एवं वसूली हुई तथा 3539 व्यक्ति लाभान्वित हुए। नेशनल लोक अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार संजीव कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन जिला मुख्यालय धार के साथ-साथ कुक्षी, धरमपुरी, मनावर, सरदारपुर और बदनावर तहसील न्यायालयों में भी आयोजित हुआ। मध्यप्रदेश में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायालय धार के न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एडीआर सेंटर धार से कार्यक्रम में शामिल हुए।



**41 खंडपीठों का गठन:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप सोनी ने बताया कि जिले में नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 41 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में 964 लंबित प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ, जिसमें 21.58 करोड़ रुपये के अवार्ड पारित किए गए तथा 2190 लोग लाभान्वित हुए। इसके अलावा 1165 प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा 3.40 करोड़ रुपये की राशि की वसूली की गई और 1349 व्यक्तियों को लाभ मिला।

**न्याय के साथ पर्यावरण का संदेश:** लोक अदालत में समझौता होने वाले पक्षकारों को वन विभाग के सहयोग से जाम, बरगद, पीपल और आंवला जैसे फलदार पौधे वितरित किए गए। नेशनल लोक अदालत के मूल मंत्र ना कोई जीता, ना कोई हारा की भावना के साथ आपसी सहमति से विवादों का स्थायी समाधान किया गया।

**मोटर दुर्घटना दावा में परिवार को मिला 16.25 लाख का मुआवजा:** नेशनल लोक अदालत के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में मृतक रामसिंह के परिजनों को 16 लाख 25 हजार रुपये की अवार्ड राशि प्रदान की गई। इस राशि से मृतक की पत्नी कमला सहित उनके छह पुत्र-पुत्रियों को आर्थिक सहारा मिला।

**टूटते परिवारों को मिला नया जीवन:** लोक अदालत में कई पारिवारिक विवाद भी सुलझे।

भरण-पोषण और पारिवारिक मतभेद के कारण अलग रह रहे कई पति-पत्नी आपसी समझाइश के बाद फिर से साथ रहने को राजी हो गए। इनमें माया-भारत, मुस्कान-आशीष, किरण-हेमंत और गोपाल-रानी जैसे कई दंपत्तियों ने अपने विवाद समाप्त कर नए सिरे से जीवन शुरू करने का संकल्प लिया।

## जंगल बचाने उतरे लोक कलाकार, महुआ और तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान आग नहीं लगाने की दी समझाइश

# नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को वनाग्नि से बचाव का दिया संदेश

**बैतूल।** गर्मी के मौसम में जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने इस बार जनजागरूकता का अनोखा तरीका अपनाया है। आदिवासी अंचलों में स्थानीय बोली में नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान और उससे बचाव का संदेश दिया जा रहा है। वन संरक्षक बैतूल मधु व्ही. राज, दक्षिण वनमंडल के डीएफओ अरिहंत कोचर, एसडीओ पांडे और आमला रेंज के रेंजर नानकराम कुशवाह की पहल पर यह अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत आमला रेंज के वनग्राम लादी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एकलव्य लोक कला समिति बैतूल के लोक कलाकार बसंत कवड़े और उनकी टीम ने स्थानीय आदिवासी बोली में नाटक प्रस्तुत कर सैकड़ों ग्रामीणों को जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संदेश दिया। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बताया कि महुआ बीनने और तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान कई बार अनजाने में लगाई गई आग पूरे जंगल को भारी नुकसान पहुंचा देती है। इससे वन संपदा नष्ट होती है और वन्य जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। वन विभाग के अनुसार हर वर्ष गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसे रोकने के लिए विभाग सैटेलाइट डेटा से निगरानी, फायर लाइन निर्माण, वनकर्मियों की लगातार गश्त और जनजागरुकता अभियान जैसे उपाय कर रहा है। दक्षिण वनमंडल द्वारा इस बार ग्रामीण अंचलों में स्थानीय कलाकारों की मदद से नुक्कड़ नाटक आयोजित कर जागरुकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अपनी ही बोली में संदेश को आसानी से समझ सकें।



**जंगलों की सुरक्षा का लिया संकल्प:** नाटक के दौरान ग्रामीणों को जंगलों की सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया गया और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहने की अपील की गई। वन अधिकारियों का कहना है कि फायर सीजन के दौरान महुआ और तेंदूपत्ता संग्रहण के समय आग लगने का खतरा सबसे अधिक रहता है, ऐसे में ग्रामीणों की जागरूकता से आगजनी की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अधिकारी आमला नानकराम कुशवाह, परिक्षेत्र सहायक लादी राजेंद्र मोखलगाय, परिक्षेत्र सहायक आमला योगेश साहू, बीट गार्ड मंगारा विशाल वामने, बीट गार्ड लादी भीमराव सातनकर, बीट गार्ड बीजादेही यशवंत सिंह चौहान, बीट गार्ड खतेड़ा देवेंद्र सिंह ठाकुर, बीट गार्ड कलमेश्वरा अरुण प्रताप कौरव, बीट गार्ड पचामा बिजेंद्र कैथवास तथा सरपंच राजू शिलुकर सहित ग्रामीण रूठूं, बबलू और बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण

## प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर दिया जोर

**- न्यायालय में अनलिस्टेड वादों की तिथि निर्धारित कर निस्तारण कराने के दिए निर्देश**

**- एसआईआर के अंतर्गत फार्म 6, 7 व 8 की गहन समीक्षा हेतु वर्चुअल बैठक की**



**समय जगत, ललितपुर।** प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ीकरण करने तथा आमजन को सुलभ सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से मंडल आयुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे ने कलेक्ट्रेट के सभी पटलों एवं न्यायालय का निरीक्षण कर उनके कार्यो की समीक्षा की और मैन्युअल कार्यो को डिजिटाइज करके अध्ययन करने के निर्देश दिए। डीएम सत्य प्रकाश, एसपी मो. मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी पटल प्रभारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि आमजन की समस्याओं को सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए हमे अपने पटल को अप टू डेट रखना होगा तभी हम फरियादी की समस्या का त्वरित समाधान कर पाएंगे। मंडलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग का निरीक्षण कर पटल प्रभारी को निर्देश दिए की शस्त्र नवीनीकरण की तिथि से तीन महत्वपूर्ण शस्त्र स्वामियों को नोटिस भेज कर सूचित किया जाए कि वे निर्धारित तिथि तक अपने शस्त्रों का नवीनीकरण करा लें अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कलेक्ट्रेट न्यायालय का निरीक्षण कर कंप्यूटर पर स्वयं बैठकर दर्ज वादों की समीक्षा की, इसमें कई वाद अनलिस्टेड मिले, उन्होंने निर्देश दिए की ऐसी वादों की तिथि निर्धारित कर उन्हें लिस्टेड किया जाए और निर्धारित तिथि तक उन्हें निस्तारित कराया जाए। मंडलायुक्त ने राजस्व संग्रह अनुभाग का निरीक्षण कर सीआरए को निर्देश दिए कि सेवानिवृत होने वाले अमीनो की लंबित आरसी को नए अमीनो के कार्यो में शामिल करते हुए जल्द से जल्द उनका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कलेक्ट्रेट के डिस्पैच पटलों का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सभी कक्षों के डिस्पैच रजिस्टरों को कंप्यूटराइज किया जाए और जिन कार्मिकों के पास कम्प्यूटर नहीं है, उन्हें कंप्यूटर उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के पूर्व मंडलायुक्त ने निर्वाचन नामावलियों के गहन पुनरीक्षण कर के अंतर्गत जनपद के पोलिंग बूथ पर कार्यरत ब्लू सुपरवाइजर और संबंधित तहसीलदारों से वर्चुअल मीटिंग कर फार्म 6, 7 और 8 के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और मौके पर बूथों पर उपस्थित मतदाताओं से भी वर्चुअल संवाद किया।

# अथ साप्ताहिक राशिफलम 16 मार्च से 2 मार्च 2026

**समय जगत, झांसी। (1)मेष राशि** – इस सप्ताह की शुरुआत से ही तीन दिनों तक वनते हुए कार्यों के विगडने से वैचेनी रहेगी,, ससुराल पक्ष से असहयोग के चलते सुख चौन दूभर हो सकता है,,मातृ पक्ष से भी चिंतित रहेंगे,,चोट चपेट से भी वचने का प्रयास करें,, सप्ताह के तीन दिनों वाद राहत मिलेगी,,विगडे हुए कार्यो में सफलता मिलेगी,, विरोधी आंशिक रूप से अनुकूल होंगे,, तथा कार्य व्यवसाय में लाभ होगा,, सप्ताहांत में सुखद अनुभूति होगी,, दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन करे,, तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करें।

**(2) वृषभ राशि** - सप्ताह के शुरुआती तीन दिनों व सप्ताहांत के दो दिनो मे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे,, वैवाहिक प्रस्ताव मिलेंगे,,कार्य व्यवसाय में सफलता व प्रचुर धन लाभ होगा,,मान सम्मान प्राप्त होगा,,पर सप्ताह के मध्य दो दिन बडे ही असमंजस तनाव पूर्ण हो सकते हैं,, संतान की गतिविधियां चिंता कारण वनेगी,, सरकारी कार्यो में असफलता रहेगी,, सप्ताहांत में सभी अनुकूल होंगे,, भगवती की आराधना व गौरी शंकर रुद्राक्ष धारण करें।

**(3) मिथुन राशि** - सप्ताह के शुरुआती तीन दिनों तक मौसमी रोगों से ग्रस्त हो सकते हैं धनाभाव के कारण नया ऋण लेना पड सकता है,,मामा पक्ष असहयोग मे रहेगा,,पर सप्ताह के मध्य नये सम्बन्ध सहयोगी की भूमिका निभाएगा,,नए स्त्रोतों से धन लाभ होगा जिससे राहत मिलेगी,,, परिवार में सुखद वातावरण रहेगा,, पर सप्ताहांत में पुनः पुरानी समस्याएं परेशान कर सकती हैं,, माता-पिता का स्वास्थ्य प्रभावित होगा,, गुरुवार का वृत करें,, ज्यादा से ज्यादा गुरु मंत्र का जप करें गणपति की सेवा पूजा करे लाभ होगा।

**(4,)कर्क राशि** - इस सप्ताह ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्राप्त होंगे,, संतान पक्ष से उत्साहित समाचार मिलेंगे,, धार्मिक कृत्यों में अभिरुचि बढेगी,, रोजगार के नए नए अवसर मिलेंगे,, जिनसे खूब धन लाभ होगा,,पर कर्ज देने से,,व सिरफिरी महिला से दूरी बनाए अन्यथा धन मान की हानि हो सकती है,, सप्ताह मध्य दाम्पत्य जीवन में,,या विजनिस पार्टनर से अनबन हो सकती है, भोलेनाथ का दर्शन पूजन करें,, पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करें।

**(5) सिंह राशि** -सप्ताह के शुरुआत में ही एकाएक परिस्थितियों में विगाड हो सकता है पुराने अचल सम्पत्ति के सौदे मंहगे हो कर अधिक धन व्यय करवाएंगे,, रक्तचाप को नियंत्रित रखने का प्रयास करें,, कोई प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग आपके लिए लाभकारी होगा,, किसी राजनैतिक हितैषी से फायदेमंद मुलाकात होगी राजकीय फैसले आपके पक्ष में होंगे,, सन्तानों की तरक्की से मन प्रसन्न होगा,, सूर्य नारायण को प्रातः काल अर्घ्य देकर नमस्कार करे,, पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करें।

**(6) कन्या राशि** – यह सप्ताह शुरुआत से ही परिवार भाई बंधुओं का सहयोग मिलेगा,,बल पराक्रम सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी,,अचल सम्पत्ति की खरीद फरोख्त कर लाभ अर्जित करेंगे,, परिवार में धार्मिक कार्यक्रम होंगे,, स्वयं का अथवा संतान का किसी उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश होगा,, परीक्षार्थी किसी प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर मान सम्मान अर्जित करेंगे,, किसी यात्रा का संयोग वनेगा,,गले को एलर्जी या जुकाम से बचाएं,,यह सप्ताह वहुत अच्छा रहने वाला है,, गणपति भगवान की कृपा प्राप्त करें।

**(7)तुला राशि** - कोई पूर्व से निश्चित सौदे या वायदे टूट सकते हैं,, पर उनसे धन लाभ होगा,, सप्ताह के मध्य मित्रों का असहयोग होने से कुछ हानियां सम्भव है इस सप्ताह अत्यधिक मेहनत होने वाली है,,मन में कुछ निराशा भी होगी,, सप्ताह के शुरुआती दिनों में हुआ लाभ सप्ताहांत में खर्च हो सकता है,,वीमारी से स्वयं को वचाए,, गुरु मंत्र का अधिकाधिक जप करें,, पीपल के दर्शन करे, छह मुखी रुद्राक्ष धारण करें।

**(8) वृश्चिक राशि** - यह सप्ताह पिछले सप्ताह की तुलना में अधिक सफलता दायक रहेगा,, शुरुआत से ही धन लाभ होगा,,विगडी वाते वनेगी,, परिवार का वातावरण सुखद होगा,, धातुओं का या धातुओं से लाभ होगा,, परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता मिलेगी,, पर सप्ताहांत में लडाई झगडे से वचे दक्षिण मुखी हनुमान जी दर्शन करे तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करें।

**(9)धनु राशि** - सप्ताह के शुरुआत से ही मानसिक तनाव की स्थितियां उत्पन्न हो सकती है अतैव वाणी की उग्रता को कम करें,, फिजूल खर्ची पर नियंत्रण रखें अन्यथा आपका वजट विगड सकता है,, सप्ताह के मध्य में पुत्र या किसी खास रिश्ते दार का वांछित सहयोग मिलेगा जिससे आप राहत महसूस करेंगे,, माता का मन न दुखाएं उनकी सेवा करें,, तो स्थितियां आपके पक्ष में होगी,, नारायण मंत्र जप व पिप्पल प्रदक्षिणा व दर्शन करें

**(10) मकर राशि** ---वहुत समय से चली आ रही समस्याओं का निदान होगा,,भाग्य साथ देगा,, दीर्घ काल से चल रहा अचल सम्पत्ति से सम्बंधित विवाद का समाधान हो सकता है ,,रोजी रोजगार अच्छा चलेगा धन मान प्राप्त होगा,, नवीन योजनाओं के वारे में विचार होगा,, कोई सुदूर यात्रा हो सकती है,, सप्ताह अच्छा रहेगा,, पर दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन प्रतिदिन करते रहे।

**(11) कुम्भ राशि** - ग्रह गोचर प्रतिकूल होने पर भी इस सप्ताह परिस्थितिया अनुकूल रहेगी,, अधिक श्रम कारी कार्यो से अल्प लाभ होगा,,खोई हुई प्रतिष्ठा वहाल होगी,, पुराने चल रहे वाद विवाद में समझोते की स्थिति तैयार होगी,, सप्ताह के मध्य में दो दिन प्रचुर लाभ हो सकता है,, पर सप्ताहांत में पत्नी का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है खर्चे बढने के कारण आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो सकती है,, शनिवार गुरुवार मे कोई जोखिम वाला काम न करें,, दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन,, पीपल की परिक्रमा प्रतिदिन करें।

**(12)मीन राशि** - यह सप्ताह बडी सफलताएं मिलने वाली है,,भाग्य का पूरा साथ मिलेगा,,नई सफलता दायक यात्राएं होगी,, सभी का सहयोग मिलेगा,,राजकीय सफलताएं भी प्राप्त होगी,, दीर्घ काल से अटके हुए मुकद्दमों का निस्तारण आपके पक्ष में हो सकता है,

धन मान पद प्रतिष्ठा सभी कुछ इस अनुकूल सप्ताह में प्राप्त हो सकता है,, पर अकस्मात धोखे से बचें कोई आपको भरोसे में लेकर धोखा दे सकता है जिसकी भविष्य में आपको बडी कीमत चुकानी पड़ सकती है अतः सावधानी से काम ले,, भगवद्दर्शन प्रति दिन करे।

**ज्योतिष कर्ता**
**पं कमलाकांत अरजरिया**
**(गुरसराय वाले) अन्तर्राष्ट्रीय भागवताचार्य, वैदिक अनुष्ठान कर्ता,, हाल निवास - गल्ला मंडी रोड झांसी**
**मो. 9450041559, 8299510965**

# नन्हे हाथों ने उठाई गौरैया के संरक्षण की मशाल

## भरतपुरा में गौरैया बचाओ अभियान का भव्य आयोजन



**ललितपुर।** प्रकृति और पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता जगाने के उद्देश्य से ब्लाक जखौरा के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतपुरा में एक मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव ऑर्गेनाइजेशन, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एस.एफडी) और भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया बचाओ अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र विद्यालय के बच्चे रहे, जिन्होंने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे स्कूली बच्चों ने गीतों और कहानियों के माध्यम से लुप्त होती गौरैया के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पर्यावरणविद् पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों के साथ अपने जमीनी अनुभव साझा किए। उन्होंने बहुत ही सरल तरीके से बच्चों को समझाया कि कैसे हम अपने घरों के आसपास छोटे-छोटे बदलाव करके गौरैया को फिर से वापस ला सकते हैं। जनपद के युवा लेखक अभिनव जैन ने साहित्य और सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपनी कहानियों और लेखन में गौरैया के चरित्र का जीवंत चित्रण कैसे करें, ताकि समाज में जागरूकता फैले। कार्यक्रम में उत्साह का संचार तब हुआ जब गौरैया रक्षक विकास झा ने बच्चों को सुंदर गौरैया मास्क (मुखौटे) वितरित किए। इन मुखौटों को पहनकर बच्चों ने जो क्रियात्मक प्रतिक्रिया दी, वह देखने योग्य थी। शिक्षा जगत की गरिमामयी उपस्थिति इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मंजूलता सिंह, सहायक अध्यापक नेहा यादव, शिक्षामित्र प्रीति यादव, अनुदेशक रिंकी देवी साहू और मांडवी उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को प्रकृति से जोडने की एक सार्थक पहल है। ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों में इस तरह के संवाद न केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाते हैं, बल्कि पारिस्थितिक तंत्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी सुनिश्चित करते हैं। गौरैया जैसी विलुप्त होती प्रजाति को बचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# अलर्ट - 13 मार्च के बाद शून्य बैलेन्स होने पर अपने आप कट जायेगी बिजली

**समय जगत, ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि.लखनऊ ने पूरे प्रदेश में 13 मार्च से नई व्यवस्था लागू कर दी है। प्रदेश में 13 मार्च से स्मार्ट प्री-पेड व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो जायेगी। इस दौरान प्री-पेड उपभोक्ताओं के खाते में बैलेन्स शून्य हुआ, तो बिजली अपने आप कट जायेगी। प्रदेश में प्री-पेड मीटर लगाए जाने का काम तेजी से चल रहा है। पावर कारपोरेशन ने इसे 13 मार्च से पूरी तरह लागू करने का आदेश दिया है।

इस तिथि के बाद यदि प्री-पेड स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता के खाते में बैलेन्स खत्म होता है, तो उसकी बिजली स्वतरू ही कट जाएगी। इस सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को अलर्ट मैसे भी भेजे जा रहे हैं। इसमें अपने बैलेन्स को चौक करके एवं उसके सकारात्मक बैलेन्स बनाये रखने की अपील की जा रही है। साथ ही बताया जा रहा है कि रिचार्ज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की वेबसाइट, मोबाइल एप, भीम, फोन-पे, गूगल-पे आदि डिजिटल माध्यम से घर बैठे किया जा सकता है। इसके अलावा विभागीय काउण्टर पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद ललितपुर में विद्युत विभाग के 1.67 लाख विद्युत उपभोक्ताओं में से 32 हजार उपभोक्ताओं के यहॉ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जिनमें से 31 हजार 600 मीटर प्री-पेड किऐ जा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं की जो सिक्योरिटी विभाग में जमा है, उसे शुरूआती रिचार्ज के रूप में समायोजित किया जा रहा है। अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी द्वारा सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के मीटर का बैलेन्स निगेटिव में चल रहा है। वह तुरन्त ऐप डाउनलोड कर अपने मीटर का रिचार्ज कर लें अथवा विद्युत विभाग के कैश काउण्टर, विद्युत उपकेन्द्र, उपखण्ड कार्यालय, खण्ड कार्यालय में पहुंचकर सम्पर्क करते हुए अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं और विद्युत विच्छेदन जैसी असुविधा से बचें। उपभोक्ताओं द्वारा अपनी समस्या के समाधान हेतु केन्द्रीयकृत टोल फ्री नम्बर 1912 पर भी दर्ज करा सकते हैं।

# निवाड़ी जिले के 65180 पीएम किसान हितग्राहियों के खाते में 130360000 राशि अंतरित

**समय जगत,निवाड़ी** जिले के 65180 पीएम किसान हितग्राहियों के खाते में 130360000 राशि अंतरित जनपद पंचायत सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, निवाड़ी विधायक श्री जैन ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लोगों के जीवन में हो रहे प्रगतिशील बदलाव पर अपने विचार रखेकृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसान समुदाय को निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान करने के एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिश् (च्ड-ज्ञप्ैंछ) योजना की 22वीं किस्त जारी कर दी है।इस नवीनतम किस्त के तहत, देश भर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 18 हज़ार 640 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। यह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (क्ठज) जमीनी स्तर पर किसानों को पारदर्शी और तत्काल वित्तीय सहायता सुनिश्चित करता है।कार्यक्रम के दौरान जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रमुख कृषि योजा के तहत प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता ने एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। 22वीं किस्त के जारी होने के साथ ही, पीएम किसान योजना के तहत अब तक किसानों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई कुल राशि ?4.09 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना राशि अंतरण समारोह का सजीव प्रसारण किया गया।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना राशि अंतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागार निवाड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक निवाड़ी श्री अनिल जैन एवं कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना राशि अंतरण का सजीव प्रसारण देखा और माननीय प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रीय उद्बोधन को सुना। इस अवसर पर कार्यक्रम के समापन पूर्व अपने विचार रखे और शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभ से लोगों के जीवन में हो रहे प्रगतिशील बदलाव पर अपने विचार रखे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य देश भर के किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करना है, ताकि वे अपनी खेती-किसानी से जुड़े खर्चों को आसानी से वहन कर सकें। निवाड़ी जिले के 65180 पीएम किसान हितग्राहियों के खाते में ?130360000 राशि अंतरित हुई। राशि अंतरण के साथ किसानों के चेहरे खिल उठे। उपस्थित हितग्राहियों ने शासन की अनुग्रह राशि के लिए प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

# जमालपुर मजार के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

**समय जगत,ललितपुर।** जिले के ग्राम सिलगन निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिलगन निवासी कल्लू रायकवार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 मार्च 2026 को शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उनका पुत्र हीरो रायकवार अपने घर पर था।

इसी दौरान गांव का ही दीपक कुशवाहा पुत्र बाबू कुशवाहा उनके घर आया और हीरो को अपने साथ चलने के लिए कहा। इसके बाद हीरो रायकवार अपने दोपहिया वाहन संख्या यू.पी.94 ए.जे.1069 से दीपक कुशवाहा के साथ चला गया। बताया गया कि रात करीब 8 बजे ग्राम जमालपुर मजार के पास ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दी कि हीरो रायकवार का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस डायल 112 ने दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने हीरो रायकवार को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

# एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में नया मोड़, पिता-पुत्र ने एसपी को दिए शपथ-पत्र; आरोपियों पर कार चढ़ाकर हत्या के प्रयास का आरोप

**समय जगत, उरई।** कोतवाली उरई क्षेत्र के बघौरा बाईपास इलाके में कार धुलाई सेंटर संचालक के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली और लूट के मामले में दर्ज एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में नया मोड़ सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने घटना के समर्थन में अपने शपथ-पत्र पुलिस अधीक्षक जालौन को सौंपकर निष्पक्ष विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

बघौरा बाईपास रोड निवासी रणवीर सिंह अपने घर पर कार धुलाई सेंटर चलाता है। उसके पिता जसवंत सिंह ने भी घटना के समर्थन में शपथ-पत्र दिया है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 6 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2रू30 बजे चन्द्रपाल सिंह सेंगर अपने तीन साथियों के साथ न्यू ब्रेजा कार से धुलाई सेंटर पर पहुंचा और जबरन गाड़ी धुलवाने का दबाव बनाने लगा। उस समय दूसरी गाड़ी धुल रही थी, लेकिन दबाव में रणवीर सिंह को उनकी गाड़ी धोनी पड़ी।

आरोप है कि जब रणवीर सिंह ने धुलाई के पैसे मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी कि अगर मोहल्ले में रहना है तो उनकी गाड़ी हमेशा मुफ्त में धोनी पड़ेगी।

पीड़ित पक्ष के अनुसार उसी दिन रात करीब 10 बजे आरोपी लाठी-डंडों और तमंचे के साथ रणवीर सिंह के घर में घुस आए। इस दौरान जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की गई और छाती पर तमंचा लगाकर अटैची में रखे 42,500 रुपये लूट लिए गए, जो मकान में बनी दुकानों का किराया बताया गया है।

इस संबंध में रणवीर सिंह की तहरीर पर 20 फरवरी 2026 को कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 90/2026 के तहत धारा 309(4), 115(2), 333, 351(2), 352 बीएनएस तथा 3(1)(द)(ध) व 3(2)(अ) एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी लगातार दबाव बना रहे हैं। रणवीर सिंह ने आरोप लगाया कि 4 मार्च को जब वह चुर्खी बाईपास से सब्जी लेकर घर लौट रहा था, तभी चन्द्रपाल सिंह सेंगर ने अपनी ब्रेजा कार से उसे कुचलने का प्रयास किया। वह किसी तरह सड़क किनारे कूदकर बच गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

पीड़ित के अनुसार आरोपी लगातार फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं। इस संबंध में रणवीर सिंह और उसके पिता जसवंत सिंह ने घटना का विवरण देते हुए अपने-अपने शपथ-पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपे हैं और मांग की है कि इन्हें विवेचना में शामिल कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कराई जाए।

उधर पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खनिज विभाग की अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन पर कार्यवाही

**निवाड़ी।** जिले में अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के सख्त निर्देशों के अनुपालन मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम ने प्रतापपुरा में अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक सेन के निर्देशन में खनिज निरीक्षक श्री बृजेश कुमार अहिरवार हल्का पटवारी अभिषेक यादव तथा उपस्थित बल में हनीफ, देवानंद एवं शिवम् शुक्ला के दौरा प्रतापपुरा पर खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते 1 हाइवा 12 चक्का को जप्त किया गया वाहन को अभिरक्षा हेतु ओरछा थाने में अभिरक्षा हेतु रखा गया कार्यवाही के मुख्य बिंदुरूस्थलरू प्रतापपुरा में 12 चक्का जप्त कारणरू वैध दस्तावेजों और रॉयल्टी पर्ची के अभाव में अवैध परिवहन के विरुद्ध ।अभिरक्षारू जब्त किए गए वाहन को सुरक्षा के लिहाज से संबंधित थाना ओरछा थाने में रखा गया।

# श्रीरामराजा वृद्ध आश्रम ओरछा में संवेदीकरण जागरुकता एवं आयुर्वेद शिविर किया आयोजित




**समय जगत,निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा श्री रामराजा वृद्ध आश्रम ओरछा वरिष्ठ जनों हेतु संवेदीकरण, जागरूकता एवं आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ एस डी एम श्री अशोक कुमार सेन सर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय सुश्री वान्या टंडन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 75 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण की गई।उपसंचालक सामाजिक न्याय सुश्री वान्या टंडन ने अतिथियों वृद्धो को संबोधित किया गया एवं वृद्धों को वृद्ध आश्रम में दी जाने वाली सुविधाओं एवं शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपने आप को स्वस्थ कैसे रख सकें इसके बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर समाप्त होने के बाद वृद्धो के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा शिविर में डॉक्टर अरविंद कुमार साहू, डॉक्टर कौशल किशोर कुम्हार, डॉक्टर जितेंद्र यादव, डॉ रजनी खरे, महेंद्र रावत ,प्रभु दयाल चढ़ार, शैलेंद्र त्रिपाठी, शंकर लाल कोरी, केशव दास सौर, सविता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# षड़यंत्र की विभीषिका तले अनियंत्रित होते हालात

**भविष्य की आहट**
**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**

**समय जगत,झांसी।** संसार में तीसरे विश्वयुद्ध की दस्तक तेज होती जा रही है। जीवन पर संकट के बाद मडरा रहे हैं। अहंकार, स्वार्थ और वर्चस्व की जंग में षडयंत्रकारियों की फौजें कभी साम्प्रदायिक तानाबाना बुनकर समाज को उलझाती है तो कभी जुल्म की दस्तान लिखकर उसे जायज ठहराने का काम करतीं है। कभी जन्म के आधार पर संगठनात्मक ढांचा तैयार करके व्यक्तिगत लाभ के अवसर तलाशतीं हैं तो कभी सत्ता के सिंहासन के लिए रक्त बहाने का आधार तैयार करतीं हैं। ऐसे में संसार के लिए सबसे ज्यादा घातक अमेरिका के नेतृत्व में संचालित डीप स्टेट है जो डालर जैसा अधिपत्य स्थापित करने की दिशा में निरंतर आगे बढ रहा है। भारत में भी डीप स्टेट की जडें बहुत गहराई तक पहुंच चुकीं हैं। व्यवस्था के लगभग सभी स्तम्भों पर उसकी पकड मजबूत हो चुकी है। कार्यपालिका से जुडे डीप स्टेट के लोगों के द्वारा देश को पतन के गर्त में पहुंचाने वाली योजनायें निरंतर तैयार की रहीं है। उन्हें एन-केन-प्रकारेण देश पर थोपा जा रहा है। देश की प्रतिभाओं को कुण्ठित करने, अयोग्यों के हाथों में दायित्व सौंपने तथा राष्ट्रभक्ति में डूबे लोगों का शोषण करने की गति अब तीव्रगामी हो गई है। धर्म के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, जाति के नाम पर, व्यवसाय के नाम पर, जीवन पद्धति के नाम पर निरंतर बटवारे किये जाते रहे और विष वृक्ष की रोपित पौध को वट वृक्ष की तरह विशालतम स्वरूप दिया जा रहा है। पहले मुगलों ने फिर गोरों ने देशवासियों का खून पिया और अब स्वदेशी का जामा पहने विलायती संस्कारों में रचे-बसे लोग अपनी सशक्त अभिनय क्षमता से देश को किस्तों में गुलामी की ओर बढा रहे हैं। आन्तरिक अशान्ति की पटकथा लिखी जा चुकी है जिसका चरणबद्ध मंचन भी शुरू हो चुका है। लम्बी अवधि तक गुलामी का दंश भोगने वाले देश में अब भी जाति विशेष को शोषक और शोषित के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। प्रतिभाशाली लोगों को जाति के आधार पर देव पुरुष के रूप में पूजित किया जा रहा है। उनके आदर्श, सिद्धान्त और शिक्षायें को हाशिये पर भेजकर पूजा करने वाले केवल और केवल विभाजन की रेखायें खींचने में लगे हैं ताकि श्रमविहीन अर्थ का संचय किया जा सके। सम्प्रदाय-जाति-क्षेत्र-भाषा आदि के आधार पर बटवारे, अयोग्य लोगों की पदस्थापना, प्रतिभाओं का पलायन, विभाजनकारी कारकों का प्रचार जैसे अनेक बिन्दु आज भारत में चरम सीमा पर पहुंचते जा रहे हैं। कभी आरक्षण, कभी पदोन्नति में प्राथमिकता, कभी जातिगत कानून, कभी धर्मगत व्यवस्था को संविधान का अंग बनाकर विश्वगुरु की सामर्थ वाले देश को पतन के गर्त में डुबोया जाता रहा। प्रतिभाविहीन के हाथों में बागडोर सौंपने से सफलता का प्रतिशत भी निम्नस्तर को स्पर्श करने लगता है। कानून के माध्यम से सामर्थवान वर्ग केहाथ बांधकर कोडे लगाने के योजनायें बनायीं जा रहीं हैं। इसी कडी में यूजीसी का नया राक्षस पैदा कर दिया गया। लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग नियंत्रण समितियां जब निष्पक्षता के साथ कार्य कर रहीं थीं फिर अनावश्यक रूप से इस नये कानून की थोपने की मंशा अभी तक देश की समझ से बाहर है। अलग से थाने, अलग से कानून और अलग से व्यवस्था की जब पहले ही बना दी गई थी तब पुनः नई वैमनुष्यताकारी व्यवस्था थोपना कहां तक उचित है। अब तो निजी संस्थानों में भी आरक्षण लागू कराने हेतु बिल लाने की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकीं है ताकि कार्यपालिका में अयोग्य लोगों की भर्ती के बाद देश के निजी क्षेत्रों की क्षमताओं पर भी ग्रहण लाया जा सके। इस तरह के प्रयास वोटबैंक बढाने, सिंहासन पर काबिज रहने और निजी लाभ कमाने के लिए विदेशी इशारे पर सत्ता के गलियारे से हमेशा से ही होते रहे हैं। वर्तमान सरकार भी इसका अपवाद नहीं है। यूजीसी जैसे सांप-छछूंदर वाले खूनी कानून को लागू कराने के पीछे भी सत्ता के गलियारे में मौजूद भितरघातियों की भूमिका के इंकार नहीं किया जा सकता। मीरजाफरों की जमातें कार्यपालिका से लेकर विधायिका तक के अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे लोगों का धर्म केवल और केवल विलासता हेतु धन संचय, सम्मान संचय, बल संचय और प्रभाव संचय तक ही सीमित है। जहां संसार में विघटनकारी ताकतों के अहंकार से उपजा खूनी टकराव निरंतर चरमसीमा पर पहुंचता जा रहा है, आम आवाम की सांसें टूट रहीं है, विकास पथ पर कटीले तार बिछाये जा रहे हैं, क्रियाओं-प्रतिक्रियाओं का कष्टप्रद आदान-प्रदान हो रहा है, संबंधों की दुहाई पर विफोटकों को आमंत्रण दिया जा रहा है तो वहीं देश में मनमानियों के दुःखद परिणामों पर सरकारी दायित्वों के नारे बुलंद हो रहे हैं, अधिकारों की गुंज संचार माध्यमों पर प्रसारित की जा रही है, असामाजिक तत्वों के गिरोहों का गैंगवार हो रहा है,

श्रद्धा को अन्धविश्वास बनाकर परोसा जा रहा है, धार्मिक ग्रन्थों की षडयंत्र भरी विवेचनायें की जा रहीं हैं, धार्मिक-जातिगत उन्माद फैलाया जा रहा है। इन सब के पीछे डीप स्टेट का षडयंत्र और धनबल, लालचियों की स्वार्थपरिता और भीडबल, सत्तालोलुपों का अहंकार और सत्ताबल, व्यवस्था से जुडे लोगों की विलासता और अधिकारबल जैसे कारक हमेशा से ही राष्ट्रहितों पर जलकुम्भी बनकर छाये रहे हैं जो अब नियंत्रणविहीन विस्तारित होकर बेहद घातक हो चुके हैं।


# सत्ता और संगठन का मंडल अध्यक्ष खींच रहे जलवा, प्रभारी मंत्री के नाम पर लिए 40 हजार

## ट्रांसफर कराने के नामपर महिला से की चालीस हजार की वसूली, लगा गंभीर आरोप

**अनूपपुर।** चाल चरित्र और चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के छूट भैय्या नेताओं की कथनी और करनी में कितना फर्क है। इसकी बानगी अनूपपुर जिले में देखने को मिल रही है। जिले की जनता अपनी समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन व सत्तादल के नेताओं से उम्मीद रखते है और उन तक न पहुंच पाने के कारण कुर्ताधारी छोटे कार्यकर्ताओं के चक्कर में पड़कर अक्सर खुद को लूटा हुआ महसूस करते है। छोटे कार्यकर्ता बड़े नेताओं के साथ फोटो सेशन कराकर अपनी पहुंच, पकड़ व करीबी संबंध बताकर ट्रांसफर व अन्य कार्य कराने के नाम पर पहले पैसे कि उगाही करते है बाद में काम न होने पर कलेक्टर, विधायक जिलाध्यक्ष से काम कराने का भभका दिखाकर प्रभारी मंत्री को गाली देने से भी नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर जिला मुख्यालय अनूपपुर के नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी पर एक महिला स्वास्थ्य कर्मचारी का ट्रांसफर कराने के नाम पर 40 हजार रुपए लेने के आरोप लगे हैं। पैसा देने के 1 साल बाद अब तक न महिला का ट्रांसफर हुआ और न पैसे वापस हुए मजबूरी में जब महिला ने भाजपा कार्यालय जाकर धरना देने की बात कही तब मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी कलेक्टर ऑफिस में फाइल होने और कलेक्टर से खुद बात करने और पूर्व विधायक रामलाल रौतेला एवं जिलाध्यक्ष जी से बोलकर काम कराने की बात कहते नजर आ रहे हैं। महिला स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी की पूरी बातों का एक ऑडियो, व्हाट्सअप चैटिंग और फोन पे वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो व्हाट्सअप चैट और फोन पे हुए भुगतान में कितनी सच्चाई है। इसकी अखबार पुष्टि नहीं करता मगर पीड़ित महिला ने मीडिया को यह सारे सबूत देकर अपना पैसा वापस दिलाने की मांग कर रही है।

**क्या है मामला। :** मामला अनूपपुर जिला मुख्यालय का है जहां तहसील रोड संघ कार्यालय के पास निवासरत एवं मुख्यालय से 19 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 43 में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक महिला नर्स जो अपना ट्रांसफर जिला मुख्यालय के 8 किलोमीटर नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराना चाहती थी। महिला के बताए अनुसार महिला के पति जो पेशे से ठेकेदार है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी के दुकान में आना जाना है। जिन्होंने अपनी पत्नी के ट्रांसफर की बात की चर्चा की और युवा नेता ब्रजेश चतुर्वेदी ने भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, बिसाहुलाल सिंह एवं रामलाल रौतेल सहित प्रभारी मंत्री और कलेक्टर से अपनी पकड़ और पहुंच बताकर चुटकी में ट्रांसफर कराने के नामपर 40 हजार रुपए की डिमांड की और महिला ने पैसे भी दिए।






पीड़ित महिला से प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं वर्तमान अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी ने भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के माध्यम से प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार से अनुमोदन कराकर कलेक्टर से ट्रांसफर कराने के नामपर 40 हजार की महिला से मांग की जिसमें महिला ने 5 हजार रुपए फोन पे से दिनांक 22 मार्च 2025 को व शेष रकम 35 हजार नगद दी। जो लगातार 1 वर्ष से अपने ट्रांसफर की आस लेकर मंडल अध्यक्ष के चक्कर लगा रही है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं कलेक्टर अनूपपुर से संपर्क का दे रहा भभका:** वायरल ऑडियो में अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी एवं स्वास्थ्य कर्मचारी महिला एवं महिला के पति और मंडल अध्यक्ष के बीच हुए बातचीत में पूर्व विधायक रामलाल रौतेल, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम कलेक्टर अनूपपुर एवं प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार के नाम का जिक्र और इन्हीं से काम कराने के नाम पर 40 हजार रुपए की वसूली और काम न होने पर पैसा वापसी करने की पेशकश मंडल अध्यक्ष अनूपपुर ब्रजेश चतुर्वेदी दे रहे हैं। महिला से बातचीत के दौरान ब्रजेश चतुर्वेदी यह तक कहते नजर आ रहे हैं कि आपके सामने न एक दिन प्रभारी मंत्री के पीए से बात किया था। और महिला ने यह बात कही कि मुझे याद नहीं है।

वायरल ऑडियो में ब्रजेश चतुर्वेदी महिला के पति से यह बात कहते नजर आ रहे हैं कि प्रभारी मंत्री ने अनुमोदन कर दिया है। फाइल कलेक्टर ऑफिस में रखी है और आपकी पत्नी का ट्रांसफर सूची में नाम है। कलेक्टर छुट्टी में गया था आज ही वापस आया है। मैं अध्यक्ष जी से बात करवाता हूं नहीं तो रामलाल रौतेल जी को साथ लेकर जाऊंगा व कलेक्टर से सीधे सीधे बात करूंगा कि काम होगा कि नहीं। वहीं बात चीत के दौरान ब्रजेश चतुर्वेदी यह बात कह रहे है कि ट्रांसफर का अनुमोदन होकर फाइल कलेक्टर ऑफिस में रखी है करेगा तो कलेक्टर ही जिम्मेदारी प्रभारी मंत्री की है और प्रभारी मंत्री को मां की गाली देते हुए यह बात कहते हैं कि करेगा कैसे नहीं पैसा किस बात का लिया है। जिससे यह बात स्पष्ट होती है कि प्रभारी मंत्री के नाम पर ट्रांसफर कराने महिला से 40 हजार रुपए लिए गए हैं।

**महिला ने दी भाजपा कार्यालय में धरना देने की चेतावनी:** एक साल से न ट्रांसफर होने और न पैसा वापिस करने पर महिला ने भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी के व्हाट्सअप में दिनांक 8 मार्च को यह बात लिखती है कि आप मेरा 40 हजार रुपया दे दीजिए आप मेरा ट्रांसफर न करवा पाओगे। आप बस मेरा पैसा वापस कर दीजिए। आप ये मत सोचिए मेरे पास प्रूफ नहीं है। मैं सारे प्रूफ रखी हूं। कि आपको मैं पैसा दी हूं। आपसे रिक्वेस्ट कर रही हूं कि मेरा नार्मली पैसा दे दीजिए नहीं तो आपके बीजेपी कार्यालय में जाकर बैठूंगी। महिला के मैसेज पहने के बाद मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी ने महिला को फोन लगाकर उसके पति के साथ आकर मिलने की बात कही और भाजपा मंडल अध्यक्ष महिला और उसके पति को बस आजकल आजकल कर कलेक्टर से बात करता हूं, रामलाल रौतेल से कलेक्टर की बात कराता हूं जिलाध्यक्ष जी से कलेक्टर की बात कराता हूं। कहकर महिला को घुमाते नजर आ रहे है। महिला स्वास्थ्य कर्मचारी के पास अनूपपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी और महिला के पति के बीच की बात चीत के ऑडियो व्हाट्सअप चैटिंग और फोन पे में पैसे का लेनदेन कहीं न कहीं उक्त मामले की सच्चाई उजागर करने के लिए पर्याप्त आधार है।

देखना यह होगा कि राम राज्य की बात करने वाली भाजपा अपने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष के ऊपर लगे आरोपों और प्रभारी मंत्री को मां की गाली देने पर क्या कार्यवाही करती है। और क्या महिला का पैसा वापस दिलाकर उसका यथोचित ट्रांसफर कराकर उसे न्याय दिलवाने का भाजपा कार्य करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीआईजी अजय सिंह द्वारा किया गया वार्षिक निरीक्षण



**समय जगत, धौलपुर ।** धौलपुर दौरे के दूसरे दिन उप महानिरीक्षक डीआईजी सुरक्षा, राजस्थान अजय सिंह आईपीएस ने वृत्त कार्यालय ग्रामीण धौलपुर ( सैंपऊ ) का वार्षिक निरीक्षण किया , पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा इस दौरान साथ रहे । उप महानिरीक्षक सुरक्षा, राजस्थान अजय सिंह आईपीएस ने सुबह धौलपुर दौरे के दूसरे व अंतिम दिन वृत्त कार्यालय ग्रामीण धौलपुर ( सैंपऊ ) का वार्षिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम वृत्त कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निरीक्षण पुलिस व्यवस्था, साफ–सफाई, रिकॉर्ड रखरखाव आदि व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और उन्होंने कर्मचारियों से मुलाकात की और कार्यालय की कार्यप्रणाली को परखते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए ।इस दौरान उन्होंने बताया कि वार्षिक निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली और जनहितैषी बनाना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यवाही और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जा रही है ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, वृताधिकारी वृत्त धौलपुर ग्रामीण ( सैंपऊ ) उपस्थित रहे।

### गरीब मरीजों के लिए कैलाश हॉस्पिटल ने दिखाई दरिया दिली

**समय जगत, बांदा ।** बाँदा में जब से कैलाश हॉस्पिटल एन्ड ई एन टी सेंटर की स्थापना हुई है तबसे हॉस्पिटल के डायरेक्टर नाक कान गला एवं कैंसर रोग विशेषग्य डाक्टर भूपेंद्र सिंह लगातार गरीब मरीजों के प्रति अपनी समर्पण भावना के चलते मरीजों को उपचार में राहत देते आ रहे हैं ।उनके द्वारा लगातार निशुल्क कैम्प भी लगाए जा रहे हैं ताकि कोई गरीब मरीज पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न रहे ।इसी कड़ी में रविवार को कैलाश हॉस्पिटल एन्ड ई एन टी सेंटर की तरफ से तिंदवारी के बब्रू रॉड स्थित रमा जीनियस पैलेस में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नाक कान गला एवं कैंसर रोग विशेषग्य डाक्टर भूपेंद्र के साथ जनरल फिजिशियन एन्ड क्रिटीकल केयर डाक्टर पंकज सिंह, स्त्री रोग विशेषग्य डाक्टर के सुषमा, दन्त रोग विशेषग्य डाक्टर एस के सोनी सहित कई अन्य डॉक्टरों ने अपनी अपनी सेवाएं दी इस शिविर में निशुल्क परामर्श के साथ साथ निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं । तिंदवारी व तिंदवारी के आस पास के मरीजों ने इस कैम्प में पहुंच के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया साथ ही इस आयोजन के लिए डाक्टर भूपेंद्र सिंह व उनकी टीम की सराहना की ।

### रहमानिया को 4–2 के अंतर से मिली जीत

**समय जगत, हमीरपुर ।** कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसमे एम.एस.जे स्पोर्ट्स ने रहमानिया कालेज की टीम को 4–2 के अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। रविवार को खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वावधान में जिला क्रीड़ा अधिकारी बृजेश सोनी के मार्गदर्शन में रहमानिया खेल ग्राउंड में जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।इस प्रतियोगिता में खेल गये रोमांचक मुकाबले में मौलाना सलीम जाफरी स्पोर्ट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रहमानिया कालेज की टीम को 4–2 के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की ।मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया जिसको दर्शकों ने खूब सराहा ।प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए पुरूस्कार देकर सम्मानित किया ।इस दौरान प्रतियोगिता में मौदहा हाकी कोच समीर इमाम, रेफरी सोना चौधरी, फुटबॉल कोच शुभम नामदेव, शैलेंद्र, ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुनील सोनी, अख्तर मास्टर, नेहा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे ।

### नोटिस मिलते ही कानूनी जानकारों से राय मशविरा का दौर शुरू

**समय जगत, हमीरपुर ।** उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय से अंतिम सुनवाई का नोटिस मिलने के बाद सिंचाई विभाग की बंधी में काबिज लोग विधि विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने में जुट गए हैं ।16 मार्च से 20 मार्च को सुनवाई के बाद प्रशासन क्या कदम उठाएगा इस सवाल पर अभी सभी की धड़कनें तेज होती जा रही हैं ।विधि विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासन सुनवाई के बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही कर सकता है । कस्बे के बस स्टॉप से लेकर रेलवे स्टेशन के आगे तक सिंचाई विभाग महोबा की बंधी संख्या दो बनी हुई थी इस बंधी को ध्वस्त करके लोगों ने आलीशान व्यापारिक प्रतिष्ठान, आवास कार्यालय आदि बना रखें है ।बांदा मार्ग किनारे बनी इस बंधी का नामोनिशान मिट गया है ।महोबा सिंचाई विभाग ने काबिज 95 लोगों को चिन्हित करके नोटिस दिया था ।इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद उप जिलाधिकारी सदर के न्यायालय से सुनवाई का अंतिम नोटिस दिया गया है ।इसकी सुनवाई 16,18,20 मार्च को तय है ।कब्जा धारक विधि विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने में जुट गए हैं बता दें कि उच्च न्यायालय ने नवंबर 2021 में इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर चुका है ।इस आदेश का अभी तक प्रशासन अमल नहीं कर सका है ।जनवरी माह में कस्बे में हुई लवजिहाद की घटना के बाद यह मुद्दा फिर से उठ खड़ा हुआ है इसके बाद सक्रिय हुए सिंचाई विभाग ने 20 फरवरी को कब्जा धारकों को अंतिम नोटिस दिया था ।इस नोटिस की अवधि 6 मार्च को समाप्त हो गई थी अब 9 मार्च को एसडीएम सदर के न्यायालय से सुनवाई का अंतिम नोटिस दिया गया ।

# वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट ओडीओपी मेले, प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर जिले में 14 से 19 मार्च तक राजस्थान दिवस समारोह मनाया जा रहा है। कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट ओडीओपी मेले, प्रदर्शनी का अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना के मुख्य आतिथ्य में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने मेले, प्रदर्शनी में ओडीओपी के उत्पादो सरमथुरा स्टोन इण्डस्ट्री बाड़ी, आकार स्टोन इण्डस्ट्री चिलाचौंद, कैलादेवी स्टोन इण्डस्ट्री बसेड़ी, मॉवैष्णोदेवी स्टोन इण्डस्ट्री बसेड़ी, जसराम मिल्कफूड प्रोडेक्ट दिहोली, मंजरी फाउंडेशन द्वारा खाद्यय उत्पाद की श्रृंखला में कटोरी एवं टेक्सटाइल क्षेत्र में झूलकी ब्राण्ड तथा राजीविका द्वारा सहेली प्रगति फैडरेशन बसईनवाब की स्टॉलों का अवलोकन कर उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट योजना का उद्देश्य जिले की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। इस प्रकार की प्रदर्शनी से स्थानीय कारीगरों, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों तथा छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें बाजार से जोड़ने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सरकार द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर उद्यमी अपने उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग में सुधार कर सकते हैं तथा उन्हें व्यापक बाजार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और अपने जिले के कारीगरों का समर्थन करें। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह प्रदर्शनी आगामी 5 दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कारीगर और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र मितुल गोयल, सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क राजकुमार मीणा, प्रदीप किशोर जोनवाल, आदित्य शर्मा, अंकित कुमार बंशीवाल, सुधांशु सक्सैना, जसराज मीणा सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।




### मुकम्मल कुरान पर इमाम का हुआ जोरदार स्वागत



**समय जगत, हमीरपुर ।** पवित्र माह रमज़ान का अंतिम दौर चल रहा है ।इसके आखिरी अशरे में मस्जिदों में तरावीह ( क़ुरान मुक्कमल ) होने का सिलसिला शुरू हो जाता है ।जिसमे तरावीह में क़ुरान पढ़ने वाले हाफिज का फ़ूल मालाओं से लादकर स्वागत किया जाता है ।इसी सिलसिले में कस्बा सहित क्षेत्र की कई मस्जिदों में क़ुरान मुक्कमल हुआ । शनिवार को क़स्बे के हैदरगंज स्थित जामा मस्जिद रहमानियां में शहर काजी मौलाना हाफ़िज़ करामत उल्ला साहब के द्वारा 25वीं शब–ए–कद्र के मौके पर तरावीह में क़ुरान मुक्कमल किया ।जिसके बाद हाफिज साहब का फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया और मस्जिद के जिम्मेदार मास्टर परवेज साहब व नौशाद संजरी के द्वारा हाफिज करामत उल्ला साहब को नकद राशि सहित अन्य पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया ।इस दौरान पेश इमाम कारी सनाउल्लाह, मोअज्जिन महमूद अहमद, बौरा भईया दरोगा जी, बाबू चौधरी, मोहम्मद फरीद उर्फ बबलू भाई, गुलाम भाई, डॉ आसिफ परवेज, फैज नसीम, उमैर माहतौ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# समाजसेवी सुमित शुक्ला सदर विधायक के आवास पर पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, बांदा।** रविवार को समाजसेवी सुमित शुक्ला ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पहुंचकर उनको प्रार्थना पत्र सौंप कर सहेवा गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत जगह जगह लीकेज खोदी गई खड़ंजा सड़कों के निर्माण तथा अधिकांश घरों में पानी ना पहुंचने की समस्या से अवगत कराया तथा उक्त समस्याओं के निराकरण की मांग की।

आपको बताते चलें कि विकासखंड महुआ के सहेवा गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने की दिशा में काम किया गया किन्तु आज तक सभी घरों तक पानी नहीं पहुंचा और ना ही खड़ंजा सड़कों का निर्माण किया गया जबकि पहले सड़क खोदने से पूर्व कर्मचारियों ने यही कहा था कि सड़कें आज जैसी है कार्य समाप्त होने के पूर्व वैसी ही करके जायेंगे परन्तु अब गांव में ना तो कोई कर्मचारी दिखता है ना ही कोई अधिकारी पहले तो आरसीसी सड़कों की भी बहुत बुरी दशा थी किन्तु समाजसेवी सुमित शुक्ला द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान लेकर विधायक जी ने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तब आरसीसी सड़कों का मरम्मतीकरण किया गया किन्तु उसके बाद की खोदी गई आरसीसी सड़कें आज तक ऐसे ही पड़ी है । समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि जब से यह योजना चली है ग्रामीण लोगों को राहत मिलने की जगह परेशानी बढ़ गई है अच्छी खासी बनी बनाई आरसीसी सड़कों में गड्ढे तथा खड़ंजा सड़कों की दयनीय दशा के बारे में कुछ कहा ही नहीं जा सकता।

जबकि सड़कें खोदने से पूर्व हम लोगों से यही कहा गया था सड़कें आज जैसी है कार्योपरांत वैसी ही बनाकर देंगे तथा आज तक अधिकांश घरों में पानी भी नहीं पहुंचा है जहां पानी पहुंच भी रहा है वहां लीकेज की समस्या है जिससे सड़कों में कीचड़ होने से मच्छरों के पनपने तथा बिमारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ रहा है माननीय विधायक जी को अवगत कराने के बाद विधायक जी ने हमें आश्वासन दिया है तथा अपने सहयोगियों को जिलाधिकारी को इस सम्बन्ध में पत्र भेजने का निर्देश दिया है इससे पूर्व भी मेरे द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान लेकर विधायक ने जब अधिकारियों को फटकार लगाई थी तब कहीं जाकर आरसीसी सड़कों का मरम्मतीकरण किया गया था अतः हमें पूर्ण विश्वास है कि गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द सभी घरों तक पानी व उक्त अन्य समस्याओं का निराकरण होगा ।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आश्रम पद्धति विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

## प्रवेश परीक्षा में दोनों पालियों में प्राप्त 906 आवेदनों में से 208 अभ्यर्थीयों ने छोड़ी परीक्षा

**समय जगत हमीरपुर।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्रों को आवासीय शिक्षा दिलाने हेतु पूर्व में निर्धारित प्रवेश परीक्षा रविवार को दो पालियों में सम्पादित हुई। जिसमे दोनों पालियों में पंजीकृत 906 अभ्यर्थीयों में से 208 अभ्यर्थीयों ने प्रवेश परीक्षा छोड़ दी है। गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के छात्रों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कराने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से इस वर्ष भी आवासीय शिक्षा हेतु प्रवेश दिलाने के लिए सीटें आरक्षित की गई थीं। जिसमे छात्रों को शिक्षा के साथ विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने बताया कि विद्यालय में शैक्षिक वर्ष 2026-27 में कक्षा 6,7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु पूर्व में निर्धारित प्रवेश परीक्षा 15 मार्च को आयोजित होनी थी।रविवार को मुख्यालय के राजकीय इंटर कालेज में आयोजित आश्रम पद्धति विद्यालय की प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली सुबह 11 से 01 बजे और दूसरी पाली दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक चली। परीक्षार्थियों की कड़ी जाँच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।प्रथम पाली में पंजीकृत 466 परीक्षार्थियों में 322 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए 144 ने परीक्षा छोड़ दी वहीं दूसरी पाली में 440 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमे 376 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए 64 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। वहीं कक्षा 11 में प्रवेश मेरिट के अनुसार लिए जाएंगे।परीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, जीआईसी के प्रधानाचार्य प्रकाश गौरव डायट प्रभारी रमेश चंद्र यादव ने निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराई। परीक्षा केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, अनिल मौर्या, आराधना सिंह, नरेंद्र सिंह याग्निक आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।



## सूरज निकलने से पहले गैस के लिए लोगों की लग रही भीड़


**समय जगत, हमीरपुर ।** प्रतिदिन आपूर्ति आने के बाद गैस का संकट कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है ।सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ एजेंसी के बाहर उमड़ पड़ती है ।ओटीपी आने के बाद ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जाता है । कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी पंकज गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है ।इसके बाद संकट कम होने की बजाय बढता जा रहा है ।डोर टू डोर आपूर्ति एक सप्ताह से बंद है लोगों को बुकिंग करने के बाद सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं ।भोर होते ही एजेंसी के बाहर भीड़ जमा हो जाती है ।गाड़ी के आने पर भीड़ गाड़ी को घेर कर खड़ी हो जाती है ।एजेंसी संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया गैस का कोई संकट नहीं है प्रतिदिन आपूर्ति आ रही है ओटीपी लेकर वितरण किया जा रहा है ।

## राष्ट्रपति को भेजा शिकायती पत्र

**बांदा ।** नरैनी पद्म पुरस्कार से अलंकृत होकर लम्बे समय से नियम विरुद्ध कारनामे और राजस्व चोरी में करने में लगा वैध देवेंद्र त्रिगुणा ।शिकायतकर्ता ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर लगातार नियम विरुद्ध कार्य कर रहे वैद्य पर कार्यवाही की मांग की। तहसील क्षेत्र स्थित पनगरा गांव निवासी अनुराग बाजपेई ने महामहिम को पत्र भेजकर कर अवगत कराया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के आचार एवं पंजीयन बोर्ड द्वारा बनाये गये विनियम जोकि भारत के राज पत्र में दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को प्रकाशित किए गए नियम में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि प्रत्येक चिकित्सक और उसके द्वारा लिखी गयी औषधियाँ स्पष्ट रूप से पढ़ने योग्य अथवा टाइप की गयी हों ।साथ ही कि स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य चिकित्सकीय पर्ची लिखना मरीज के स्वास्थ्य के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है ।जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत संरक्षित है। लेकिन वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा द्वारा नियमों को सरेआम ठेंगा दिखाकर रोगी के प्रिस्क्रिप्शन में औषधि, रोग निर्णय व औषधि सेवन की विधि पता नहीं किस पाण्डु लिपि का प्रयोग कर लिखा जा रहा है। प्रार्थी दिनांक 3 मार्च को दिल्ली कालेखां में मौजूद त्रिगुणेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित चिकित्सालय में गया। वैद्य जी नें मुझे बतौर रोगी देखा फिर अपने पर्चे में सांकेतिक भाषा में कुछ दवायें लिख दीं फिर प्रार्थी चिकित्सालय के दवा काउण्टर से प्राप्त करने हेतु वहाँ के स्टॉफ द्वारा 10 दिन की दवाओं का कुल 740 का भुगतान किया ।किन्तु जब प्रार्थी ने भुगतान करने के लिए बिल माँगा तब वहाँ के स्टॉफ ने बिल नहीं दिया ।इससे स्पष्ट है कि इनके चिकित्सालय में आने वाले रोगियों को बिना जीएसटी बिल के दवायें बेंची जा रही हैं । जीएसटी और सी.एस.टी. की चोरी कर बड़े पैमाने पर भारत सरकार के राजस्व को भारी क्षति पहुँचायी जा रही है ।इसके अतिरिक्त यह वैद्य सभी को प्रभावित करने के लिए अपने पैड में वास्तविक उपाधि छिपाकर मानद उपाधि का उल्लेख कर पद्म पुरस्कारों का भी उल्लेख कर रहा जो नियम विरुद्ध है ।उक्त वैद्य इन्हीं पुरस्कारों के बलबूते सरकारी तंत्र, मंत्री, प्रधानमंत्री, आयुषमंत्री एवं आयुष मंत्रालय के सचिव जैसे उच्चाधिकारियों से अच्छे सम्पर्क बनाये हुए है साथ ही इन्हीं पद पुरस्कारों का प्रदर्शन कर यह भारी भरकम मात्रा में राजस्व चोरी करते हुए राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ पर काबिज है। शिकायतकर्ता ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले सरकारी राजस्व की चोरी करने वाले और पद्म पुरस्कार के लम्बे समय से दुरुपयोग करने सहित सरकारी पदों से हटाए जाने की मांग की।

# अखिल भारतीय मंदिर संगठन परिषद के तत्वावधान में हिंदू तीज त्योहार / वार्षिकोत्सव कैलेंडर एवं पंचांग का हुआ भव्य विमोचन

## सांसद अनुराग शर्मा , विधायक रवि शर्मा , नगर धर्माचार्य हरिओम पाठक, वसंत विष्णु गोलवलकर, पं. मनोज थापक रहे अतिथि





**समय जगत झांसी।** आगामी हिंदू नव संवत्सर 2083 के पावन अवसर पर अखिल भारतीय मंदिर संगठन परिषद के तत्वाधान में ष्हिंदू तीज-त्यौहार / वार्षिकोत्सव कैलेंडर एवं पंचांग का भव्य विमोचन कार्यक्रम आज श्री श्री 1008 श्री गोपीनाथ जी मंदिर (ज्योतिष केन्द्र), गुसाईंपुरा, झांसी में सम्पन्न हुआ।

यह वार्षिक कैलेंडर एवं पंचांग विगत लगभग 20 वर्षों से झांसी के जिला धर्माचार्य महंत विष्णु दत्त स्वामी जी द्वारा शोध एवं परामर्श के आधार पर तैयार कर झांसी की श्रद्धालु भक्तमानस जनता के लिए जारी किया जाता रहा है। इस पंचांग में वर्ष भर पड़ने वाले व्रत, तीज-त्यौहार, शुभ मुहूर्त, पुष्य नक्षत्र, पंचक तथा अन्य ज्योतिषीय तिथियों का विस्तृत विवरण दिया गया है, जिसके आधार पर धर्मावलंबी अपने धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों का निर्धारण करते हैं।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उक्त कैलेंडर का विमोचन अखिल भारतीय मंदिर संगठन परिषद के संस्थापक एवं जिला धर्माचार्य महंत विष्णु दत्त स्वामी जी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक संत-महात्मा, धर्माचार्य, पुजारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कैलेंडर का विमोचन झांसी-ललितपुर के सांसद श्री अनुराग शर्मा, सदर विधायक पं. रवि शर्मा, नगर धर्माचार्य श्री हरिओम पाठक, धर्माचार्य श्री वसंत विष्णु गोलवलकर, पं. मनोज थापक, श्री जयदेव पुरोहित (चेयरमैन-सहकारी बैंक), श्री पुरुषोत्तम स्वामी (डायरेक्टर-सहकारी बैंक), डॉ. आलोक शर्मा (वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट), श्री चंद्र प्रकाश मिश्रा, श्री बृजकिशोर भार्गव श्री दिनेश भार्गव आदि द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही अतिथियों ने सनातन धर्म पर प्रकाश डाला केवल प्रभु गोपीनाथ जी की वंदना की।

इस अवसर पर पं. रवीश त्रिपाठी, पं. विनोद अवस्थी, पं. पीयूष रावत, पं. विशाल त्रिपाठी, पं. रत्नेश दुबे, डॉ. एन.के. जैन, सोम दत्त स्वामी, नीरज स्वामी, स्वराज स्वामी, पार्षद मुकेश सोनी (बंटी), पार्षद प्रदीप खटीक, राजकुमार गोस्वामी, शिवोम, प्रद्युम्न, नरेंद्र शर्मा, अनूप शर्मा, मामू तिवारी, चतुर्भुज शर्मा, विमल दुबे, पंडित पंकज वशिष्ठ, कुलदीप अवस्थी, अमित चिरवारिया, संजीव तिवारी, अमर सिद्ध, अखिलेश गुरुदेव, महेंद्र मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, स्पर्श शर्मा, पं. पवन शर्मा, पं. प्रकाश रावत, पं. चिंतामणि दुबे, पं. राजाराम अनिल शर्मा, किशन तिवारी, अर्पण शर्मा, अनूप सहगल (पूर्व पार्षद), अरुण हरितवाल, नीरज कुशवाहा, कुंजीलाल पाठक, शरद ढिलवारी, मनोज, दिनेश अशोक साहू, संतोष गुप्ता, सुरेन्द्र बिवारी राजेश दुबे, राजेश तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम के साक्षी बने। उल्लेखनीय है कि हिंदू नव संवत्सर 2083 का शुभारंभ इस वर्ष 19 मार्च 2026 को चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस (प्रतिपदा / पड़वा) से होगा, जिसे सनातन परंपरा में नववर्ष का प्रारंभ माना जाता है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत-महात्माओं एवं अतिथियों ने समाज से सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं भारतीय ज्योतिषीय परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन विवेक दत्त स्वामी एडवोकेट एवं डॉ. जितेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया, जबकि अंत में महंत मार्तंड दत्त स्वामी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन, भोपाल में डॉ. नईम को कोंच की रामलीला पर शोध पत्र वाचन हेतु किया गया सम्मानित




**समय जगत, झांसी ।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं रामायण केन्द्र, भोपाल द्वारा श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से मानस भवन में सामाजिक समरसता के आदर्श श्रीराम विषय पर आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय रामायण सम्मेलन में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झाँसी के समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य एवं बुन्देली लोकसंस्कृति के अध्येता डॉ. मुहम्मद नईम ने ÷लोक परम्परा एवं सांझी संस्कृति की प्रतीकदृकोंच की रामलीला÷ विषयक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

अपने शोध पत्र में डॉ. मुहम्मद नईम ने कहा कि बुंदेलखंड की कोंच की रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोक परम्परा, साँझी संस्कृति, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण है। इस रामलीला में विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता भारतीय सांझी संस्कृति की परंपरा को सुदृढ़ करती है।उन्होंने बताया कि कोंच की रामलीला 175 वर्षों से क्षेत्रीय लोक परम्पराओं, जनसहभागिता और आपसी भाईचारे की मिसाल रही है। यह परंपरा समाज में सहयोग, सदभाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करती है। सम्मेलन में उपस्थित विद्वानों और शोधार्थियों ने डॉ. नईम के शोध पत्र की सराहना करते हुए इसे लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर रामायण केंद्र के निदेशक डॉ राजेश श्रीवास्तव, न्यासी सुरेश पटवा, प्रभुदयाल आदि द्वारा डॉ मुहम्मद नईम को श्री राम पट्टिका, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे, प्रो पुनीत बिसारिया, डॉ महेंद्र भीष्म, डॉ शरद शुक्ल आलोक, डॉ अनुभूति, डॉ सुनीता वर्मा, डॉ के एल बिन्दु, संजय सिंघाल, डॉ अशोक धमेनीय, डॉ मालती जोशी, डॉ सीमा शिवहरे आदि सैंकड़ों श्रोता उपस्थित रहे ।

# जिला पंचायत की सड़क का हुआ भूमिपूजन



**समय जगत, गुरसराय।** जिला पंचायत द्वारा माधव पैलेस से मुकेश सेन के मकान की ओर लगभग 285 मीटर सीसी रोड के निर्माण का भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र पटेल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस सड़क के निर्माण से मुहल्ला वासियों को आवागमन में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी , तथा सड़क का निर्माण मानकों के अनुसार होगा । इस अवसर पर दीपू अस्ता ,राकेश सोनी, ललित पटेल, राजीव अडजरिया , कोठारी माते, विवेक लक्ष्कार ,मानवेंद्र बेला ,मानवेंद्र महेवा, बहादुर मुखिया, मुकेश बंगरा, आदि उपस्थित रहे।

# नाली के विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंड़े , आधा दर्जन घायल...

## एक दूसरे के खिलाफ दोनों पक्षों ने दिया शिकायती प्रार्थना पत्र मामला दर्ज

**समय जगत झांसी ।** राजगढ़ के बड़ी माता मंदिर के पास शनिवार को नाली तोड़ने की बात को लेकर दो पक्षों में पहले मुंह बाद हुआ और देखते देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिससे आधा दर्जन लोगों को चोंट आई मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया बाद में दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है मामला थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत राजगढ़ का है।

बिजौली पुलिस चौकी अंतर्गत राजगढ़ बड़ी माता मंदिर के पास रहने वाली कल्पना गौर पत्नी शिशुपाल सिंह ने थाना प्रेमनगर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले गयाप्रसाद पुत्र पाती राम पाल ने हमारे घर के सामने बनी नाली को तोड़ दिया जब नाली तोड़ने की शिकायत की तो गयाप्रसाद ने अपनी पत्नी बेटे और बहू के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए हमारी व हमारे पति शिशुपाल सिंह, पुत्र संजू गौर , यशवंत गौर, कल्पना गौर,की लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी पुलिस ने कल्पना गौर की तहरीर पर सभी नामजद लोगों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया।

दूसरी तरफपाती राम पाल ने थाना प्रेमनगर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ राजगढ़ के माता मंदिर के पास रहता है बीते रोज़ मकान बनाने के लिए एक डम्फर रेत मगाई थी जिसकी चपेट में आकर पड़ोसी की नाली टूट गई जिसको लेकर शिशुपाल सिंह गौर ने अपनी पत्नी कल्पना गौर पुत्र संजू गौर व यशवंत गौर के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए हमारे पूरे परिवार की लाठी-डंडों से मारपीट कर दी पुलिस ने गयाप्रसाद की तहरीर के आधार पर शिशुपाल गौर, कल्पना गौर,संजू गौर और यशवंत गौर के खिलाफमामला दर्ज कर लिया। बिजौली पुलिस चौकी प्रभारी पवन जायसवाल ने बताया कि बड़ी माता मंदिर राजगढ़ मुहल्ले में रहने वाले दो पक्षों में नाली टूट जाने को लेकर विवाद हो गया था दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफगाली गलौज कर लाठी-डंडों से मारपीट करने की शिकायत की थी लिखित तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है मामले की बिबेचना की जा रही है।

# कैट व उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की मांग पर खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए बड़ी राहत



**समय जगत, झांसी।** कैट व उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की मांग पर खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए बड़ी राहत ईज ऑफडूइंग बिज़नेस को बढ़ावा देने हेतु ऐतिहासिक सुधार, अब लाइसेंस होगा स्थाई, 12 लाख से टर्नओवर की सीमा बढ़ाकर हुई डेढ़ करोड़' !

**1 अप्रैल 2026 से नीति होगी लागू**

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी ने बताया कि कैट एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के निरंतर प्रयासों और केंद्र सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस नीति के अनुरूप फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया(थ्ै।प्) ने श्री जगत प्रकाश नड्डा जी, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के मार्गदर्शन में देशभर के खाद्य व्यवसाय में कार्य करने वाले व्यापारियों एवं अन्य वर्गों के लिए अनुपालन बोझ को कम करने तथा व्यवसाय को सुगम बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियामकीय सुधारों की घोषणा की है। सरकार द्वारा घोषित प्रमुख सुधार इस प्रकार हैं , पंजीकरण एवं लाइसेंस की स्थायी वैधता' अब के पंजीकरण और लाइसेंस की वैधता स्थायी होगी। पहले खाद्य व्यवसाय संचालकों को समय-समय पर पंजीकरण और लाइसेंस का नवीनीकरण कराना पड़ता था। इस निर्णय से कागजी कार्यवाही, अनुपालन लागत और लाइसेंसिंग अधिकारियों से बार-बार संपर्क की आवश्यकता में काफी कमी आएगी। , पंजीकरण के लिए टर्नओवर सीमा में बड़ी वृद्धि'के बेसिक पंजीकरण के लिए टर्नओवर सीमा ?12 लाख से बढ़ाकर ?1.5 करोड़ कर दी गई है (प्रभावीरू 1 अप्रैल 2026 से)।इससे सूक्ष्म और छोटे खाद्य व्यवसायों को बड़ी राहत मिलेगी , लाइसेंसिंग व्यवस्था का तार्किक पुनर्गठन'50 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिए राज्य लाइसेंस आवश्यक होगा।?50 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिए केंद्रीय लाइसेंस लागू होगा।, . स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए राहत' जो स्ट्रीट फूड वेंडर्स नगर निगम या टाउन वेंडिंग कमेटियों के साथ स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत हैं, उन्हें थ्ैप् में स्वतः पंजीकृत (क्ममउमक त्महपेजमतमक) माना जाएगा। जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणाली' अब एक प्रौद्योगिकी आधारित जोखिम-आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू की जाएगी। निरीक्षण निम्न आधारों पर किया जाएगा , खाद्य उत्पाद की प्रकृति , पूर्व अनुपालन रिकॉर्ड , तृतीय-पक्ष ऑडिट प्रदर्शन , निगरानी एवं प्रवर्तन से प्राप्त जानकारी इससे नियमों का पालन करने वाले व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा और अनावश्यक निरीक्षण कम होंगे। कैट व उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल का मानना है कि ये सुधार व्यापार-अनुकूल नियामकीय वातावरण बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए उच्च खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए व्यापारियों को राहत प्रदान करेंगे। 'खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारियों से अनुरोध है कि वे इन सुधारों का संज्ञान लें और अपने व्यवसाय चलाने को इसके अनुरूप व्यवस्थित करें।'

# हनुमान मंदिर मठ पर हुई कलश स्थापना



**समय जगत, गुरसराय।** समीपस्थ ग्राम खरका के श्री खेरापति हनुमान मंदिर के मठ पर कलश की स्थापना धूमधाम से की गई। श्री हनुमान मंदिर में कलश स्थापना का पावन कार्यक्रम श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सर्व प्रथम कलश की पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। हनुमान मंदिर के मठ पर कलश की स्थापना की धार्मिक रस्में पंडित रामस्वरूप बिदुआ ने पूरे धार्मिक रीति-रिवाज से संपन्न करवाई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हनुमान भक्तों ने भाग लेकर गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण व विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया।

कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्राम एकता और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक बना।

इस मौके पर महेश चंद्र बिदुआ, रंजीत सिंह यादव, राधे श्याम गुप्ता ,श्याम सिंह यादव, संजय निरंजन ,सतेंद्र पटेल,ब्रजनारायण गुप्ता, दीपू यादव,भजन लाल पांचाल, मनटोले पाल, हरमुन्ना चौकीदार, अखिलेश कुशवाहा, कल्लू प्रजापति, विवेक यादव,सुखराम कुशवाहा कारीगर, भारत सिंह बुंदेला, देशराज यादव,ओम प्रकाश यादव, जीतलाल यादव, सत्यप्रकाश पांचाल, कल्लू यादव,घनाराम, जग्गू, एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# युवा नेता पं. मयंक मिश्रा नोटा का जन्मदिवस धूम धाम से मनाया



**समय जगत, टहरौली।** युवा नेता पंडित मयंक मिश्रा नोटा का जन्मदिवस धूम धाम के साथ मनाया गया । इस मौके पर मौजूद उनके साथी मित्रगणों व ग्रामवासियों ने केक कटवाकर मयंक मिश्रा को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर कुशाग्र पांडेय, निशांत पांडे ,आयुष मिश्रा ,अंकित मिश्रा ,रब्बू सेन, सत्यम पस्तोर, संजू परिहार, रोहित परिहार ,शान्तनु मिश्रा करण पटेल ,मंगलम मिश्रा ,प्रिंस सेन, ऋषिराज गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

# शक्ति भवन में संपन्न हुई पेंशन अदालत

**समय जगत, लखनऊ/ झांसी ।** गत दिवस उ0प्र0 पावर कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन के अल्पाहार कक्ष (कैन्टीन) में त्रैमासिक पेंशन अदालत संपन्न हुई.। पेंशन अदालत में पेंशन/पारिवारिक पेंशन के कुल 8 (आठ) प्रकरण प्राप्त हुए,। जिसमें से दो केसो को त्वरित निस्तारित हेतु निर्देश दिया गया।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न



**समय जगत, बामौर।** ग्राम प्रधान/ स्थानीय प्राधिकारी/ जन प्रतिनिधि/ निकाय सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला यहां ब्लॉक मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमे शिक्षा से संबंधित कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। खण्ड शिक्षाधिकारी बामौर श्याम प्रकाश यादव की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चन्द्रभान साथ के मुख्य आतिथ्य तथा ललित पटेल के विशिष्ट आतिथ्य मे हुये इस शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे शिक्षा के उन्नयन हेतु जनप्रतिनिधि एवं बिभागीय बल दिया गया।खण्ड शिक्षाधिकारी श्याम प्रकाश यादव ने कायाकल्प छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यालयों में शौचालय निर्माण आदि कई बिन्दुओं पर ब्यापक चर्चा की । उन्होंने यह भी बताया कि बिन्दुओं पर उत्कृष्ट कार्य करके ब्लॉक बामौर ने जिले में प्रथम स्थान पाया है कार्यक्रम में चरण सिंह पटेल, संजय गुप्ता, अशोक कुमार, अनुज दुबे, वरूण त्रिपाठी, आशीष कौशिक, आदि उपस्थित रहे।

# डा. बी . के. गुप्ता को पितृ शोक



**समय जगत, झांसी।** दतिया जिले के विछोदना गांव निवासी , हाल निवास वीरांगना नगर के संतोष गुप्ता , परख पैथोलॉजी के संचालक डा. बी.के.गुप्ता , सतीश गुप्ता ग्लोबल हॉस्पिटल , राजू गुप्ता मनीषा मेडीकल स्टोर के पिता श्री घनश्याम दास गुप्ता का लगभग 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे करीब 4 माह से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे 4 बच्चे 2 बिटियां छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार आज विछोदन गांव में किया गया।

# सांसद अनुराग शर्मा ने मऊरानीपुर में किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण



**समय जगत, मऊरानीपुर ।** सशक्त गाँव, सशक्त झाँसी के अपने संकल्प को चरितार्थ करते हुए झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा जी ने मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत क्षेत्र में बिछाए गए सड़कों के जाल और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने हेतु नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण कर उन्होंने क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमति रश्मि आर्य , जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत नवनिर्मित वे महत्वपूर्ण मार्ग रहे, जो मऊरानीपुर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आवागमन के लिए जीवनरेखा साबित होंगे। सांसद श्री अनुराग शर्मा ने टी-05 कि.मी. 12 से अतरसुवां मार्ग (जिसमें खिरिया बाट, अचौसा, सेरिया सम्मिलित हैं), टी-01 कि.मी. 36 से सिजारा (इमिलिया से सिजारा), टी-01 कि.मी. 46 पण्डवाहा से बिजना (जिसमें पण्डवाहा, टोड़ी फ्तेहपुर, सुजवां, दुरवई सम्मिलित हैं) तथा टी-06 कि.मी. 7 टोड़ी फ्तेहपुर से रजवारा मार्ग का विधिवत लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त टी-03 कि.मी. 79 से खकौरा मार्ग के बन जाने से अब भण्डरा, घाट कोटरा, भानपुरा और कदौरा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा।

सांसद जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि मऊरानीपुर की प्रगति, विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलने वाली जीवनरेखा हैं।

विकास की इस कड़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए सांसद जी ने विकासखंड गुरसराय के ग्राम टोड़ी फ्तेहपुर में श्समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नवनिर्मित उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश की श्डबल इंजनश् सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को सशक्त बनाने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। यह नया विद्यालय भवन क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाओं और उज्ज्वल भविष्य की नई संभावनाओं का केंद्र बनेगा।अंत में सांसद अनुराग शर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों और विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को इन नई सौगातों के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के साझा प्रयासों से झाँसी लोकसभा का प्रत्येक गाँव विकास की मुख्यधारा से जुड़कर सशक्त बनेगा। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास कार्यों के प्रति उत्साह और आभार प्रकट किया।

**आम सूचना**

My affidavit of Service No 15502583F Rank DFR Name RAMKISHOR SINGH SENGAR Unit 59 ARMD c/o 56 APO. The Deponent named above do hereby solemnly affirm and state as follows- That I am service in Indian army. That in my service record my mother RAMADEVI DOB is entered as 01/07/1967 Where as his correct DOB 01/01/1976 be entered in the army record and my father JAGAT SINGH DOB is entered as 01/07/1962 where as his correct DOB 01/01/1965 be entered in the army record

**आम सूचना**

My affidavit of Service No 15502583F Rank DFR Name RAMK-ISHOR SINGH SEN-GAR Unit 59 ARMD c/o 56 APO. The Deponent named above do hereby solemnly affirm and state as follows- That I am service in Indian army. That in my service record my wife name and DOB is entered as MOHINI SENGAR 02/08/1990 Where as his correct name and DOB is entered as MOHNEE SINGH 01/01/1990 Which should be recorded in my army records